धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, शनिवार
22.03.2025

* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net

चैत्र, कृष्ण पक्ष, अष्टमी, संवत् 2081

मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 246



12 अगले वर्ष नक्सलवाद जड़ से होगा समाप्त

**रोजा का समय**

सेहरी (23.03.2025): 04.28 बजे
इफ्तार (22.03.2025): 06.02 बजे

Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

# क्रिकेट का सबसे बड़ा पर्व आइपीएल आज से

## कोलकाता में केकेआर और आरसीबी में पहली भिड़ंत, उद्घाटन समारोह में कई फिल्मी सितारे जलवा बिखेरेंगे

एजेंसी

**कोलकाता।** भारत के सबसे बड़े धर्म क्रिकेट का सबसे बड़ा त्योहार यानी आइपीएल 2025 का रोमांच 22 मार्च से शुरू हो जायेगा। आइपीएल के 18वें सत्र का शनिवार को इसका रंगारंग आगाज हो जायेगा। आइपीएल 2025 का आगाज गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच होने वाले मुकाबले से होगी।

यह मैच कोलकाता के ईडेन गार्डेंस स्टेडियम पर शाम 7.30 बजे शुरू होगा और टॉस इससे आधे घंटे पहले यानी शाम 7.00 बजे होगा। मैच के दौरान बारिश की संभावना जतायी गयी है। मैच से पहले उद्घाटन समारोह में बॉलीवुड के कई सितारे अपना जलवा बिखेरेंगे। फाइनल मुकाबला 25 मई को खेला जायेगा।

**दस टीमें, 13 शहर और 74 मैच :** आईपीएल 2025 में टूनार्मेंट में पिछले सीजन की तरह 10 टीमें खिताब के लिए लड़ रही हैं। कुल 74 मैच खेले जायेंगे। लीग स्टेज में 70 मैच होंगे। सभी 10 टीमें लीग स्टेज में 14-14 मैच खेलेंगी। सभी मैच कुल 13 शहरों में होंगे। ये शहर हैं- लखनऊ, हैदराबाद, दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, अहमदाबाद, विशाखापट्टनम, गुवाहाटी, बेंगलुरु, न्यू चंडीगढ़, जयपुर, कोलकाता और धर्मशाला।



### उद्घाटन समारोह में ये सितारे रहेंगे

आईपीएल 2025 के उद्घाटन समारोह में बॉलीवुड की मशहूर गायिका श्रेया घोषाल, पंजाबी गायक करण अहूजा और बॉलीवुड की अभिनेत्री दिशा पाटनी शामिल होंगी और प्रस्तुति देंगी। उद्घाटन समारोह स्टार स्पोर्ट्स के चैनलों पर देखा जा सकेगा।

### मुंबई-चेन्नई के नाम सर्वाधिक खिताब

केकेआर ने सनराइजर्स हैदराबाद को हराकर आइपीएल 2024 का खिताब जीता था, लेकिन उसके कप्तान श्रेयस अय्यर अब पंजाब को लीड करते दिखेंगे। सबसे अधिक ट्रॉफी जीतने का रिकॉर्ड मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स के नाम है।

### मैच पर बारिश का साया

बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) के अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली ने बताया कि उद्घाटन समारोह मैच शुरू होने से पहले होगा और 35 मिनट तक चलेगा। टॉस से पहले कार्यक्रम शुरू होगा। मैच के दौरान बारिश की संभावना है ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि उद्घाटन समारोह या मैच में किसी तरह बाधा ना आये। गांगुली ने कहा, बीसीसीआइ ने हमें उद्घाटन समारोह के लिए 35 मिनट का वक्त दिया है। इस दौरान हमें पूरा कार्यक्रम आयोजित करना होगा, जैसा कि हर साल होता है।

## न्यूज डायरी

### पत्नी की हत्या कर पति ने भी कर ली खुदकुशी

**मेदिनीनगर।** आपसी झगड़े के चलते पति ने पहले पत्नी की हत्या कर दी और फिर खुदकुशी कर ली। घर से 1 किलोमीटर दूर पति का शव मिला। घटना नावाबाजार थाना क्षेत्र के ईटको गांव की है। पुलिस के मुताबिक पति ने पहले पत्नी की हत्या की और बाद में खुद भी सुसाइड कर लिया। पुलिस ने दोनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस यह पता लगा रही है कि घटना की असल वजह क्या रही है।

### बेहतर इलाज के लिए वित्त मंत्री दिल्ली भेजे गये

**रांची।** वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर को बेहतर इलाज के लिए शुक्रवार को विशेष विमान से दिल्ली ले जाया गया है। एयरपोर्ट स्थित स्टेट हैंगर में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उनसे मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। दो दिन पहले अचानक वित्त मंत्री की तबीयत बिगड़ गयी थी। सांस लेने में तकलीफ होने के बाद उन्हें ऑर्किड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। इसके बाद चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए दिल्ली स्थित मेडिका में रेफर कर दिया है।

### भाजपा चंपई दा का कर रही अपमान : शिक्षा मंत्री

**रांची।** शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने भाजपा पर अपने दल में शामिल आदिवासी नेताओं का अपमान करने का आरोप लगाया है। विधानसभा परिसर में मीडियाकर्मियों से बात में रामदास सोरेन ने कहा कि भाजपा ने चंपाई सोरेन को सीएम बनाने व बेटे को मंत्री बनाने का प्रलोभन देकर पार्टी में शामिल किया था। पर ऐसा हुआ नहीं, अब स्थितियां बदल चुकी हैं। उन्होंने भाजपा पर आदिवासी नेताओं को सम्मान नहीं देने का आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी के अंदर जो भी आदिवासी नेता हैं उन्हें केकड़ा बनाकर रख दिया गया है।

### भाजपा के 18 विधायक छह माह तक निलंबित

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में भाजपा के 18 विधायकों को विधानसभा अध्यक्ष की कुर्सी का अनादर करने और अभद्र व्यवहार करने के कारण शुक्रवार को छह महीने के लिए विधानसभा से निलंबित कर दिया गया। सत्ता पक्ष ने इस फैसले का समर्थन किया है। विधानसभा अध्यक्ष यू टी खादर ने इन 18 विधायकों को निलंबित करने के फैसले की घोषणा की।

# बारिश, ओला, तूफान ने तोड़ी किसानों की कमर

## फसलें बर्बाद, मंत्री ने क्षति का आकलन कर रिपोर्ट मांगी

### किसानों को मुआवजा देने का दिया आश्वासन

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। पिछले 24 घंटों में राज्य के तमाम इलाकों में तेज आंधी, बारिश और आलावृष्टि से खेलों में लगीं फसलें बर्बाद हो गयी हैं। मौसम में बदलाव से आम लोगों को तो गर्मी से थोड़ी राहत है,पर किसनों की कमर टूट गयी है। उन्हें भारी क्षति उठानी पड़ी है। तेज हवा, मेघ गर्जन और वज्रपात के साथ साथ ओलावृष्टि से फसल को हुए नुकसान को ले कर मंत्रियों ने किसानों को राहत देने की बात कही है।

शुक्रवार को भी आसमानी बिजली गिरने से अबतक एक व्यक्ति की मौत और कई के घायल होने की खबर है। 20 मार्च की शाम से ही रांची और आसपास के इलाकों में मेघ गर्जन और तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश के साथ साथ कई इलाकों में ओलावृष्टि हुई है। बारिश के कारण अधिकतम तापमान में 13.8 डिग्री सेल्सियस तक की कमी आयी है और लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। (शेष पेज 11 पर)



## झारखंड में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने में लगे हैं : सीएम

# जीवन शैली बदलें, कई घातक बीमारियों से बचें

### बीमारियों की पहचान व इलाज को ले हेल्थ रिपोर्ट कार्ड बनाना जरूरी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि जीवन शैली में बदलाव और जेनेटिक कारणों से डायबिटीज, कैंसर, हृदय रोग और अस्थमा जैसी कई गैर संचारी बीमारियां तेजी से लोगों को अपनी गिरफ्त में ले रही हैं। इन बीमारियों का सामना आज हर घर में किया जा रहा है। यदि हम अपनी स्वास्थ्य संबंधी आदतों में सुधार नहीं करेंगे, तो ये बीमारियां हमारे जीवन के लिये गंभीर खतरा बन सकती हैं। सीएम शुक्रवार को विधानसभा में स्पीकर डॉ रवींद्रनाथ महतो की अध्यक्षता में यूनिसेफ द्वारा आयोजित राउंड टेबल ऑन प्रीवेंटिंग चाइल्डहुड नॉन कम्युनिकेबल डिजीज थ्रू हेल्दी डाइट्स कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।



**जीवन शैलीबदलना जरूरी :** सीएम श्री सोरेन ने कहा कि कैंसर और हृदय रोग जैसी गैर संचारी बीमारियों से बचने के लिए हमें अपनी जीवन शैली में बदलाव लाना जरूरी है। (शेष पेज 11 पर)

### खानपान में करें मिलेट्स का उपयोग

मुख्यमंत्री ने कहा कि आजकल की नई बीमारियों का एक मुख्य कारण हमारा खानपान है। जंक फूड्स का अधिक सेवन बच्चों को बीमार बना रहा है। हमें अपने खानपान में लोकल इंडिजिनस फूड्स (मिलेट्स) का उपयोग करना चाहिये। बच्चों को जंक फूड्स के बजाय हेल्दी डाइट्स देना चाहिए। कई बच्चों में जन्म के समय से ही विभिन्न बीमारियां होती हैं। यदि इन बीमारियों का समय पर इलाज नहीं किया जाता, तो बच्चे की स्थिति गंभीर हो सकती है। नवजातों में होने वाली बीमारियों की प्रॉपर जांच और इलाज की व्यवस्था की जानी चाहिए। इस दिशा में सरकार ने कई ठोस कदम उठाये हैं।

## चिकित्सक नियुक्ति मामले में सीबीआइ को हाइकोर्ट का निर्देश

# सीलबंद आंसर शीट पेश करें

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची ।** झारखंड हाईकोर्ट ने वर्ष 2008 में हुई चिकित्सक नियुक्ति परीक्षा की आंसर शीट सीलबंद कर कोर्ट में पेश करने का निर्देश सीबीआई को दिया है।

जस्टिस आनंद सेन की अदालत ने शुक्रवार को एक याचिका पर सुनवाई करते हुए सीबीआई को प्रतिवादी बनाया और प्रार्थी की आंसर शीट कोर्ट में पेश करने का निर्देश दिया। इस संबंध में डॉ नकुल यादव ने याचिका दायर की है। याचिका में कहा गया है कि वर्ष 2008 में चिकित्सक नियुक्ति परीक्षा में चयनित अभ्यर्थी से अधिक अंक लाने के बावजूद जेपीएससी ने उनका चयन नहीं किया। प्रार्थी ने कोर्ट से उत्तर पुस्तिका पेश करने का आग्रह किया। जेपीएससी की ओर से बताया गया कि जेपीएससी की दिल्ली की टीम इस मामले की जांच कर रही है।

### चार सप्ताह का समय

सभी उत्तर पुस्तिकाएं सीबीआई ने जब्त की हैं। इस पर अदालत ने सीबीआई को प्रतिवादी बनाते हुए चार सप्ताह में उत्तरपुस्तिका सीलबंद कर कोर्ट में पेश करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद होगी।

# बहुत जानकार हैं सोनू, हर बात पर फुदकते हैं : इरफान

## अंसारी, मर्यादा में रह कर जवाब दें : सुदिव्य

### सदन में दो मंत्रियों के बीच नोंकझोंक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** विधानसभा बजट सत्र के 15वें दिन शुक्रवार को स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी और कार्यकारी संसदीय कार्य मंत्री सुदिव्य सोनू के बीच हुई बहस से सदन का माहौल गर्म हो गया। कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव की ओर से गोड्डा में नर्सिंग कॉलेज के मुद्दे पर सवाल-जवाब के दौरान दोनों मंत्रियों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने सुदिव्य सोनू की एक टिप्पणी पर जवाब देते हुए कहा कि वे बहुत जानकार हो गये हैं। इस कारण वह हर बात पर फुदकने लगते हैं। इस पर सुदिव्य कुमार सोनू ने भी कहा, श्री अंसारी मर्यादा में रह कर ही कोई बात कहें। विधायक प्रदीप यादव ने भी सुदिव्य सोनू का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि वे संसदीय कार्य की जिम्मेदारी निभा रहे हैं।





तारांकित प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने गोड्डा में नर्सिंग कॉलेज शुरू करने का मुद्दा उठाया। इस सवाल का जवाब इरफान अंसारी ने दिया। इरफान अंसारी जामताड़ा से विधायक हैं। उन्होंने प्रदीप यादव से कहा कि आप पांच बार के विधायक हैं। अभी तक आप नर्सिंग कॉलेज नहीं बनवा सके। कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने मंत्री इरफान अंसारी के जवाब पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि सवाल को ठीक से पढ़ लीजिये। गोड्डा में नर्सिंग कॉलेज बनकर तैयार है। उन्होंने मंत्री से पूछा कि वहां पढ़ाई कब से शुरू होगी। साथ ही यह भी बतायें कि यह कॉलेज कब बना है। इसके बाद प्रदीप यादव का सवाल सुनकर मंत्री इरफान अंसारी ने थोड़ा अटपटा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि आप ही बता दें, यह कब बना है। इस बीच, संसदीय कार्य मंत्री का जिम्मा संभाल रहे सुदिव्य कुमार सोनू उठे। उन्होंने कहा कि ऑब्जेक्टिव जवाब देना चाहिए।

### आज रांची बंद , चक्का जाम प्रशासन ने दी चेतावनी

**रांची।** सिरम टोली फ्लाईओवर को लेकर सरना समिति ने शनिवार को रांची बंद का एलान किया है। बंद की पूर्व संध्या पर समर्थकों ने शुक्रवार को शहर में मशाल जुलूस निकाल कर बंद में सहयोग की अपील की। समर्थकों ने कहा कि उनका आंदोलन शांतिपूर्ण रहेगा। आवश्यक सेवाओं को बंद से मुक्त रखा गया है। वहीं रांची में बंद को लेकर रांची पुलिस प्रशासन सतर्क है। बंद समर्थकों को चेतावनी दी गयी है कि अगर उन्होंने बंद के दौरान कोई भी गैर कानूनी कार्य किया तो उन पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। आदेश में कहा गया है कि अगर किसी भी प्रकार का कोई भी गैर कानूनी कार्य किया जाता है तो प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा।

**गहना आभूषण**

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 80200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 104000 रु./प्रति किलो |





# भारत का कोयला उत्पादन 1 अरब टन, पीएम बोले गर्व की बात

### भारत ने रचा इतिहास

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने शुक्रवार को देश की एक अरब टन कोयला उत्पादन की ऐतिहासिक उपलब्धि की सराहना की है। उन्होंने कहा, भारत ने इतिहास रच दिया। 1 अरब टन कोयला उत्पादन का मील का पत्थर पार कर लिया। यह देश के लिए गर्व का क्षण है। इससे पहले केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक पोस्ट में एक बिलियन टन कोयला उत्पादन का ऐतिहासिक आंकड़ा पार करने की जानकारी दी है।

पीएम ने भारत की उपलब्धि की सराहना की और ऊर्जा सुरक्षा, आर्थिक विकास और आत्मनिर्भरता के प्रति देश की अटूट प्रतिबद्धता पर जोर दिया।





**आत्मनिर्भर भारत :** पीएम मोदी ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को मजबूत करते हुए, इस उपलब्धि से भारत के ऊर्जा क्षेत्र को और मजबूती मिलने और आयात पर निर्भरता कम होने की उम्मीद है। पीएम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, भारत के लिए गर्व का क्षण! यह उपलब्धि इस क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों के समर्पण और कड़ी मेहनत को भी दर्शाती है।

### बिजली की बढ़ती मांग पूरी होगी

केंद्रीय मंत्री ने कहा, कोयला उत्पादन का देश ने बड़ा आंकड़ा पार कर लिया है! अत्याधुनिक तकनीकों और कुशल तरीकों से, हमने न केवल उत्पादन बढ़ाया है, बल्कि टिकाऊ और जिम्मेदार खनन भी सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि हमारी बढ़ती बिजली की मांग को पूरा करेगी। आर्थिक विकास को गति देगी और पीएम मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में हर भारतीय के लिए एक उज्जवल भविष्य सुनिश्चित करेगी। इस सप्ताह की शुरूआत में, केंद्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में बिजली क्षेत्र को 906.1 मिलियन टन) कोयले की आपूर्ति करने का लक्ष्य रखा। कोयला मंत्रालय ने अगले वित्तीय वर्ष के लिए कोयले की आवश्यकताओं के संबंध में बिजली मंत्रालय के अनुरोध के बाद संसद के साथ इस योजना को साझा किया। मंत्रालय एक प्रतिस्पर्धी और पारदर्शी बाजार बनाने तथा क्षेत्र को और आधुनिक बनाने के लिए कोयला व्यापार एक्सचेंज की स्थापना पर भी विचार कर रहा है।

# ओडीएफ का टारगेट राज्य में मात्र 25% ही पूरा

### स्थिति चिंताजनक लक्ष्य पाने की ठोस रणनीति बनानी होगी

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखंड में ओडीएफ (खुले में शौच मुक्त अभियान) की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य के मुकाबले राज्य में सिर्फ 25% कार्य ही पूरा हो सका है। यह आंकड़ा स्वच्छ भारत मिशन के तहत झारखंड में शौचालय निर्माण और स्वच्छता को लेकर किये गये प्रयासों पर सवाल खड़े करता है। इस मामले पर राज्य के स्वच्छता विभाग के स्टेट को-ऑर्डिनेटर नितिन कुमार से हजारीबाग सर्किट हाउस में खबर मन्त्र संवाददाता ने बातचीत की। जिले में ओडीएफ की स्थिति का ज्यादा लेने वह हजारीबाग आये थे।



**ठोस नीति बनानी होगी :** बातचीत में उन्होंने कहा कि ओडीएफ के निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने के लिए प्रशासन को ठोस रणनीति अपनानी होगी। सरकार और स्थानीय प्रशासन ने अभियान को सफल बनाने की कई योजनाएं चलायी, लेकिन जमीनी स्तर पर इनका असर उम्मीद के मुताबिक नहीं दिखा। (शेष पेज 11 पर)

## साक्ष्य के अभाव में सुदेश महतो बरी

रांची। आचार संहिता उल्लंघन से जुड़े सात साल पुराने मामले में आरोपी आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो को अदालत ने पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। शुक्रवार को एमपी-एमएलए के विशेष न्यायाधीश सार्थक शर्मा की अदालत ने मामले में सुदेश महतो को बरी किया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता भरत चंद्र महतो ने बताया कि मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से पांच गवाहों को प्रस्तुत किया गया था लेकिन, घटना को साबित नहीं किया जा सका। मामले को लेकर 7 मई 2018 को कोतवाली थाने में सुदेश महतो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। सिल्ली उपचुनाव में नामांकन पत्र दाखिल करने में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप था।

### विधानसभा के बजट सत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच प्रश्नकाल

# सीएनटी-एसपीटी को विधानसभा नहीं कर सकती संशोधन : दीपक बिरूआ

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। एक सवाल के जवाब में भू राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि सीएनटी और एसपीटी को विधानसभा संशोधित नहीं कर सकती है। न्यायालय प्रतिकूल निर्णय नहीं दे सकता है और ना ही कोई सक्षम विधानसभा की शक्ति के अधीन रहते हुए इसे संशोधित किया जा सकता है। वे सदन में राजेश कच्छप के सवाल का जवाब दे रहे थे।

इधर, स्वास्थ्य मंत्री ने भाजपा के राज सिन्हा के एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में कोई गड़बड़ी बर्दास्त नहीं की जायेगी। राज सिन्हा ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के 50 करोड़ की वित्तीय अनियमितता हुई है। इसमें जननी सुरक्षा योजना, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, महिला बंध्याकरण और मोतियाबिंद ऑपरेशन के नाम पर राशि खर्च कर दी गई। वित्त वर्ष 2023-24 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कुल 99925 महिलाओं का बंध्याकरण किया गया। कुल 3212 मोतियाबिंद कैंप आयोजित किये गये, जिसमें लाभुकों की संख्या 241062 है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत कुल 5905711 बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गयी है। जननी सुरक्षा योजना अंतर्गत कुल 842297 महिला लाभान्वित हुई।

### प्रश्नकाल के दौरान हेमलाल मुर्मू ने अपनी सरकार के मंत्री को घेरा

झामुमो विधायक हेमलाल मुर्मू ने कहा कि बिल्डिंग और गेट बनाने से नहीं होगा। रिनपास को यूनिवर्सिटी का दर्जा दिलायें। प्रभारी निदेशक के भरोसे ही चल रहा है। उन्होंने कहा कि रांची के कांके को मेंटल हॉस्पिटल के नाम से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि अब तो टेली मेडिसिन भी नहीं हो रहा है, दवा भी उपलब्ध नहीं है। इसपर इरफान अंसारी ने कहा कि टेली मेडिसिन की सुविधा देंगे, तुरंत चमत्कार नहीं हो सकता है। सभी जिले में दवा उलब्ध है।

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि 54 करोड़ 90 लाख रुपये से रिनपास के भवन का निर्माण होगा। इधर, कांग्रेस विधायक ममता देवी के सवाल पर सरकार ने सदन में आश्वासन दिया कि सिपाही की भर्ती



परीक्षा पर जल्द निर्णय लिया जायेगा। प्रभारी मंत्री ने सदन को बताया कि कतिपय विसंगतियों के कारण भर्ती परीक्षा स्थगित की गई थी। अब उन जटिलताओं को दूर कर लिया जा रहा है। सरकार जल्द निर्णय लेगी।

ममता देवी ने अपने ध्यानाकर्षण के माध्यम से यह पूछा था कि 4919 पदों के लिये 22 जनवरी 2024 से 23 फरवरी 2024 तक आवेदन आमंत्रित किये गये थे। हजारों युवकों ने आरक्षी पद के लिये आवेदन किया था। लेकिन, इसे बीच में स्थगित कर दिया गया। इसके लिये कई कारण बताये गये। संयुक्त भर्ती नियमावली बनाने की बात कही गई। अब संयुक्त भर्ती नियमावली भी बन गई है। सरकार को युवाओं के हित में जल्द निर्णय लेना चाहिये।

## पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की 47 करोड़ से अधिक की अनुदान मांग पारित

■ भोजनावकाश के बाद चर्चा में पक्ष-विपक्ष के कई सदस्यों ने हिस्सा लिया

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। सदन में शुक्रवार को चर्चा पर सरकार की ओर से जवाब देते हुए राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री पर योगेंद्र प्रसाद ने विभाग की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अवैध तरीके से खुदाई करके कोई भी पानी का व्यापारीकरण नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि 25-26 वित्त वर्ष में पुरानी 436 योजनाओं को पूरा करने का काम किया जायेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के उत्पाद एवं मध्य निषेध विभाग वर्ष 2024.25 के अपने निर्धारित 2700 करोड़ के राजस्व लक्ष्य के विरुद्ध 20 मार्च 2025 तक 2681 करोड़ रुपये की राजस्व वसूली कर ली है। बाद में सदन ने भाजपा के सीपी सिंह की ओर से लाए गए कटौती प्रस्ताव को अस्वीकृत कर दिया पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की 47 अरब 10 करोड़ रुपये से अधिक की अनुदान मांग को ध्वनिमत से मंजूरी प्रदान कर दी। इसके साथ ही स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने सदन की कार्यवाही शनिवार को 10 बजे दिन तक के लिए स्थगित कर दी।

### जदयू नेता संतोष कुमार सोनी का आरोप

## खाद्य आपूर्ति विभाग व ठेकेदार की मिली भगत से करोड़ों का घोटाला

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। जदयू के प्रदेश महामंत्री संतोष कुमार सोनी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर खाद आपूर्ति विभाग और ठेकेदार के द्वारा मिली भगत करके राज्य सरकार का करोड़ों रुपये गबन करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि राज्य में 24 जिलों का टेंडर हुआ जिस जिले में ज्यादा रेट में टेंडर हुआ उसको तुरंत एग्रीमेंट करके वर्क आर्डर दे दिया गया, क्योंकि उस जिला में पहले कम रेट में काम चल रहा था और जीस जिला में कम रेट में टेंडर हुआ और पहले ज्यादा रेट में था और अभी आधा रेट में टेंडर हुआ जैसे चतरा, रामगढ़ है उस जिला का एग्रीमेंट नहीं करके पुराना रेट में ही एक्सटेंशन पर एक्सटेंशन दिया जा रहा है। जबकि टेंडर की अवधि 120 दिन का ही था, जो महीनों पर हो गया है।

उन्होंने कहा है कि नियम के अनुसार उस ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट कर के या तो किसी बगल जिला को टैग किया जाता है या नहीं तो टेंडर में जो एल-2 होता है उसे टेंडर दिया जाता है। उन्होंने कहा है कि इसके साथ ही कई ऐसे जिला भी है जिसमें सिंगल बीड पर ही टेंडर दे दिया गया जैसे धनबाद, गोड्डा, गुमला या तो यहां पर सेकंड पार्टी को धन से या बल से दबाया गया है तभी वह लोग टेंडर में बोली नहीं लगा पाए यह जांच का विषय है। उन्होंने कहा है कि यदि राज्य खाद आपूर्ति के प्रबंध निदेशक अभिलंब कार्रवाई नहीं करते हैं तो मुझे उच्च न्यायालय के शरण में जाना पड़ेगा।

## जमीन की खरीद-बिक्री के लिए एलपीसी नहीं अनिवार्य : दीपक बिरूआ

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि अब जमीन की खरीद बिक्री के लिए एलपीसी अनिवार्य नहीं होगा। सिर्फ खतियान, म्यूटेशन का करेक्शन स्लिप से ही जमीन की खरीद बिक्री की जा सकेगी। कहीं भी रोक नहीं है। वो सदन में प्रदीप प्रसाद के सवाल का जवाब दे रहे थे। इसके बाद एकेडमिक के लिये प्रयास करेंगे। यूनिवर्सिटी के लिए भी प्रयासरत हैं। लुईस मरांडी ने दुमका के रामगढ़ प्रखंड में आइटीआइ की स्थापना का मुद्दा उठाया। इस पर मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि अगले वित्तीय वर्ष में आइटीआइ की स्थापना की जायेगी।


**Affidavit**

I Roshan Singh (Aadhar No. 4563 1722 7762), S/o Pramod Kumar Singh, Permanent Resident of Near Samudayik Bhawan, Tupudana, Post-Hatiya, Distt- Ranchi, Jharkhand-834003, do hereby solemnly affirm and declare as follows:-

1. That I am an Indian Citizen and Residing at above mentioned address.
2. That my name 'Roshan Singh' is true and correct but unfortunately my name becomes 'Digvijay Singh' in my Aadhar Card.
3. That both 'Roshan Singh' and 'Digvijay Singh' are the name of same person who is me.
4. That I am making this Affidavit for the purpose of changing my name in my Aadhar Card.
5. That all the statements are above mentioned is and correct to the best of my knowledge and belief. If found wrong, I shall be responsible for it.

Ref. No. 355A (Dated-25-12-2024)

**शपथ पत्र**

Series No. 23-24/SI 17946

समक्ष नोटरी पब्लिक, राँची।

मैं मो० शाहीद पिता-अरशद अयुब, ग्राम-कॉठीटॉड, रातु पोस्ट- रातु थाना- रातु जिला, पिन कोड 835222 (झारखण्ड) का स्थायी निवासी हूं। मैं शपथ पुवर्क निम्न व्यान करता हूं, जो मेरे जानकारी में सही एवं सत्य है :-

1. यह कि मैं भारतीय नागरिक एवं उक्त पते का स्थायी निवासी हूँ।
2. यह कि मेरा वास्तदिक नाम मो. शाहीद है। एवं सही जन्म तिथि-10/01/2005 ई. है जो मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में दर्ज है।
3. यह कि मेरे नाम से आधार कार्ड संख्या-9319 6931 8042 निर्गत है। जिसमें मेरा घरेलु एवं पुकारू नाम मो. राज दर्ज है। एवं जन्म वर्ष-2004 दर्ज है। जो गलत है।
4. यह कि मो. शाहीद एवं मो. राज दोनो एक ही व्यक्ति का नाम है जो में ही हूं।
5. यह कि यह शपथ पत्र में आधार कार्ड में मो. राज के स्थान पर सही नाम-मी. शाहीद एवं जन्म वर्ष 2004 के स्थान पर सही जन्म तिथि-10/01/2005 सुधार करवाने हेतू बना रहा हूँ।

6. यह कि उपरोक्त समस्त बाते सत्य एवं सही है। गलत पाये जाने पर में जिम्मेवार होऊँगा।


## हवा में प्रश्न न करें, अखबार माध्यम से क्यों जांच करें : डॉ. इरफान अंसारी

खबर मन्त्र ब्यूरो





रांची। बजट सत्र के दौरान शुक्रवार को राज सिन्हा के सवाल का जवाब देते हुये इरफान अंसारी ने कहा कि जननी योजना में गड़बड़ी हुई है। जांच चल रही है। कार्रवाई का आदेश दिया गया है। 24 जिला में 31 करोड़ रुपये दिये गये हैं तो 50 करोड़ की अनियमितता कहां से हुई। उन्होंने कहा कि हवा में प्रश्न न करें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में कोई गड़बड़ी बर्दास्त नहीं की जायेगी। अखबार के माध्यम से क्यों जांच करें।

दरअसल, राज सिन्हा ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में 50 करोड़ की वित्तीय अनियमितता हुई है। इसमें जननी सुरक्षा योजना, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, महिला बंध्याकरण और मोतियाबिंद ऑपरेशन के नाम पर राशि खर्च कर दी गई। मंत्री ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कुल 99925 महिलाओं का बंध्याकरण किया गया। कुल 3212 मोतियाबिंद कैंप आयोजित किये गये। इसमें लाभुकों की संख्या 241062 है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत कुल 5905711 बच्चों का स्वास्थ्य जांच किया गया है। जननी सुरक्षा योजना अंतर्गत कुल 842297 महिला लाभान्वित हुई है। कोडरमा एवं गोड्डा जिले में जननी सुरक्षा योजना के तहत बरती गयी अनियमितता से संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

**दुखी मन से कर रहा हूं आग्रह : प्रदीप यादव**

कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने स्पीकर से कहा कि दुखी मन से आग्रह कर रहा हूं। छठी बार मेरे प्रश्न का उत्तर नहीं मिला। आसन को कठोर होना चाहिये। स्पीकर ने कहा कि जो-जो प्रश्न का उत्तर नहीं मिला है, उसे लिखकर दें।

### पांच साल से भागे अपराधियों की लिखी जा चुकी है कुंडली : योगेंद्र

रांची। विधानसभा के बजट सत्र के दौरान शुक्रवार को पेयजल, गृह, उत्पाद विभाग के अनुदान मांग पर बोले हुये मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि हमारी पुलिस ने पुरुषार्थ दिखाई है। पुरुषार्थ पर अंकुश विपक्ष लगाता है। 95 फीसदी जटिल केस का पुलिस ने उद्भेदन कर दिया है, जो अपराधी पांच साल से भागे हुये हैं उनकी भी कुंडली लिखी जा चुकी है। उनको भी अंदर जाना होगा। उन्होंने कहा कि अपराध की श्रेणी पर तय होगा कि इधर जाना है कि उधर। उत्पाद विभाग पर कहा कि वित्त वर्ष 2024.25 में 2700 करोड़ राजस्व का लक्ष्य रखा गया है। इसमें अब तक 2681 करोड़ रुपए की प्राप्ति हो चुकी है। इससे पहले जयराम महतो ने कहा कि हजारीबाग में होमगार्ड की बहाली की प्रक्रिया पूरी की जाये।

### गृह विभाग ने आवंटित किये 19.31 करोड़

## चौकीदारों-दफादारों को मिलेगा वेतन, वर्दी भत्ता

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। चौकीदार और दफादारों के वेतन और वर्दी भत्ते के लिए 19.31 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। यह राशि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए दी गयी है। 19.31 करोड़ आवंटित राशि में से 19.14 करोड़ रुपये सात जिलों के चौकीदारों और दफादारों के वेतन के लिए हैं, जबकि तीन जिलों के लिए 16.62 लाख रुपये वर्दी भत्ते के लिए आवंटित किये गये हैं। जिला कोषागार से यह राशि निकाली जायेगी। गृह विभाग ने डीसी को निर्देश दिया है कि वे चौकीदारों और दफादारों को समय पर वेतन का भुगतान करायें।

**किस जिले को कितनी राशि मिली**

दुमका : 4 करोड़, लातेहार : 1.65 करोड़, बोकारो : 3.41 करोड़, गिरिडीह : 1.75 करोड़, जामताड़ा : 5.83 करोड़, रामगढ़ : 1.16 करोड़, कोडरमा : 1.33 करोड़।

**तीन जिलों के चौकीदार-दफादार के लिए वर्दी भत्ता आवंटित**

लातेहार : 4.52 लाख, जामताड़ा : 8.90 लाख, कोडरमा : 3.20 करोड़

**झारखंड में हैं 10,000 चौकीदारों और 200 दफादार** : झारखंड में 10,000 चौकीदार और 200 दफादार हैं। हर एक चौकीदार एक थाना के तहत 10 गांवों की निगरानी करता है और उन्हें 20,000 रुपये वेतन मिलता है।


अल्पकालीन सूचना पटट निविदा हेतू अल्पकालीन सूचना

**महानिदेशक-सह-महासमादेष्टा गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा का कार्यालय, झारखण्ड, रॉंची**

**शुद्धि-पत्र**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–537/आपूर्ति, दिनांक–18.03.2025 के माध्यम से झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी अन्तर्गत 200(दो सौ) अदद बेड कॉट के क्रय हेतु विभिन्न समाचार पत्रों में निविदा का प्रकाशन किया गया है, जिसका PR NO.-348642 Police(24-25)#D है। उक्त निविदा में संशोधन करते हुए 500(पाँच सौ) अदद बेड कॉट के क्रय हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है।

निविदा समर्पित करने की तिथि दिनांक–22.03.2025 तक है। इच्छुक विक्रेता/आपूर्तिकर्त्ता, न्यूनतम दर, कार्यालय अवधि के दौरान अद्योहस्ताक्षरी के नाम से उपलब्ध करा सकते हैं। निविदा संबंधी विवरण कार्यालय के सूचना पट्ट पर प्रकाशित की गई है।

महानिदेशक–सह–महासमादेष्टा,
गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा,
झारखण्ड, रॉंची

PR 348912 Police (24-25)_D


## ईडी ने आलमगीर आलम के तत्कालीन आप्त सचिव के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति मांगी

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। प्रवर्तन निदेशालय ने पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के तत्कालीन आप्त सचिव संजीव लाल के खिलाफ सरकार से अभियोजन स्वीकृति मांगी है। ईडी ने संजीव लाल के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति के लिए लिखे पत्र के साथ उसकी गड़बड़ियों से संबंधित दस्तावेज भी भेजे हैं।

इससे पहले ईडी ने पीएमएलए की धारा 66 (2) के तहत जांच में मिली सूचनाओं को सरकार के साथ साझा करते हुए प्राथमिकी दर्ज करने की अनुशंसा की थी। हालांकि सरकार के स्तर से प्राथमिकी दर्ज किये जाने की सूचना नहीं है। दरअसल ईडी ने संजीव लाल के घर और कार्यालय की तलाशी ली थी। इस दौरान ईडी ने संजीव लाल के ठिकानों से 10 लाख रुपये नकद सहित चल और अचल संपत्ति से संबंधित दस्तावेज जब्त किये थे।

इस मामले की जांच के दौरान ईडी ने ठेकेदार मुन्ना सिंह को समन कर पूछताछ के लिए बुलाया था। मुन्ना सिंह ने संजीव लाल को कमीशन के तौर पर 53 करोड़ रुपये वसूलकर देने की बात कही थी। पूछताछ के दौरान संजीव लाल ने कमीशन में अपने हिस्से के रूप में 2.05 करोड़ रुपये लेने की बात स्वीकार भी की थी, लेकिन उसने इस राशि के खर्च का कोई ब्योरा नहीं दिया था।

जांच में यह भी पाया गया कि संजीव लाल ने अपनी पत्नी रीता लाल के नाम पर खूंटी जिले में 3.56 एकड़ कृषि भूमि खरीदी है। ईडी ने इस जमीन के सिलसिले में रीता लाल से भी पूछताछ की, लेकिन वह पैसे के स्रोत के बारे में जानकारी नहीं दे सकी। जांच के दौरान संजीव लाल के खाते में भारी नकद राशि जमा होने की पुष्टि हुई थी। संजीव लाल की आमदनी और बैंक खाते में जमा राशि में बड़ा अंतर पाया गया था।

## गलत पार्टी के चक्कर में पड़े हैं बाबूलाल : हेमलाल मुर्मू

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। बजट सत्र के दौरान शुक्रवार को हेमलाल मुर्मू ने कहा कि बाबूलाल मरांडी गलत पार्टी के चक्कर में पड़े हैं। इसलिए हम पहले ही भाग गये। धोखा देकर 12 बजे रात में बाबूलाल मरांडी का शपथ ग्रहण कराया। यहीं पर गड़बड़ हो गयी। उन्होंने कहा कि जब 1932 का मामला आया तो बाबूलाल को रास्ता दिखा दिया गया। हम तो झटक गये थे। इसलिये, इधर सटक गये। विपक्ष हर बात पर खोरचा लगाते रहेंगे। पीआईएल दाखिल करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन पूरे देश के आईकॉन हैं। हम 1932 के पक्षधर हैं। इसे लागू करेंगे। हेमंत को रिपलेस करने की संभावना दूर दूर तक नहीं है। उन्होंने रघुवर दास पर निशाना साधते हुये कहा कि तत्कालीन सीएम ने लिट्टीपाड़ा में पेयजल आपूर्ति के लिये 217 करोड़ की योजना स्वीकृत की। इसका 70 फीसदी राशि खर्च हो गयी। पर एक बूंद पानी नहीं मिला। ये जांच का विषय है। ये लोग बाहर से फायर ब्रांड नेता को बुलाते हैं, जो अपने ढंग से चलाने का काम करते हैं। गावबधान भी फायर ब्रांड नेता थे थे। इस सब का मंसूबा खत्म हो गया।


**Jharkhand BijliVitran Nigam Limited**

(CIN : U40108JH2013SGC001702)

Regd. Office : Engineering Building, H.E.C., Dhurwa, Ranchi-834004, Telephone :-0651-2400799 & Fax : 0651-2400799

https://www.jbvnl.co.in

**E-Tender Notice No. 361_/PR/JBVNL/24-25**

Jharkhand BijliVitran Nigam Limited, Engineering Building, HEC Admin, Dhurwa, Ranchi – 834004, Jharkhand invites E-tender for bid from eligible Bidders for Selection of agency for "Selection of Internet Service Provider for different MPLS and Internet Bandwidth on end to end optical fiber in ring architecture for DC, Ranchi, DRC, Jamshedpur and IT Cell, HQ JBVNL".

The tender documents with detailed conditions can be obtained through web site http://jharkhandtenders.gov.in and should be submitted in the envelope containing all relevant documents as mentioned in the tender document.

| Sl. No. | Name of Work | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Selection of Internet Service Provider for different MPLS and Internet Bandwidth on end to end optical fiber in ring architecture for DC, Ranchi, DRC, Jamshedpur and IT Cell, HQ JBVNL. |
| 2 | Date of Publication of NIT on website | 24.03.2025 |
| 3 | Date of Pre-Bid Meeting / Time | 28.03.2025 / 03.00 PM |
| 4 | Last Date / Time for receipt of bids | 14.04.2025 / 04:00 PM |
| 5 | Date and Time for Opening of Technical bid | 15.04.2025 / 01:00 PM |
| 6 | Tender fee (Non – Refundable) | Rs. 5000/- + GST |
| 7 | Earnest Money Deposit (EMD) | Rs. 1,30,000/- |
| 8 | Contact email | itcelljbvnl@gmail.com |

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager (IT) JBVNL

PR 348985 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(24-25)D


## बड़कागांव खदान से बानादाग कोल साइडिंग तक हवाई कोल कन्वेयर बेल्ट के जरिये पहुंचेगा कोयला

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। हजारीबाग जिला के बड़कागांव से बानादाग रेल साइडिंग तक काले हीरे के आसमानी सफर की शुरुआत होने जा रही है। इसे लेकर एनटीपीसी युद्ध स्तर पर कार्य कर रही है। जिससे खदान से सीधे कोयला बानादाग कोल साइडिंग तक पहुंचाया जाएगा। नए वित्त वर्ष 2025-26 के प्रारंभिक महीने से ही हवाई कोयला कन्वेयर बेल्ट से भेजा जाएगा। एनटीपीसी बड़कागांव में कोयला का उत्पादन कर देश के कई ऊर्जा संयंत्रों तक ऊर्जा उत्पादन के लिए कोयला पहुंचा रहा है।



**एशिया का सबसे लंबा कन्वेयर बेल्ट** : एनटीपीसी के पकरी बरवाडी के परियोजना प्रमुख फैज तैयब ने बताया कि यह एशिया का सबसे लंबा कन्वेयर बेल्ट है। जिसकी लंबाई 22 किलोमीटर है। मिनिस्ट्री ऑफ एनवायरनमेंट एंड फॉरेस्ट की ओर से निर्देश प्राप्त है कि जो भी कोयला उत्पादन होगा वह कन्वेयर बेल्ट के जरिए ही कोयला साइडिंग तक भेजना है। एनटीपीसी का कहना है कि कन्वेयर बेल्ट के शुरू होने से प्रदूषण कम होगा, ट्रांसपोर्टिंग का खर्च भी बचेगा। साथ ही सड़क सुरक्षा को लेकर जो हमेशा सवाल खड़ा होता है उस समस्या का भी खुद-ब-खुद समाधान हो जाएगा। परियोजना पदाधिकारी ने कहा कि इसको लेकर पिछले कई दिनों से तैयारी चल रही है। नए वित्त वर्ष के पहले ही माह में यह सुविधा शुरू हो जायेगी।

**कन्वेयर बेल्ट से होगी सुविधा**

1 अप्रैल से 3 एमएमटी कोयले को सड़क मार्ग से ले जाया जाएगा। शेष प्रोडक्शन को कन्वेयर बेल्ट के माध्यम से ही ले जाएंगे। इससे आसपास के इलाकों में सड़क मार्ग से हो रहे प्रदूषण कम होंगे और निश्चित तौर पर आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सहूलियत मिलेगी।

31 जनवरी, 2025 तक परियोजना ने कुल 14.48 मिलियन मीट्रिक टन कोयला उत्पादन हासिल किया, जो वित्त वर्ष के लक्ष्य का 85.15 प्रतिशत है। अब तक कोयले का डिस्पैच कुल 3,854 रैक के साथ 85.02 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर चुका है। विशेष रूप से जनवरी 2025 में परियोजना के इतिहास में सबसे अधिक कोयला उत्पादन और ओवरबर्डन हटाया गया है जो क्रमशः 1.64 एमएमटी और 7.46 एमसीएम है। जनवरी में बानादाग रेलवे साइडिंग से 20,000वें रैक डिस्पैच किया है जो गौरव की बात है। 2025-26 में 18 मिलियन मेट्रिक टन कोयला उत्पादन करने का लक्ष्य निर्धारित की है।

यह यह एक महत्वपूर्ण सवाल है कि कन्वेयर बेल्ट चलने के बाद बड़कागांव से बानादाग कोल साइडिंग तक लगभग 520 हाइवा ट्रक प्रतिदिन तीन ट्रिप करते हैं। ऐसे में लगभग 1200 ट्रिप हाइवा प्रतिदिन करता है। जिससे लगभग 8 से 10 रैक कोयला विभिन्न ऊर्जा संयंत्र तक पहुंचाया जाता है। अगर कन्वेयर बेल्ट शुरू हो जाएगा तो हाइवा मालिक और जिन लोगों को रोजगार मिला है उन्हें परेशानी का सामना भी करना पड़ सकता है।

### चतरा में आंगनबाड़ी सेविका की नयी नियुक्ति पर रोक

रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने चतरा के सिमरिया प्रखंड के सीडीपीओ के आंगनबाड़ी सेविका की नियुक्ति रद्द कर नयी नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने के आदेश पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। सोनी कुमारी की याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस आनंद सेन की अदालत ने गुरुवार को इस मामले में राज्य सरकार को चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले में प्रार्थी के अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि सिमरिया की पगार पंचायत के आंगनबाड़ी में सहायिका के पद पर 4 जनवरी 2025 को सोनी कुमारी का चयन आमसभा से किया गया, लेकिन, 5 जनवरी को ही सीडीपीओ सोनी कुमारी के चयन को रद्द कर नए सिरे से चयन प्रक्रिया प्रारंभ किया जा रहा है, जो गलत है।

# रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में ओलावृष्टि व तेज हवा के साथ हुई बारिश

**वेदर अलर्ट**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची समेत झारखंड में पिछले दो दिनों से मौसम में बदलाव है। गरज के साथ बारिश हो रही है। तेज हवाएं और कुछ इलाकों में ओलावृष्टि भी हुई है। पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल और ओड़िसा के कुछ हिस्सों में भी यही स्थिति है। रांची में बारिश से स्कूली बच्चों को तथा कामकाजी लोगों को परेशानी हुई, जो सुबह में घरों से निकल गये थे।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग और अन्य स्त्रोतों से मिली जानकारी के अनुसार, 23 मार्च तक तक मौसम खराब रह सकता है। तापमान में भी भारी गिरावट दर्ज की गयी। इससे एक बाद फिर ठंड महसूस होने लगी।

**पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव :** पश्चिमी विक्षोभ का मुख्य प्रभाव उत्तरी भारत में होता है लेकिन इसका अप्रत्यक्ष असर पूर्वी क्षेत्रों तक पहुंच रहा है। यह ट्रफ के साथ मिलकर गरज, बिजली और तेज हवाओं को बढ़ावा दे रहा है।



**नमी का प्रवाह :** बंगाल की खाड़ी से लगातार नम हवाएं झारखंड, ओड़िशा और पश्चिम बंगाल की ओर बढ़ रही है। यह नमी बादलों का निर्माण और ओलावृष्टि का कारण बन रही है।

**स्थानीय तापमान में बदलाव :** मार्च में मौसम गर्म होने लगता है लेकिन मौसमी गतिविधियों के कारण तापमान में उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। तेज हवाएं और बारिश की वजह से हल्की ठंड महसूस हो रही है।

**कब तक रहेगी ऐसी स्थिति :** मौसम विभाग ने कहा है कि राज्य में 23 मार्च तक गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश, तेज हवाएं (40-60 किमी प्रति घंटे, कुछ स्थानों पर 62-80 किमी प्रति घंटे) और ओलावृष्टि की संभावना है।

**24 मार्च से राहत :** 23 मार्च के बाद टर्फ का प्रभाव कम होने की उम्मीद है और मौसम धीरे-धीरे स्थिर होगा। तेज हवाएं और भारी बारिश की संभावना कम हो जायेगी। हालांकि कुछ जगहों पर हल्की बूंदाबांदी हो सकती है।

## आदिवासी संगठनों ने पूर्व संध्या पर निकाला मशाल जुलूस

# सिरमटोली फ्लाईओवर में रैंप के विरोध में आज रांची बंद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सिरमटोली सरना स्थल बचाओ मोर्चा के तत्वावधान में विभिन्न आदिवासी संगठनों ने 22 मार्च के संपूर्ण रांची बंद के समर्थन में शुक्रवार को मशाल जुलूस निकाला। यह जुलूस जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम से शुरू होकर अल्बर्ट एक्का चौक पर संपन्न हुआ। आदिवासी समाज के विभिन्न संगठनों और सरना समितियों ने कहा कि 22 मार्च का रांची बंद ऐतिहासिक होगा। आदिवासी समाज के लोग अपनी पारंपरिक वेशभूषा में सरना झंडा और तख्तियों के साथ अपनी मांगों को लेकर चौक-चौराहों पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करेंगे।



**बंद शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक होगा :** संगठनों ने कहा कि बंद पूरी तरह शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक होगी तथा कोई भी गिरफ्तारी स्वेच्छा से नहीं दी जाएगी। साथ ही प्रशासन को आगाह किया गया है कि वे आंदोलनकारियों को उकसाने का प्रयास न करे। सभी आदिवासी सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों ने दुकानदार संघों, बस-ट्रक, टेम्पो-रिक्शा, टुक-टुक चालक संघों से अपील की है कि वे बंद का समर्थन करें। आम जनता से भी अनुरोध किया गया है कि वे अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें। स्कूल और कॉलेज प्रशासन से भी एक दिन के लिए संस्थानों को बंद रखने की अपील की गई है।

**सिरमटोली फ्लाइओवर के सामने बन रहे रैंप को हटाने की मांग:** मालूम हो कि आदिवासी समाज लंबे समय से अपने केन्द्रीय सरना स्थल सिरम टोली और धर्म-संस्कृति की रक्षा के लिए आंदोलनरत है। समुदाय की मांग है कि फ्लाईओवर के रैंप को सरना स्थल के मुख्य द्वार से हटाया जाए, लेकिन सरकार उनकी मांगों की अनदेखी कर रही है।

**आवश्यक सेवाओं को छूट :** बंद के दौरान अस्पताल, एंबुलेंस और अन्य आवश्यक सेवाओं को बंद से मुक्त रखा गया है।

## स्वार्थ सिद्धि के लिए बुलाया गया रांची बंद : केंद्रीय सरना समिति

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** अपना हित साधने के लिए और समाज की प्रतिष्ठा को धूमिल करने के लिये रांची बंद का अह्वान किया गया है। ये बातें शुक्रवार को केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने कही। उन्होंने कहा कि जो समाज के लोग प्रदर्शन कर रहे हैं, उन्होंने ही भू-अर्जन विभाग में सरना स्थल की जमीन के लिए मुआवजा लेने के लिए आवेदन दिया था। अरविंद हंस ने भू-अर्जन विभाग से भेजा हुआ नोटिस रिसीव किया था। नोटिस केंद्रीय सरना समिति के नाम से था, पर उन्होंने नोटिस को दबा दिया और भू-अर्जन विभाग को आवेदन देकर स्वयं के लिए मुआवजा मांगा, लेकिन जब यह खुलासा हुआ कि जो 10 फीट जमीन ली गई थी वह गैर मजरूआ आम भूमि है। इसके लिए कोई मुआवजा का प्रावधान नहीं है। तब सरकार पर पैसों के लिए दबाव बनाने के लिए इन्होंने रैंप का मुद्दा बनाकर विरोध करने की रणनीति बनाई। अरविंद हंस और उनके गुट के लोग आदिवासी समाज की आस्था और भावना का दुरुपयोग कर निजी स्वार्थ के लिए विपक्षी दलों के सहयोग से विकास कार्य में बाधा डालकर समाज और सरकार के बीच में जहर घोलकर सौदेबाजी का प्रयास करना चाहती है। उन्होंने सवाल उठाया कि पहले विरोध क्यों नहीं किया गया। फलाईओवर का निर्माण 2 साल पूर्व से हो रहा है, जब तक अरविंद हंस और उनके साथियों को पैसे मिलने की उम्मीद थी, तब तक उन्होंने कोई विरोध नहीं किया।

**बंद का विरोध करे आदिवासी समाज : अजय तिर्की**

केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने आदिवासी समाज से बंदी का विरोध करने का अह्वान किया और सरहुल पर्व की तैयारी धूमधाम से करके समाज अपनी सकारात्मक और विकास प्रिया होने का परिचय दें।

## बारिश-ओलावृष्टि से फसलों के नुकसान के आकलन का निर्देश

**रांची।** रांची और आसपास के इलाकों में गुरुवार की शाम से हो रही बारिश और ओलावृष्टि से फसलों के नुकसान का आकलन करने का निर्देश उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने दिया है। उपायुक्त ने जिले के सभी सीओ को अपने क्षेत्र में फसलों के नुकसान का आकलन कर मुआवजा भुगतान के लिए कार्यवाही करने का निर्देश दिया है। बता दें कि रांची और आसपास के इलाकों में गुरुवार की शाम से बारिश हो रही है। कई इलाकों में भारी ओलावृष्टि हुई, जिसमें फसलों को नुकसान पहुंचा है।

## रांची नगर निगम के कामगारों ने भरी हुंकार, हक के लिए करेंगे बड़ा आंदोलन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची नगर निगम के अस्थायी और अनुबंधित कामगारों ने अपने अधिकारों के लिए संघर्ष तेज करने का ऐलान कर दिया है। झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद अब तक स्थायीकरण की प्रक्रिया शुरू न होने और अन्य मांगों को लेकर कामगारों ने 20 मार्च को नागा बाबा खटाल और 21 मार्च को पुराना विधानसभा मैदान में बैठकें कीं, जहां सैकड़ों श्रमिकों ने भाग लिया।

बैठकों में नगर निगम के उत्तरी और दक्षिणी क्षेत्र के कामगारों ने एकजुटता दिखाते हुए चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया, तो 10 अप्रैल को श्रम विभाग और 28 अप्रैल को नगर निगम का घेराव किया जाएगा। सीटू के भवन सिंह, प्रतीक मिश्र, राजेंद्र राम, प्रकाश टोप्पो और अनिर्बान बोस ने सरकार को साफ संदेश दिया कि अगर हाई कोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया गया, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## रांची स्मार्ट सिटी को फिर मिला सम्मान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** शहरों में स्मार्ट प्रैक्टिस के क्षेत्र रांची स्मार्ट सिटी का जलवा बरकरार है। यही वजह है कि एकबार फिर झारखंड की राजधानी स्मार्ट सिटी रांची को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। पिछले तीन दिनों से नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित कंवर्जेंस इंडिया में इंडिया ट्रेड प्रोमोशन ऑर्गेनाइजेशन, भारत सरकार और दसवीं स्मार्ट सिटी इंडिया एक्सपो की ओर से नगर विकास में ऑर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बेहतर उपयोग के लिये यह सम्मान रांची स्मार्ट सिटी को दिया गया है।




दरअसल कंवर्जेंस इंडिया कार्यक्रम के तहत सभी राज्यों के सभी स्मार्ट सिटीज से अपने कार्यों में एआई के इस्तेमाल सहित कई विषयों पर नामांकन प्रस्ताव मांगा गया था। रांची स्मार्ट सिटी की ओर से भी चार क्षेत्रों में नामांकन प्रस्ताव तैयार कर भेजा गया था इसमें एआई कैटेगरी में रांची सम्मानित हुयी है। रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन की ओर से सीइओ अमित कुमार ने यह सम्मान प्राप्त किया। उनके साथ स्मार्ट सिटी के जीएम, टेक्निकल राकेश कुमार नंदक्योलियार भी मौजूद थे।

गौरतलब है कि कन्वर्जेंस इंडिया में रांची स्मार्ट सिटी की ओर से भी अपना स्टॉल लगाया गया था। जहां भारत के साथ साथ विश्व के कई देशों के प्रतिनिधियों ने स्टाल भ्रमण कर रांची में बन रहे स्मार्ट सिटी की जानकारी ली और इस मॉडल का सराहना भी किया।

## झारखंड में ओबीसी आरक्षण बढ़ाया जाये : अभिलाष साहू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** तेलंगाना सरकार द्वारा राज्य में ओबीसी को 42 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने की घोषणा को झारखंड प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग के चेयरमैन सह प्रदेश कार्यालय प्रभारी अभिलाष साहु ने स्वागत किया है। साथ ही झारखंड में भी ओबीसी आरक्षण बढ़ाने की मांग की है। अभिलाष साहू ने कहा कि लोकसभा के प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी लगातार ओबीसी की बात करते रहे हैं। इसके पहले एससी, ओबीसी व अल्पसंख्य कांग्रेस के राष्ट्रीय संयोजक रहे के. राजू जो वर्तमान में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हैं, ने भी इस मुद्दे को देशभर में उठाया था।

अभिलाष साहू ने कहा कि राहुल गांधी जो वादा करते हैं, वह पूरा भी करते हैं। राहुल गांधी ने कहा था कि केंद्र में जब उनकी सरकार आएगी तो वे आरक्षण पर से 50 प्रतिशत की दीवार भी गिरा देंगे। उन्होंने कहा कि अब झारखंड में भी हर हाल में ओबीसी आरक्षण में वृद्धि होनी चाहिए।

# महिला सशक्तिकरण के लिए कांग्रेस पार्टी प्रतिबद्ध : केशव महतो कमलेश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष गुंजन सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को राजभवन के समक्ष महिला आरक्षण विधेयक अविलंब लागू करने तथा उसमें ओबीसी वर्ग को भी महिला आरक्षण में शामिल करने की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। धरना के बाद राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा गया। केशव महतो कमलेश ने कहा कि सोनिया गांधी ने यूपीए के शासनकाल में 33 प्रतिशत बिल पास कराया था। कांग्रेस पार्टी हमेशा महिला सशक्तिकरण की बात करती है। केन्द्र की भाजपा सरकार महिला आरक्षण बिल पास किया लेकिन अभी तक लागू नहीं किया। इससे साफ पता चलता है कि महिलाओं के प्रति घोर उदासीनता है।



**बीजेपी सरकार में महिला ठगी महसूस कर रहीं : शिल्पी नेहा**

कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार हमेशा चुनावी जुमले की तरह बात करती है जो आज पूरे देश भर की महिला अपने हक और अधिकार के लिए ठगी हुई महसूस कर रही हैं।

**महिला आरक्षण लागू कराने में राज्यपाल करें मदद : गुंजन सिंह**

प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह ने राज्यपाल को ज्ञापन के माध्यम सें केन्द्र सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमिटी के माननीय अध्यक्ष अलका लांबा के नेतृत्व में महिला आरक्षण विधेयक अविलंब लागू करने, महिला सुरक्षा तथा उसमें ओबीसी वर्ग को भी महिला आरक्षण में शामिल करने की मांग को लेकर देश, प्रदेश एवं जिला स्तर तक आंदोलन, धरना-प्रदर्शन कर संघर्ष की जा रही है तथा देश की आधी आबादी महिलाओं की अधिकारी के लिए आवाज बन रही हैं।

# राज्य सरकार में पुरूषार्थ है तो ईद के समय मेन रोड को जाम मुक्त कराये : सीपी सिंह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** विधानसभा के बजट सत्र के दौरान शुक्रवार को गृह विभाग और पेयजल विभाग के अनुदान मांग की चर्चा में विधायक सीपी सिंह ने कहा कि पुलिस विभाग भ्रष्टाचार की चिता पर जल रहा है। गृह विभाग अपराधियों के अधीन नाचता है। पुलिस का मतलब होता है पुरूषार्थी, लिपसारहित और सहयोगी। उन्होंने कहा कि बिहार में किशोर कुणाल अफसर थे। इससे लालू प्रसाद भी थरथर कांपते थे। इस पर सुदिव्य सोनू ने कहा कि जो व्यक्ति इस सदन में नहीं है, उसका नाम लेना उचित नहीं है। यह स्वस्थ परंपरा नहीं है।



सीपी सिंह ने कहा कि वर्तमान सरकार ने पुलिस को ऐसा बना दिया कि उनका पुरूषार्थ समाप्त हो गया। रांची एसएसपी पर तंज कसते हुए कहा कि वे भले आदमी हैं। उन्होंने कहा था कि यदि होली में किसी ने हुड़दंग किया तो 10 फीट जमीन में गाड़ देंगे लेकिन जब हिंदपीढ़ी में बच्ची के साथ दुष्कर्म होता है तो यह पुरूषार्थ कहां चला जाता है। ऐसे आरोपी को तो कम से कम पांच फीट नीचे गाड़िये। उन्होंने कहा कि आज अतिक्रमण के नाम पर पुलिस वाले विशेष क्षेत्र में पुरूषार्थ दिखाने का काम करते हैं। ईद से चार पांच दिन पहले काली मंदिर रोड पर बैरियर लगा दिया जाता है। अगर सरकार में पुरूषार्थ है तो मेनरोड को मुक्त कराइये। आने जाने का रास्ता रोकते हैं। इस पर मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि छठ में भी बाजार लगता है। इस तरह की बात क्यों हो रही है। इस पर सीपी सिंह ने कहा कि खुद में झांकने का जिगर होना चाहिये। पर्व आस्था का है लेकिन अन्याय नहीं। छठ में एक दिन के लिये रातू रोड, हरमू रोड और मेनरोड को एक दिन के लिये बंद करने के लिए दें। पुलिस पुरूषार्थ दिखाने का काम करे। कर्बला चौक में सिटी एसपी की गाड़ी जला दी जाती है। मेनरोड में दारोगा की पिटाई हुई। हिंदपीढ़ी में डीएसपी की पिटाई हुई।

**दुर्गा पूजा और ईद में सड़क पर नहीं लगेगा बाजार :** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जब हम सीएम थे तो दोनों समुदाय को बुलाकर बात की थी। उन्होंने कहा था कि दुर्गा पूजा और ईद में सड़क क्लीयर रहेगा। सड़क में बाजार नहीं लगेगा। आज भी दुर्गा पूजा का पंडाल सड़क के किनारे बनता है। उन्होंने सीएम से आग्रह है कि मुख्य सड़क को क्लीयर करायें। मैंने अपने 20 महीने के कार्यकाल में कानून व्यवस्था से कभी समझौता नहीं किया। पहली बार सीएम बनना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

## रांची जिले में चौकीदार के 295 पदों पर होगी बहाली

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची जिले में चौकीदार के रिक्त पदों पर बहाली को लेकर चौकीदार नियुक्ति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में अंचलवार रिक्त बीट के अनुसार कुल 295 पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया गया।

**अप्रैल में संभावित लिखित परीक्षा**

भर्ती प्रक्रिया के तहत लिखित परीक्षा ओएमआर शीट के माध्यम से ली जाएगी, जो संभावित रूप से अप्रैल 2025 में आयोजित की जाएगी। परीक्षा केंद्रों का चयन किया जा चुका है, जिससे परीक्षा सुचारु रूप से कराई जा सके।

**आधिकारिक वेबसाइट पर सूची प्रकाशित :** इससे पहले, सभी प्राप्त आवेदनों की सूची रांची जिला प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित की जा चुकी है। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे वेबसाइट पर जाकर अपना नाम एवं अन्य विवरण जांच लें।

**चौकीदार पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया :** रांची जिले में चौकीदार भर्ती प्रक्रिया में निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। परीक्षा और चयन प्रक्रिया से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां जिला प्रशासन की वेबसाइट पर समय-समय पर अपडेट की जाएंगी।

**उम्मीदवारों से अपील :** रांची जिला प्रशासन ने सभी आवेदकों से अनुरोध किया है कि वे परीक्षा से जुड़ी किसी भी नयी जानकारी के लिए आधिकारिक वेबसाइट पर नियमित रूप से विजिट करें और किसी भी अफवाह से बचें।

## खबर एक नजर में

### शहीद सैनिक के परिजन व घायल जवानों को मिलेगी सहायता राशि

**रांची।** गलवान घाटी में शहीद हुए सैनिक के परिजन और नक्सली मुठभेड़ में घायल सीआरपीएफ के दो जवानों को सहायता राशि मिलेगी। गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने इससे संबंधित आदेश जारी किया है। गलवान घाटी में चीनी सेना के साथ झड़प में शहीद हुए कुंदन कुमार (साहेबगंज निवासी) की पत्नी नम्रता को 10 लाख रुपये की सहायता राशि दी जायेगी। वहीं 27 सितंबर 2011 को बोकारो में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में घायल सीआरपीएफ के कोबरा बटालियन के जवान अनीश एम को 2.10 लाख रुपये मिलेंगे, जबकि खूंटी में नक्सलियों की फायरिंग में घायल सीआरपीएफ के जवान सुनील कुमार को 3.50 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की जायेगी।

### बंद के दौरान हिंसा करने पर होगी कार्रवाई

**रांची।** सिरमटोली फ्लाईओवर के रैंप निर्माण के विरोध में रांची बंद के दौरान हिंसा या किसी प्रकार के गैरकानूनी कार्य करने वालों के खिलाफ रांची जिला प्रशासन सख्ती करेगा। रांची जिला प्रशासन ने सभी से बंद के दौरान शांति बनाए रखने की अपील की है। जिला प्रशासन की ओर से कहा गया है कि बंद के दौरान समर्थक तोड़फोड़, वाहन चालकों के खिलाफ बल प्रयोग नहीं करें। अभी विधानसभा का बजट सत्र चल रहा है। कई शिक्षण संस्थानों में परीक्षा चल रही है। ऐसे में किसी प्रकार की बाधा डालने या हंगामा करने पर प्रशासन उचित कार्रवाई करेगा।

### मंईयां योजना के लाभुकों के सत्यापन में पैसे मांगने पर होगी कार्रवाई

**रांची।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया चल रही है। सभी लाभुकों से भौतिक सत्यापन कराना अनिवार्य है। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि भौतिक सत्यापन के लिए फॉर्म नि:शुल्क मिल रहा है। अपने क्षेत्र की आंगनबाड़ी सेविका से फॉर्म नि:शुल्क लिया जा सकता है। उपायुक्त ने कहा है कि सत्यापन के लिए किसी भी स्तर पर पैसे मांगे जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि भौतिक सत्यापन में पैसे लिये जाने की शिकायत मिल रही है। सत्यापन के लिए सेविका या अन्य किसी के पैसे वसूलने की शिकायत मिलने पर संबंधित पर्यवेक्षिका, सीडीपीओ पर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने लाभुकों से सत्यापन के लिए पैसों की मांग किये जाने पर अबुआ साथी (943032880) या विभिन्न प्रखंडों के लिए बनाये गये अबुआ ग्रुप पर जानकारी देने की अपील की है।

### रांची नगर निगम चुनाव 2025 : मतदान केंद्रों की सूची का प्रारूप जारी

**रांची।** रांची नगर निगम चुनाव 2025 के मद्देनजर जिला प्रशासन ने मतदान केंद्रों की सूची का प्रारूप जारी कर दिया है। राज्य निर्वाचन आयोग, झारखंड के निर्देशानुसार यह सूची सभी निर्धारित स्थानों पर प्रकाशित कर दी गई है। इस सूची को अनुमंडल पदाधिकारी के कार्यालय, संबंधित नगर निकाय कार्यालय, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के वॉर्ड कार्यालयों और जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) के कार्यालय में देखा जा सकता है। यदि किसी व्यक्ति को सूची में किसी भी प्रकार की आपत्ति, दावा या सुझाव देना हो, तो वे संबंधित अंचल अधिकारी कार्यालय या अनुमंडल कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) ने मतदाताओं से अपील की है कि वे सूची को ध्यानपूर्वक जांचें और किसी भी त्रुटि की स्थिति में समय रहते अपनी आपत्ति दर्ज कराएं।

### रांची नगर निगम ने स्वास्थ्य सुविधाओं और सफाई पर दिया जोर

**रांची।** रांची नगर निगम के सभागार में नगर स्तरीय अंतर्विभागीय अभिसरण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सहायक प्रशासक मुकेश कुमार ने की। बैठक में शहर की सफाई, जलापूर्ति, स्वास्थ्य सुविधाओं और जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में डॉ. अर्जित कुमार ने कहा कि कार्यक्रमों को और प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न विभागों के बीच समन्वय जरूरी है। नगर निगम ने स्वच्छ स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र योजना के तहत 10 और 16 डिजिटलीकृत स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना पर सहमति दी। इसके अलावा उर्बन आयुष्मान आरोग्य मंदिर योजना के तहत वार्ड स्तर पर स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण पर चर्चा हुई। इन केंद्रों में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। अधिकारियों ने शहर में सफाई व्यवस्था और पेयजल आपूर्ति को और बेहतर बनाने पर भी विचार-विमर्श किया।

### सुभाष मुंडा हत्याकांड में 19 को होगा आरोप गठन

**रांची।** सीपीआईएम नेता सुभाष मुंडा हत्याकांड में आरोपियों पर 19 अप्रैल को आरोप गठित किया जायेगा। मामले की सुनवाई अपर न्यायायुक्त संजीव झा की अदालत में हो रही है। मामले में मुख्य आरोपी छोटू खलखो, अभिजीत कुमार पाढ़ी, बिनोद कुमार उर्फ कन्हैया, कैन्हया सिंह उर्फ लखिंदर सिंह, बबलू उर्फ नागेश्वर पासवान, पिंटू कुमार एवं प्रवीण कुमार ट्रायल फेस कर रहा है। सुभाष मुंडा की हत्या 26 जुलाई 2023 को दलादली चौक स्थित कार्यालय में ताबड़तोड़ गोली मारकर कर दी गई थी। यह हत्या जमीन विवाद को लेकर की गई थी।

### दोषी को आठ हजार रुपये का लगाया जुर्माना

**रांची।** न्यायायुक्त सह एनडीपीएस मामले के विशेष न्यायाधीश दिवाकर पांडे की अदालत ने मादक पदार्थ ब्राउन शुगर बरामदगी मामले के अभियुक्त पंकज कुमार सिंह को दोषी पाकर 8 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। अभियुक्त ने जुर्माने की राशि नजारत में जमा कर दी। अदालत ने मामले को निष्पादित कर दिया। इससे पूर्व अभियुक्त ने अदालत में स्वेच्छा से अपना अपराध स्वीकर करने से संबंधित एक याचिका दाखिल की। इसे अदालत ने स्वीकार करते हुये उसका बयान दर्ज किया गया। अदालत ने ब्राउन शुगर की छोटी मात्रा को देखते हुये अभियुक्त को एनडीपीएस में दोषी पाकर सिर्फ जुर्माना लगाया। घटना को लेकर सुखदेव नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

### रांची बंद को आजसू पार्टी का मिला समर्थन

**रांची।** आजसू पार्टी ने केंद्रीय सरना समिति समेत विभिन्न आदिवासी संगठनों द्वारा 22 मार्च को आहूत रांची बंद को समर्थन देने की घोषणा की है। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा है कि हेमंत सरकार विकास के नाम पर आदिवासियों की आस्था और विश्वास को कुचल रही है। सरहुल महोत्सव में सिरम टोली स्थित सरना स्थल का बहुत ही ज्यादा महत्व है, क्योंकि सरहुल की शोभायात्रा का समापन यहीं होता है। रांची की जनता काफी पहले से राज्य सरकार से आग्रह कर रही थी कि फ्लाई ओवर के रैंप को थोड़ा परिवर्तित कर दिया जाए, ताकि सिरम टोली सरना स्थल का मार्ग बाधित न हो क्योंकि इसके बन जाने पर सरहुल शोभायात्रा में लाखों श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। डॉ भगत ने कहा कि आदिवासी संस्कृति और अस्मिता को नजरअंदाज कर हेमंत सरकार ने संवेदनहीनता का परिचय दिया है। आजसू पार्टी सरकार से मांग करती है कि यथाशीघ्र मामले का समाधान किया जाए।

### राजधानी रांची बंद का ऑल इंडिया क्रिश्चियन माइनॉरिटी फ्रंट ने किया समर्थन

**रांची।** केंद्रीय सरना स्थल सिरमटोली बचाओ मोर्चा 22 मार्च को आहूत संपूर्ण रांची बंद सह चक्का जाम को ऑल इंडिया क्रिश्चियन माइनॉरिटी फ्रंट का समर्थन मिला है। संगठन के प्रदेश महासचिव प्रवीण कच्छप ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि झारखंड सरकार को आदिवासी आस्था का सम्मान करते हुए तुरंत संज्ञान लेना चाहिए और फ्लाइओवर रैंप हटाने पर विचार करना चाहिए। उन्होंने आम नागरिकों, शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों, स्कूल-कॉलेजों, दुकानदारों, गैर-सरकारी संगठनों, ऑटो-रिक्शा व बस चालकों से बंद को सफल बनाने में सहयोग की अपील की है। इससे पहले, राजी पाड़हा सरना प्रार्थना सभा, रांची महानगर के पदाधिकारियों की बैठक महानगर अध्यक्ष चम्पा कुजूर की अध्यक्षता में हुई, जिसमें सर्वसम्मति से बंद का समर्थन करने का निर्णय लिया गया। इस संदर्भ में केंद्रीय नेतृत्व और धर्मगुरु बंधन तिग्गा की भी सहमति ली गई है। बैठक में निर्णय लिया गया कि राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के सदस्य लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से इस बंद को सफल बनाने के लिए सड़कों पर उतरेंगे।

### शहीद रघुनाथ महतो जयंती पर आजसू प्रमुख एवं अन्य नेताओं ने की श्रद्धांजलि अर्पित

# रघुनाथ महतो के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता : सुदेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखण्ड के वीर सपूत एवं महान स्वतंत्रता सेनानी शहीद रघुनाथ महतो ने मानभूम से लेकर धालभूम नीमडीह, सिल्ली और जंगलमहल के इलाकों में अंग्रेजों के विरूद्ध लड़ाई का नेतृत्व किया था। जब झारखंड के नायकों की अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ विद्रोह की चर्चा होती है, तो इस सूची में 1769 का शहीद रघुनाथ महतो के नेतृत्व में चुआड़ विद्रोह का नाम सबसे पहले आता है। 'अपना गांव-अपना राज, दूर भगाओ विदेशी राज' नारे का उद्घोष करने वाले झारखंड की माटी के वीर सपूत शहीद रघुनाथ महतो के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उक्त बातें झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में शहीद रघुनाथ महतो को माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कही। ज्ञात हो कि 1765 में बंगाल, बिहार एवं ओड़िशा की दीवानी हासिल करते ही अंग्रेज मनमाने ढंग से कृषि राजस्व जबरन कर वसूलने तथा मालगुजारी बढ़ाने लगे। शोषण एवं जुल्म के खिलाफ शहीद रघुनाथ महतो ने किसानों, ग्रामीणों एवं आम जनमानस को संगठित किया तथा विपरीत परिस्थितियों में संघर्ष का नया अध्याय लिखा।

सुदेश महतो ने कहा कि ब्रिटिश हुकूमत के काले कानूनों के खिलाफ जनमानस को संगठित कर चुआड़ विद्रोह का शंखनाद करने वाले प्रथम स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद शहीद रघुनाथ महतो को इतिहास के पन्नों में संक्षिप्त परिचय दिया गया। हम इस परिचय को बड़ा करने हेतु प्रतिबद्ध हैं और इस दिशा में निरंतर प्रयास जारी है। मौके पर युवाओं से आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि अलग झारखण्ड राज्य मिलना ही पर्याप्त नहीं, अपने लोगों के हितों के लिए हमें लड़ते रहना होगा। झारखण्डियों को आगे ले जाना ही हमारी पहली और आखिरी कोशिश होनी चाहिए।

मौके पर मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर, संजय मेहता, हरीश कुमार, ओम वर्मा, चेतन कुमार, अजीत कुमार, अमित यादव आदि ने भी शहीद रघुनाथ महतो को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## ग्रामीणों को पीएलवी नालसा व झालसा स्कीम की समुचित जानकारी दें : बेहरा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** डालसा हॉल में शुक्रवार को रांची में कार्यरत पीएलवी के साथ डालसा सचिव कमलेश बेहरा ने बैठक की। बैठक में उपस्थित पी.एल.वी. के किये गये कार्यों की समीक्षा की। सचिव ने सभी पीएलवी से कहा कि गांव में ग्रामीणों के बीच नशा मुक्ति अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करें। जहरीले पेय पदार्थों को भी उपयोग में लाया जा रहा है, जिसके कारण हमारे समाज में कम उम्र के बच्चे नशे के गिरफ्त में आ रहे हैं। अगर इसे अभी से ही नहीं रोका गया तो ये आगे चल कर बिकराल रूप धारण कर सकता है। उन्होंने कहा कि हम सब को जागरूक होना होगा और गली गली मोहल्ले-मोहल्ले नशापान के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाना होगा ताकि लोग नशा करने का दुष्परिणाम को ग्रामीण, बच्चे जाने और अपने परिवार तथा बच्चों को किसी भी प्रकार के नशा से दूर रखें। डालसा सचिव ने कहा कि लिगल-एड-क्लिनिक में जुड़े पीएलवी झालसा कैलेण्डर के अनुसार काम करेंगे और लाभुकों को यथा संभव लाभ पहुचायेंगे। इस कार्यक्रम में डालसा एलएडीसी डिपुटी चीफ, राजेश कुमार सिन्हा, पीएलवी विक्की चौधरी समेत सभी कार्यरत पीएलवी उपस्थित थे।

## शंकराचार्य जगतगुरु स्वामी सदानंद सरस्वती का लघु उद्योग भारती ने किया अभिनंदन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** द्वारका शारदा पीठाधीश्वर शंकराचार्य जगतगुरु स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज का लघु उद्योग भारती ने शुक्रवार को अभिनंदन किया। शंकराचार्य अभिनंदन समारोह समिति के तत्वावधान में मारवाड़ी भवन में आयोजित समारोह में उनका अभिवादन प्रांतीय अध्यक्ष विजय छापरिया, प्रांतीय सचिव सत्य प्रकाश पांडेय, रांची जिला अध्यक्ष सुनील गुप्ता आदि ने किया। इन्होंने सदानंद सरस्वती को गुलदस्ता भेंट की और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने सदानंद सरस्वती महाराज को लघु उद्योग भारती की पत्रिका भी भेंट की। इस दौरान झारखण्ड में लघु उद्योग भारती की ओर से राज्य में उद्योग हित और राष्ट्र हित पर किए जा रहे कार्यों पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर समिति के मुख्य संयोजक विनय सरावगी, प्रमोद शाश्वत, बेनी बाबू अग्रवाल, ओम प्रकाश अग्रवाल आदि मौजूद थे।

## श्रीराम कथा ज्ञान के तीसरे दिन बारिश में भी श्रद्धालुओं का उत्साह दिखा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** श्री रामकृष्ण सेवा समिति द्वारा आयोजित श्रीराम कथा ज्ञान महायज्ञ के तीसरे दिन शुक्रवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने यज्ञ फेरी में हिस्सा लिया। पूरे दिन खराब मौसम तथा बारिश में भी उत्साह कम नहीं हुआ। संध्या सात बजे संत छोटे बापू जी महाराज ने अपने कथावाचन में महामुनि आसुरी के शिष्य पांच शिखाओं वाले ऋषि पंचशिख और ब्रह्मापुत्र वैदिक ऋषि याज्ञवल्क्य के बीच हुए सवाल-जवाब की कथा सुनायी। उन्होंने बताया कि पंचशिख अहंकार वश स्वयं को विद्वान मानने लगे थे। लेकिन उनकी हार ऋषि याज्ञवल्क्य से होती है। उसके बाद उनके सिर के टूकड़े हो जाते हैं, क्योंकि ऐसा ही उन्हें श्राप था। उन्होंने संदेश दिया अहंकार अच्छा नहीं होता। ईश्वर सबमें हैं और सब कोई उनमें हैं। ईश्वर को पाने के लिए भक्ति का भाव जरूरी है। कथा में श्रीराम के आदर्श जीवन, धर्म, प्रेम और त्याग के महत्व पर व्याख्या प्रस्तुत की जा रही है। उनकी मधुर वाणी से श्रोता भाव-विभोर हो रहे हैं और वातावरण जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज रहा है। कथा के उपरांत नौ बजे महाआरती और उसके बाद प्रसाद वितरण हुआ। यह आयोजन झिरी रोड में हो रहा है। यह महायज्ञ सनातन धर्म जागरण एवं जनकल्याण के लिए 19 मार्च से 27 मार्च तक आयोजित किया गया है।

**27 मार्च को विशाल भंडारे के साथ समापन**

आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर श्रीराम कथा के पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है। महायज्ञ का समापन 27 मार्च को विशाल भंडारे के साथ किया जाएगा, जहां श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया जाएगा।

## जन भावनाओं को समझते हुए ही काम करे प्रशासन : संजय सेठ

- **जहां जलापूर्ति होनी है, उसी क्षेत्र में हो जलमीनार का निर्माण**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा है कि जनभावनाओं के अनुरूप प्रशासन काम करे। उन्होंने कहा कि हरमू कॉलोनी में जलमीनार का निर्माण किया जा रहा है, जिसका स्थानीय लोग विरोध कर रहे हैं। नागरिकों का विरोध भी तर्कसंगत है।

श्री सेठ ने कहा कि हरमू कॉलोनी के लोग चाहते हैं कि यहां जलमिनर का निर्माण ना होकर अन्य स्थान पर किया जाये। इसलिए जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुये इस निर्माण को तुरंत रोका जाये। उन्होंने कहा कि हरमू स्थित लाल बहादुर शास्त्री मार्ग में यह एक मात्र मैदान है, जहां बच्चे खेलते हैं। शादी विवाह व अन्य सामाजिक आयोजन होते हैं। वैसे भी वहां पहले से हेल्थ सब सेंटर बनाने का प्रस्ताव है। जलमीनार का निर्माण हिंदपीढ़ी के लोगों को पानी देने के लिये निर्माण किया जा रहा है। इस कार्य का विरोध करने पर प्रशासन वहां के बुजुर्ग, महिलायें वहां के स्थानीय लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कर रही है।

## तीन दिनी उमंग मेला सह प्रदर्शनी का शुभारंभ



**रांची।** फोरम ऑफ वोमेन इन पब्लिक सेक्टर (विप्स), सीएमपीडीआई शाखा एवं कस्तूरी महिला सभा, कांके रोड, रांची के तत्वावधान में संस्थान के रबीन्द्र भवन में शुक्रवार को तीन दिवसीय उमंग: मेला सह प्रदर्शनी का उद्घाटन संस्थान के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक मनोज कुमार एवं उनकी धर्मपत्नी रूपाली गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर श्री कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि मेले का उद्देश्य ग्रामीण एवं आसपास के महिलाओं को सशक्त बनाना तथा छोटे उद्यमियों को अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने और बिक्री के लिए एक मंच प्रदान करना है और साथ ही मिट्टी, जूट, बांस एवं लकड़ी के उत्पाद आदि जैसे प्राकृतिक और पर्यावरण के अनुकूल चीजों के उपयोग को बढ़ावा देना है। इस मेले में आधुनिक परिधान/साड़ियां, उत्कृष्ट आभूषण, घरेलू सामान, कलाकृति एवं सजावट, सजावटी पौधे और स्वादिष्ट भोजन से संबंधित लगभग 50 स्टॉल लगाए गए हैं। इस अवसर पर सुषमा भारती, विप्स की समन्वयक पूनम सिंह, सचिव सुश्री चारू ओबेरॉय एवं कोषाध्यक्ष सुश्री दीप्ति पिल्लै तथा कस्तूरी महिला सभा की सचिव अंजू सिंह के अलावा विप्स एवं कस्तूरी महिला सभा की अन्य सदस्य भी उपस्थित थीं।

## मस्जिद जाफरिया से हजरत अली का ताबूत निकाला गया

- **बगैर अहले बैत के मोहब्बत दीन और ईमान अधूरा है : मौलाना तहजीबुल हसन**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** इस्लामिक साल के नौवें महीने को रमजान मुबारक कहा जाता है। इस महीने का इस्लाम में बहुत महत्व है। लेकिन रमजान का दूसरा अशरा इस्लाम के लिए इतना महत्वपूर्ण है कि रमजान के 19वें दिन नमाज के दौरान कूफा की मस्जिद में अब्दुर-रहमान इब्न मुल्जिम नाम के आतंकवादी ने जहरीली तलवार से हजरत अली पर हमला किया। जिससे आपके सिर में चोट लग गयी। आप दो दिन बीमार थे। 21 रमजान को सुबह के समय उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। उपरोक्त बातें हजरत मौलाना हाजी सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ने कही। वह शुक्रवार को मस्जिद जाफरिया में तीन दिवसीय मजलिस की तीसरी सभा को संबोधित कर रहे थे। मौलाना तहजीबुल हसन ने कहा कि हजरत अली की शहादत से इस्लाम को बहुत नुकसान हुआ। हजरत अली की शहादत के बाद मुसलमान गुटों में बंट गये। हजरत अली की महानता के बारे में अल्लाह के रसूल ने कहा कि अली तुमसे मोहब्बत ईमान कि अलामत है। अली को वही मानेगा जो ईमान वाला है। जलसे को संबोधित करते हुए हजरत मौलाना सैयद तहसील हसन रिजवी ने कहा कि अगर आज के मुसलमान दौलत की पूजा करना बंद कर अल्लाह की इबादत करना शुरू कर दें तो दुनिया की कोई भी ताकत उन्हें किसी भी क्षेत्र में मात नहीं दे सकती। और जब तक हम बंटे रहेंगे, दुश्मन फायदा उठाता रहेगा। बगैर अहले बैत के मोहब्बत दीन और ईमान अधूरा है। हजरत अली की शहादत सुनकर पूरा मजमा रोने लगा, और मस्जिद हजरत अली की सदाओं से गूंजने लगी।

मजलिस के बाद हजरत अली की शहादत की याद में ताबूत निकाले गए। जो मस्जिद जाफरिया, कर्बला चौक से होकर कर्बला पर समाप्त हुआ। सैयद अत्ता इमाम रिजवी ने सोज ख्वानी की। अमीर गोपाल पुरी, कासिम रांची, जाफर अली, इक्तेदार हैदरी, हाशिम अली, शहजादा अनवर ने नोहा खानी की। मजलिस का आयोजन अंजुमन जाफरिया के द्वारा किया गया।

# झारखंड विधानसभा में बाबा भीमराव आंबेडकर व जयपाल सिंह मुंडा की प्रतिमा स्थापित हो : सीपीआई

- **मांगों को लेकर 24 मार्च को झारखंड विधानसभा का किया जाएगा घेराव**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** रांची। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, राष्ट्रीय परिषद के सदस्य पीके पांडे, राज्य कार्यकारिणी के सदस्य जैनेंद्र कुमार भंते, जिला सचिव अजय कुमार सिंह, युवा नेता संतोष कुमार रजक ने शुक्रवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि झारखंड की पूर्व की रघुवर सरकार की एक साजिश के तहत झारखंड विधानसभा में बाबा भीमराव अंबेडकर एवं जयपाल सिंह मुंडा की प्रतिमा नहीं लगायी गयी। वहीं वर्तमान सरकार भी ध्यान नहीं दे रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पांच साल पूर्व अपने चुनावी वादे में कहा था हमारी सरकार बनेगी तो भूमि बैंक को रद्द करेंगे। बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता देंगे, विस्थापन आयोग का गठन करेंगे, स्थानीय नीती नियोजन नीति बनाएंगे, लेकिन 5 साल सरकार चलाने के बाद भी जनता से किए गए वादे को पूरा नहीं किया।

**24 मार्च को झारखंड विधानसभा का घेराव किया जाएगा :** नेताओं ने कहा कि अपनी मांगों को लेकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी अपने सभी जन संगठनों के साथ 24 मार्च 2025 को झारखंड विधानसभा घेराव करेगी। जिसमें विस्थापन आयोग के गठन करने, विस्थापन नीति और स्थानीय नीति बनाने झारखंड आंदोलनकारी को सम्मान राशि देने 60 वर्ष उम्र के किसानों के दस हजार मासिक पेंशन देने असंगठित मजदूरों को 26 हजार रुपए न्यूनतम मजदूर निर्धारित करने अनुसूचित जनजाति आयोग के गठन करने आदि मांगों के समर्थन में झारखंड विधानसभा के घेराव का निर्णय लिया है। राज्य से सभी जिलों से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता भाग्य लेंगे। जिसमें भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव डी राजा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

## दो दिवसीय विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम की हुई शुरुआत

**रांची।** युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा डोरंडा कॉलेज के ऑडिटोरियम में शुक्रवार को नोडल स्तरीय विकसित भारत युवा संसद दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप मे रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजित सिन्हा मौजूद थे। उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण के लिए आगे आने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्षता प्राचार्य डॉ राज कुमार शर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि भारत सबसे युवा देश है, यहां की कुल जनसंख्या का 65 प्रतिशत हिस्सा युवा है, जिससे देश को अपनी युवा ऊर्जा का भरपूर उपयोग करने में मदद मिल सकती है। मंच का संचालन डॉ. अरविंद कुमार और डॉ. पूनम ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. कंचन मुंडा, जिला नोडल अधिकारी और डोरंडा कॉलेज के एनएसएस पी.ओ. ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे मुख्य रूप से एन एस एस कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार,नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी रोशन कुमार, गौरव अग्रवाल ने योगदान दिया।

## भारतीय रिजर्व बैंक, रांची ने आगामी दशक में बैंकिंग और केंद्रीय बैंकिंग पर किया पैनल चर्चा का आयोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को होटल बीएनआर चाणक्य में अगले दशक में बैंकिंग और केंद्रीय बैंकिंग विषय पर पैनल चर्चा का आयोजन किया। इस चर्चा का संचालन भारतीय रिजर्व बैंक रांची के क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन प्रसाद सिंह ने किया। कार्यक्रम में श्यामला गोपीनाथ (पूर्व उप गवर्नर, आरबीआई), गोविंद सिंह (प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक), राकेश श्रीवास्तव (मुख्य महाप्रबंधक, आरबीआई चेन्नई क्षेत्रीय कार्यालय) और केवी बंगारराजू (मुख्य महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक) सहित आरबीआई और बैंकिंग समुदाय के अन्य प्रमुख अधिकारी शामिल हुए। वहीं आभासी माध्यम से चर्चा में भाग लेने वाले प्रमुख पैनलिस्ट थे आदित्य गैहा, मुख्य महाप्रबंधक-प्रभारी, विदेशी मुद्रा विभाग, भारतीय रिजर्व बैंक, आर. केशवन (क्षेत्रीय निदेशक, आरबीआई कोलकाता), और अनिल कुमार शर्मा (निदेशक, इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक)।

अपने उद्घाटन संबोधन में प्रेम रंजन प्रसाद सिंह ने विशिष्ट अतिथियों और पैनलिस्टों का स्वागत करते हुए इस चर्चा को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने बैंकिंग क्षेत्र की डिजिटल परिवर्तन, वित्तीय साक्षरता और संसाधन अनुकूलन में उपलब्धियों को रेखांकित किया, जिन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली है। उन्होंने युवाओं को वित्तीय शासन में शिक्षित करने और वित्तीय जागरूकता बढ़ाने की सफल पहलों का भी उल्लेख किया।

पैनल के सदस्यों ने विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए, जिसके बाद श्यामला गोपीनाथ ने 2015 से 2024 तक के आरबीआई के नौवें दशक की उपलब्धियों पर एक प्रस्तुति दी। चर्चा और प्रस्तुति ने आरबीआई के कामकाज पर गहन अंतर्दृष्टि प्रदान की, जिसे उपस्थित अधिकारियों और बैंकिंग समुदाय ने सराहा।

## खबर एक नजर में

### संसद घेरने जा रहे डॉ सूरज मंडल सहित अनेक आंदोलनकारी गिरफ्तार



**रांची।** पूर्व सांसद और भाजपा नेता डॉ. सूरज मंडल को अखिल भारतीय सम्पूर्ण क्रांति राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामप्रवेश सिंह एवं अन्य लगभग 100 आंदोलनकारियों के साथ शुक्रवार को नयी दिल्ली में जंतर-मंतर से संसद कूच करने के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया। मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में दिल्ली के जंतर मंतर पर धरना देने के बाद जे.पी. सेनानियों को स्वतंत्रता सेनानी के समकक्ष दर्जा एवं अन्य सुविधायें देने की अपनी मांगों के समर्थन में संसद घेराव के लिये जाते आंदोलनकारियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया और बस में भर कर कापसखेड़ा पुलिस थाना में ले गयी।

### एचडीएफसी बैंक झारखंड जोन की विश्लेषणात्मक पदयात्रा आयोजित




**रांची।** एचडीएफसी बैंक के झारखंड जोन ने रांची 1 और रांची 2 समूहों में एक महीने तक चलने वाली, विश्लेषण-आधारित पदयात्रा सफलतापूर्वक शुक्रवार को समाप्त की। इसका उद्देश्य ग्राहकों की भागीदारी को गहरा करना और बाजार पहुंच का विस्तार करना था। पदयात्रा में विभिन्न उद्योगों में दुकानदारों, व्यापारियों और व्यवसायियों के साथ सीधे बातचीत पर ध्यान केंद्रित किया गया। यह पहल क्षेत्रीय प्रमुख अभिषेक कुमार, क्लस्टर प्रमुख धर्मेंद्र कुमार और आदित्य पांडे द्वारा भाग लेने वाली शाखा टीमों की उपस्थिति में शुरू की गई थी।

### इक्फाई विवि के 5वें दीक्षांत समारोह में 231 छात्रों को डिग्री प्रदान की गयी



रांची। इक्फाई विश्वविद्यालय का 5वां दीक्षांत समारोह शुक्रवार को रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन लिमिटेड ऑडिटोरियम जुपमी बिल्डिंग में आयोजित किया गया। झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एम.एस. रामचंद्र राव ने दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता की और साथ ही बतौर मुख्य अतिथि छात्रों को संबोधित किया। दीक्षांत समारोह के दौरान विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक वर्ष 2023-24 में स्नातक करने वाले कुल 231 छात्रों को डिग्री प्रदान की, जिसमें 15 पीएचडी शामिल हैं। 9 स्वर्ण पदक और 9 रजत पदक। विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल डॉ. रंजीत सिंह ने स्वागत भाषण दिया। इस अवसर पर इक्फाई सोसाइटी की अध्यक्ष एन शोभा रानी यशस्वी, अध्यक्ष वी आर शंकर, पूर्व कुलपति प्रो (डॉ.) ओआरएस राव कुलाधिपति प्रो (डॉ.) टीआरके राव और इक्फाई परिवार के सभी सदस्य उपस्थित थे। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रोफेसर (डॉ.) जे बी पटनायक ने झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीशों, कुलपतियों और विभिन्न सरकारी अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति का उल्लेख करते हुए धन्यवाद प्रस्ताव रखा।

### बीआईटी मेसरा के वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव बिटोत्सव में छात्रों ने की मस्ती



**रांची।** बीआईटी मेसरा के वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव बिटोत्सव में शुक्रवार को छात्रों ने खूब मस्ती की। मौके पर द टॉलेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में ताश के पत्तों का उपयोग करके संरचनाओं का निर्माण करना था जिसकी ऊंचाई पर कोई प्रतिबंध नहीं था। विजेताओं का चुनाव संरचनाओं के मूल्यांकन रचनात्मकता, स्थिरता और ऊंचाई के आधार पर किया गया। मौके पर ध्वनि म्यूजिक क्लब द्वारा बैटल ऑफ बैंड्स की शुरूआत कैट हॉल में हुई। इस मौके पर संस्थान के डांस क्लब द्वारा डांस सागा कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें देर शाम तक छात्र झूमते नजर आये।

### पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान में कुल 116 मामलों को सुलझाया गया

**रांची।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची के मार्गदर्शन में परिवार न्यायालयों में लंबित वादों के निस्तारण के लिए विशेष मध्यस्थता अभियान 17 मार्च से चलाया जा रहा था। जिसका समापन शुक्रवार को हो गया। इस अभियान में मध्यस्थों को कुल 116 मामलों को सफलतापूर्वक सुलझाने में सफलता मिली। बता दें कि इस विशेष मध्यस्थता अभियान का अंतिम दिन था। आज परिवार न्यायालयों से कुल 25 मामलों को निस्तारण के लिए मध्यस्थता केंद्र, रांची में भेजा गया था। अधिवक्ताओं व मध्यस्थों की सुझ-बुझ व अथक प्रयास से 23 वादों को सफलतापूर्वक सुलझा लिया गया।

### दिव्यांग, निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह 23 को, तैयारियां पूरी

**रांची।** लायन्स क्लब ऑफ रांची द्वारा विश्व हिंदू परिषद झारखंड सेवा विभाग के सहयोग से 23 मार्च को श्री राणी सती मंदिर रातू रोड स्थित हनुमान बक्श पोद्दार सत्संग भवन में 41 जोड़ियों का पाणिग्रहण संस्कार हेतु आदर्श सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है। लायंस क्लब के अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह एवं विवाह समारोह के संयोजक राजेश कुमार चौधरी ने बताया कि 23 मार्च को आयोजित सामूहिक विवाह समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# अवैध बालू उठाव के खिलाफ कार्रवाई हाईवा मालिक व चालक पर प्राथमिकी

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिल्ली।** डीसी मंजूनाथ भजन्त्री अवैध बालू उठाव की लगातार मिल रही शिकायतों पर खनन टास्क फोर्स के सदस्यों के द्वारा अवैध खनन परिवहन को रोकने के लिए श्याम नगर, झाबरी पेट्रोल टंकी के पास खनिज लदे वाहनों का परिवहन चालान का जाँच किया गया। जिसमें जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त रांची मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा अवैध बालू खनन परिवहन की प्राप्त शिकायत को गंभीरता से लेते हुए अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची उत्कर्ष कुमार को स्पष्ट निर्देश देते हुए कार्रवाई करने का निर्देश दिया जिसपर उन्होंने जिला खनन पदाधिकारी रांची अबु हुसैन ने अपनी दल बल के साथ रात्रि को निरीक्षण शुरू कर दिया जिसमें गुरुवार की रात्री लगभग 9:50 बजे जिला खनन टास्क फोर्स के सदस्यों के द्वारा अवैध खनन परिवहन को रोकने के लिए श्याम नगर, झाबरी पेट्रोल टंकी के पास खनिज लदे वाहनों का परिवहन चालान का जाँच किया जा रहा था जाँच करने के क्रम में बालू लदा हाईवा सं० JH01-DN0894 जो कि सिल्ली से सोनाहातु की ओर जा रहा था परिवहन चालान का जाँच करने के लिए रोकने के लिए ईशारा किया गया तो वाहन चालक वाहन को नहीं रोका और जान बुझकर हाईवा वाहन चालक हाईवा को लेकर आगे सोनाहातु की ओर भाग गया। जिसपर वाहन सं० JH01-DN0894 में अवैध बालू लदा था। वाहन चालक के द्वारा सरकारी काम में बाधा उत्पन्न किया गया बालू एक लघु खनिज एवं बिना परिवहन चालान के बालू (खनिज) का परिवहन करना झारखण्ड लघु खनिज समानुदान नियमावली 2004 (यथासंशोधित) के नियम 54 एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 4 (1) अ एवं 21 एवं झारखंड प्रोविजन का इलीगल मीनिंग ट्रांसपोर्टेशन स्टोरेज अधिनियम 2017 के नियम 9 एवं 13 का उल्लंघन एवं दण्डनीय अपराध है। जिसको लेकर उपरोक्त नियमों एवं धाराओं एवं अन्य भारतीय न्याय संहिता के सुसंगत धाराओं के तहत उपरोक्त वर्णित हाईवा के मालिक, चालक एवं इसमें सम्मिलित अन्य व्यक्तियों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कानुनी कार्रवाई कराने को लेकर सिल्ली थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया।

# केंद्रीय अस्पताल डकरा में सीएसआर के तहत मेडिकल कैंप का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** सीसीएल के उत्तरी करणपुरा क्षेत्र के डकरा स्थित केंद्रीय अस्पताल में शुक्रवार को सीएसआर के तहत मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। शिविर का उदघाटन एनके महाप्रबंधक दिनेश कुमार गुप्ता ने फीता काट कर किया। शिविर में अस्पातल के चिकित्सकों द्वारा टीबी, ब्लड प्रेशर, शुगर, आंख सहित अन्य बीमारियों की जांच किया गया। साथ ही लोगों केबीच निःशुल्क दवा का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर कार्मिक अधिकारी ज्योति कुमार, डॉ प्रभा चौधरी, सुनील कुमार सिंह, सहित चिकित्सक एवं मेडीकल स्टॉफ एवं अन्य उपस्थित थे।

# नीरज भोगता को अंबेडकर जयंती समारोह में शामिल होने का आमंत्रण



**खलारी।** डॉ अम्बेडकर विचार मंच खलारी के संरक्षक राजन सिंह राजा के नेतृत्व में मंच के पदाधिकारी शुक्रवार को सम्यक ज्ञान निकेतन के संरक्षक नीरज भोगता से मिले। इस दौरान मंच के लोगों ने नीरज भोगता को अंबेडकर जयंती समारोह में शामिल होने का आमंत्रण दिया। साथ ही क्षेत्र में व्याप्त बेरोजगारी और सरकारी और प्राइवेट कोल कंपनियों के व्यवस्था और कार्य प्रणाली पर भी चर्चा किया गया। नीरज भोगता ने कहा कि अंबेडकर विचार मंच 1990 से स्वार्थ रहित इस क्षेत्र में विस्थापित प्रभावित परिवारों के लिए संघर्षरत है इसलिए राजन सिंह राजा और मंच के पदाधिकारियों के साथ मिलकर सकरात्मकता के साथ रचनात्मक कार्य करना है क्योंकि मनुष्य का सुकर्मों को ही याद किया जाता है। उन्होने सभी लोगों से अपील है कि अंबेडकर विचार मंच को सामाजिक सरोकारों में रहकर सहयोग करें और कोयालांचल को पूरे भारत में एक आदर्श प्रस्तुत करें। इस मौके पर रवींद्रनाथ चौधरी, अशोक राम, इम्तियाज अंसारी, रवि उरांव, मनोज भुइंया, बुधराम मुंडा, राधा चौहान, श्यामजी महतो उपस्थित थे।

# मुरगू के ग्रामीण फर्जी केस को लेकर आक्रोशित

- चार के खिलाफ प्राथमिकी
- निष्पक्ष जांच की उठी मांग

खबर मन्त्र संवाददाता


थाने पहुंचे मुरगू के ग्रामीण।

**रातू।** मुरगू निवासी पंकज तिवारी की पत्नी रूपम रानी ने गांव के ही रामानंद तिवारी, अविनाश लकड़ा, अमर सिंह व अजय मिर्धा के खिलाफ रातू थाने में 19 मार्च को कांड संख्या 124/25 दर्ज करायी है। ग्रामीण इसे फर्जी बता रहे हैं। शुक्रवार की दोपहर आरोपित समेत दर्जनों लोग थानेदार आरएन सिंह से मिलने थाने पहुंचे। हालांकि, मुलाकात नहीं हो सकी। ग्रामीणों ने पत्रकारों को बताया कि रामानंद तिवारी की मौजा बेलांगी में 5.19 एकड़ खतियानी जमीन है। इस पर वर्षों से उनका दखल-कब्जा है। उक्त भू-खंड पर जमीन कारोबारियों की गिद्द नजर लगी है। फर्जी दस्तावेज के जरिये अंचल कार्यालय से दाखिल-खारिज करा लिया गया है। इसके विरुद्ध श्री तिवारी ने एसडीओ कोर्ट में वाद संख्या एम 150/25 और व्यवहार न्यायालय में ओएस 27/25 दायर किया है, जो विचाराधीन है।

### जमीन पर लगा है धारा-144

श्री तिवारी की अर्जी पर सदर एसडीओ ने उसमें धारा 144 लगा दिया है। इंजेक्शन के लिये भी कोर्ट में आवेदन दिया गया है। इसके बावजूद लोग उस पर कब्जा करने की फिराक में है। गांव के अविनाश लकड़ा, अमर सिंह व अजय मिर्धा, तिवारी के पक्षकार हैं। इसलिये रामानंद समेत चारों पर महिला से थाने में झूठा केस दर्ज कराया गया है। आक्रोशित ग्रामीण मामले की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं।


**कार्यालय, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा**

**अति अल्पकालीन निविदा**

लोहरदगा जिलान्तर्गत जाहेरस्थान, सरना स्थल आदि के लिए पूजन सामग्रियों की आपूर्ति हेतु दिनांक – 28.03.2025 के पूर्वाह्न 11:00 बजे तक कार्यालय, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा में मुहरबंद निविदा आमंत्रित किये जाते है। निविदा उसी दिन अपराहन 3:30 बजे अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में जिला क्रय समिति के समक्ष खोली जायगी, जिसमें निविदादाता या उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।

सामग्रियों की सूची तथा निविदा की शर्ते लोहरदगा जिला के अधिकारिक वेबसाईट www.lohardaga.nic.in कार्यालय, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा के सूचना पट्टा पर देखा जा सकता है।

परियोजना निदेशक,
आई०टी०डी०ए०, लोहरदगा

PR 348893 (Lohardaga)24-25*D



सं० संख्या–5/प्रशि०(क्षेत्रीय क्रय)-07–2023–

**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,**
**निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, रॉंची**

पत्रांक–381 | **निविदा सूचना** | दिनांक–21.03.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के अधीनस्थ औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में New Age Courses हेतु मशीन/टूल्स एवं उपकरण के क्रय से संबंधित विभाग द्वारा e-Tenders (Online Open Tenders) संख्या–Bid No.-DET/New Age Courses/11/2024-25, दिनांक–19.03.2025 को प्राप्ति की अंतिम तिथि दिनांक–24.03.2025 को संध्या–06.00 तक विस्तारित की जाती है एवं उक्त निविदा दिनांक–26.03.2025 के अपर्राह्न 12:30 बजे कमरा नंबर–307, नेपाल हाऊस, डोरण्डा, रॉंची के कक्ष में खोला जायेगा। निविदा हेतु विस्तृत निविदा अभिलेख https://jharkhandtenders.gov.in/nicgep/app पर उपलब्ध है।

ह०/–
उप निदेशक प्रशिक्षण(मु0)
निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड रॉंची

PR 348933 Labour Employment and Traning(24-25)#D


# सरहुल महोत्सव को लेकर सरना धर्मावलंबी उत्साहित

- सरना स्थलों की सफाई शुरू
- बैठकों का सिलसिला जारी

शेख मुजिबुल


थानेदार आरएन सिंह।

**रातू।** प्रखंड में 1 अप्रैल को होने वाले प्रकृति पर्व सरहुल महोत्सव को लेकर सरना धर्मावलंबी बेहद उत्साहित हैं। सरना स्थलों की साफ-सफाई युद्ध स्तर पर किये जा रहे हैं। शोभायात्रा की तैयारी के निमित पूजा समितियों की बैठकों का सिलसिला जारी है। कई समितियों का पुनर्गठन किया जा रहा है। समाज के ऊजार्वान युवाओं को इसकी जिम्मेवारी सौंपी जा रही है। लोगों में अभी से ही जोश और उमंग देखने को मिल रहा है। सरहुल पूजा समिति के अध्यक्ष अमर उरांव की अगुआई में बड़काटोली अखरा से झखराटांड़ तक शोभायात्रा निकाली जायेगी। एसबीएल सरना में पूजा-अर्चना के बाद जुलूस पड़हा भवन पहुंचेगा। काठीटांड़ चौक समेत कई स्थानों में लोगों का पारंपरिक तरीके से स्वागत होगा। इस दौरान शीतल पेयजल, चना व गुड़ बांटे जायेंगे। सिमलिया, दलादिली, तिगरा और कमड़े से भी शोभायात्रा निकलेगी।

### सुरक्षा के कड़े प्रबंध

थानेदार आरएन सिंह ने बताया कि पूजनोत्सव और शोभायात्रा के मद्देनजर सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किये जाएंगे। कार्यक्रम स्थल समेत चौक-चौराहे में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात होंगे। इसके अलावा समितियों के स्वयंसेवक भी मुस्तैद रहेंगे। समिति उनके लिये बैच की व्यवस्था करेगी।

# इटकी : इफ्तार पार्टी का आयोजन


इफ्तार पार्टी में शामिल मंत्री इरफान अंसारी व अन्य।

**इटकी।** युवा कांग्रेस के प्रदेश कोऑर्डिनेटर आरिफ रजा के इटकी मौसीबाड़ी स्थित आवासीय परिसर में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इफ्तार पार्टी में झारखण्ड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी शामिल हुए। उन्होने कहा कि इस तरह के आयोजन से आपसी भाईचारा व सांप्रदायिक सौहार्द बढ़ता है। भाईचारा मजबूत होने से ही समाज, राज्य व देश तरक्की करेगा। इफ्तार पार्टी में देश की एकता अखंडता, भाईचारे, खुशहाली, विश्व में अमन चैन व शांति की सामूहिक दुआ मांगी गयी। मौके पर मो मोईनुद्दीन, तस्लीम अंसारी, मुर्तजा आलम, परवेज राजा, अबरार इमाम सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।


**ऊर्जा विभाग**
**झारखण्ड सरकार**
**विद्युत कार्यपालक अभियन्ता**
**विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं0–2 धुर्वा, रॉंची**

**अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**

ई–निविदा प्रसंग सं0– Energy/EWD/Ranchi/135/2024-25 दिनांक– 21/03/2025

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | झारखण्ड विधान सभा, धुर्वा रॉंची में अधिष्ठापित 22 अदद लिफ्ट (with 24/4CS Device) के तीन वर्षो हेतु वार्षिक सम्पोषण का कार्य। | 72,09,794-00 | 10,000-00 | 1,45,000-00 | तीन वर्ष |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 29.03.2025 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 01.04.2025 के 10.30 बजे पूर्वाह्न से 07.04.2025 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 08.04.2025 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य अंचल, रॉंची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0/ई0 मेल | 0651–2490069/electricalexecutiveengineerewd@gmail.com | | | |

Note :- Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) are to be paid through online mode only as per instruction of IT Dept. Govt. of Jharkhand Letter no.-120 Dated- 03-10-2023.

निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल,रॉंची

PR 348963 (Energy)24-25*D



# आंधी और ओलावृष्टि से किसान निराश भारी नुकसान से अन्नदाता परेशान

खबर मन्त्र संवाददाता


ओलावृष्टि से हुई फसलों की क्षति

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय समेत प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार की सुबह तेज हवा के साथ हुई वर्षा और ओलावृष्टि से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। प्रखंड के सत्रह पंचायत के दर्जनों गांवों में सैंकड़ों किसान वर्षा व ओलावृष्टि से बबार्दी के कगार पर पहुंच गए हैं। वहीं हाड़तोड़ मेहनत करनेवाले अन्नदाता किसानों की फसलें बुरी तरह बर्बाद हो गई हैं। खून पसीने की मेहनत को एक ही झटके में बर्बाद होता देख किसान हताश, निराश, मायुस और परेशान हैं। उन्होंने प्रखंड प्रशासन से बर्बाद हुई फसल के मुआवजे की मांग की है। वर्षा और ओलावृष्टि ने पूरे प्रखंड क्षेत्र में जमकर कहर बरपाया। कहीं कम तो कहीं ज्यादा ओले पड़े हैं। इससे खेतों में तैयार खड़ी गेहूं, सरसों व मकई की फसलों से बालियां झड़ गईं। वहीं खेतों में तैयार मटर, फूलगोभी, बंधागोभी गाजर, मिर्चा, तरबूज, फ्रेंचबीन, टमाटर, लौकी व करेला समेत अन्य सब्जियों की फसलें पूरी तरह से बर्बाद हो गईं। वहीं कई जगहों पर जल जमाव होने व कीचड़ के कारण लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। इधर किसानों ने प्रशासन से नुकसान का तत्काल मुआवजा देने की मांग की है।

### ओलावृष्टि, बारिश व आंधी ने किया काफी नुकसान



**सोनाहातू।** प्रखंड में शुक्रवार सुबह तेज आंधी तूफान, बारिश ओर ओलावृष्टि से काफी नुकसान हुआ है। प्रखंड के बारूहातू गांव में ओलावृष्टि से सब्जी की फसल काफी नष्ट हुए है। गांव में दस एकड़ से अधिक जमीन में तैयार सब्जी की फसल नष्ट हुए है। किसान रतन लाल महतो, उपेंद्र नाथ महतो, मेघनाथ महतो, रघुपति महतो, नरेश महतो,जयकुमार महतो आदि के सब्जी फसल नष्ट हुए है। ओलावृष्टि होने के बाद खेतों में बर्फ की परत जमा हो गई थी। किसानों के बीन, प्याज, भिंडी, खीरा, मिर्ची गोभी आदि फसल नष्ट हुए है।

### आंधी के साथ बारिश से दर्जनों घरों के छप्पर उड़े


ओलावृष्टि से हुए फसल का नुकसान।

इटकी। इटकी प्रखंड क्षेत्र में बेमौसम आंधी के साथ बारिश और ओलावृष्टि होने से दर्जनों घरों के छप्पर उड़े वहीं सैकड़ों एकड़ में लगी किसानों के फसलों को भारी नुकसान हुआ है। शुक्रवार को सुबह नौ बजे अचानक आंधी के साथ बारिश और ओलावृष्टि होने से चिनारो पुरियो पंचायत में डोला, सुग्दा, चिनारो, पुरियो, सौका, लुपुंगा, लावागाई में भारी तबाही हुई है। जहां एक ओर आंधी तूफान से दर्जन भर घरों के छत उड़े, वहीं खेतों में लगी गेहूं, मिर्च, गोभी, मटर, फ्रेंचबीन, बोदी आदि के फसलों भारी नुकसान हुआ है। बीडीओ प्रवीण कुमार ने प्रखंड क्षेत्र में आंधी तूफान, बारिश व ओलावृष्टि से हुए नुकसान का मुआयना किया। क्षतिपूर्ति सरकार से दिलाने का आश्वासन दिया है।

# हत्या के आरोप में तीन पुलिस की हिरासत में

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी थाना की पुलिस ने सुरसू गांव के अनिल प्रजापति की हत्या के आरोप में शुक्रवार को तीन लोगों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ कर रही है। इसमें एक महिला भी शामिल है। फिलहाल, पुलिस इस मामले में कुछ बता नहीं रही है। लेकिन, सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सिकिदिरी थाना क्षेत्र के सुरसू गांव के अनिल प्रजापति की हत्या त्रिकोणीय प्रेम में हुई है। सूत्र बताते है कि अनिल गांव के ही एक विधवा महिला से प्रेम करता था। जबकि गांव के ही एक अन्य युवक से महिला का पहले से प्रेम प्रसंग चल रहा था। महिला ने बुधवार की रात को अनिल को फोन करके मिलने के लिए बुलाया था। जब वह उससे मिलने गया इसके बाद महिला के प्रेमी ने अपने एक दोस्त की मदद से उसकी हत्या करके शव को चेकडैम से निकले नाले के किनारे मिट्टी में गाड़ दिया। हत्या के वक्त महिला भी अपने प्रेमी के साथ घटनास्थल पर ही मौजूद थी।

# सनातन धर्म में श्रीराम का विवाह आदर्श है: संगीता किशोरी

- श्रीराम चरण पखरने का शौभग्य दो लोगों को मिला

### गौशाला धाम ओरमांझी में श्रीराम कथा के पांचवे दिन

खबर मन्त्र संवाददाता


कथावाचिका संगीता किशोरी।


कार्यक्रम के मंच पर श्रीराम व माता सीता व अन्य।

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के गौशाला धाम ओरमांझी में आयोजित संगीतमय श्रीराम कथा महायज्ञ के पांचवे दिन कथावाचिका संगीता किशोरी ने सीता स्वंयवर की प्रसंग के दौरान कहा राजा जनक व केवट मल्लाह दो ही लोग हैं जिन्हे श्रीराम का चरण पखारने का शौभाग्य प्राप्त हुआ था। केवट को उसकी भक्ति ने श्रीराम को नाव में बैठाने व राजा जनक को माता सीता का कन्यादान करने का शौभग्य मिला था। कहा ना जाने किस रूप में नारायण आ जाए, इस लिए प्रत्येक मनुष्य को प्रत्येक जीव से प्रेम करना चाहिए। उन्होने श्रीराम व माता सीता का विवाह को सनातन संस्कृति में आदर्श बताया और कहा विवाह से पूर्व दोनो का कुंडली भी मिलाया गया था। उन्होने सभी से अपने धर्म संस्कृति अनुरूप विवाह करने का आहवान किया, और श्रीराम व सीता विवाह का प्रसंग सुनाते हुए महाराज दशरथ द्वारा श्रीराम को 14 वर्षो का वनवास देना और सीता स्वयंवर को श्रीराम का भाग्य व पराक्रम बताया। कहा भगवान श्रीराम ने शिव धनुष को खंडित करना व सीता को पत्नी के रूप में स्वीकारना, यह सभी संयोग देवताओं द्वारा ही निर्धारित थी। उन्होने श्रीराम के आदर्शो अनुरूप आचरण करने का अहवान करते हुए कहा अभी के समय में लोग इतने झुठ बोलते हैं, कि सत्य का पता नही चलता। कहा भगवान श्रीराम ने अपने विवाह में जिस प्रकार मयार्दा व जिम्मेदारियों का पालन किया। अपने दांपत्य जीवन जीने का यही सर्वोत्तम तरीका है। वहीं राजा जनक द्वारा बारात लेकर आए श्रीराम के पिता राजा दषरथ व उसके रिस्तेदारों से अधिक बारातियों का आवाभगत कर संदेश दिया कि रिस्तेदार को दोबारा सेवा का अवसर मिल सकता है। साथ आए बारातियों की सेवा का अवसर से हमें चुकना नही चाहिए। कथा के दौरान श्रीराम सीता का विवाह की जीवंत झांकी प्रस्तुती देखकर उपस्थित लोग भावविभोर हो श्रीराम की जयकारा कर पुष्प वर्षा करने लगे। वहीं सीयाराम विवाह कथा के दौरान काफी वर्षा हो रही थी। बावजूद काफी संख्या में लोग श्रीराम कथा का रसपान करने पहुंचे थें। कार्यक्रम में मुकेश काबरा, संजय गोयल, काशी प्रसाद कनाई, अशोक सोढ़ानी, प्रमोद सारस्वत, पवन शर्मा, मनोज बजाज, विजय काबरा, महेश्वर सिंह, उदय शर्मा सहित काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थें।


रजिस्ट्री सं० डी एल0–33004/99 | REGD.NO.D.L-33004/99

**भारत का राजपत्र**
**The Gazette of India**

सी.जी.–डी.एल.–अ.–13032025–261597
CG-DL-E-13032025-261597
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II–खण्ड 3–उप–खण्ड (ii)
PART II-Section 3 -Sub-Section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1144] नई दिल्ली, बुद्धवार, मार्च 12, 2025/फाल्गुन 21, 1946
No. 1144] NEW DELHI, WEDNESDAY, MARCH 12, 2025/PHALGUNA 21, 1946

**सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय**
**अधिसूचना**
**नई दिल्ली, 12 मार्च, 2025**

का. आ. 1157(अ)– केन्द्रीय सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उप–धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह समाधान हो जाने के पश्चात् कि झारखंड राज्य के रांची जिले के गाँव– सिठियो, सोदाग, तालुक – नामकुम, गाँव– चेटे, तालुक – नगड़ी मे NH143D के कि.मी. 146.800 से कि.मी. 150.300 (उपायुक्त कार्यालय, रांची) तक के भू–खण्ड के निर्माण (चौड़ीकरण/पेव्ड शोल्डर सहित 2–लेन/4–लेन का बनाना आदि), अनुरक्षण, प्रबन्धन और प्रचालन के लोक प्रयोजन के लिए वह भूमि अपेक्षित है जिसका संक्षिप्त वर्णन नीचे अनुसूची में दिया गया है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है।

कोई भी व्यक्ति, जो उक्त भूमि में हितबद्ध है, उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप– धारा (1) के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग पर राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इक्कीस दिन के भीतर अपनी आपत्ति प्रकट कर सकेगा।

ऐसी प्रत्येक आपत्ति सक्षम प्राधिकारी अर्थात् जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, रांची को लिखित रूप मे प्रस्तुत की जाएगी और उसमें उसके आधार अधिकथित किए जाएंगे और सक्षम प्राधिकारी, आपत्तिकर्ता को व्यक्तिगत रूप मे या किसी विधिक पेशेवर द्वारा सुने जाने का अवसर देगा और ऐसी आपत्तियों की सुनवाई के पश्चात् तथा ऐसी और जाँच करने के पश्चात, यदि कोई हो, जिसे सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे, आदेश द्वारा या तो आपत्तियों को अनुज्ञात कर सकेगा या अननुज्ञात कर सकेगा।

उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप–धारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई भी आदेश अंतिम होगा।

इस अधिसूचना के अंतर्गत आने वाली भूमि के रेखांक और अन्य ब्यौरे सक्षम प्राधिकारी के उक्त कार्यालय में उपलब्ध हैं और उनका हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण किया जा सकता है।

**अनुसूची**

झारखंड राज्य के रांची जिले के गाँव– सिठियो, सोदाग, तालुक – नामकुम, गाँव– चेटे, तालुक – नगड़ी मे NH143D के कि.मी. 146.800 से कि.मी. 150.300 (उपायुक्त कार्यालय, रांची) के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना रहित अथवा संरचना सहित भूमि का संक्षिप्त विवरण

जिला: रांची | [फा.स. NHAI/PIU-GUMLA/LA/143D/3a]/3A]
https://egazette.gov.in | शेख अमीन खान, निदेशक
प्रकाशन तिथि: 12 मार्च, 2025
https://egazette.gov.in
https:/bhoomirashi.gov.in

नोटः– इस अधिसूचना की वास्तविक प्रति सीएएलए/पीआईयू/पीएमयू/आरओ/ईडी के कार्यालय में भी उपलब्ध है और भूमि मालिक वहां भी अधिसूचना देख सकते हैं।

## मौसम का उतार- चढ़ाव

कभी जिस मार्च के महीने को ठंड-गर्म के मिलेजुले सुहावने मौसम के रूप में याद किया जाता रहा है, उस दौरान यदि कई राज्यों में हीटवेव की चेतावनी जारी की जा रही है तो यह हमारी गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। निर्विवाद रूप से यह दीवार पर लिखी इबारत है कि ग्लोबल वार्मिंग का गहरा असर हमारे जन-जीवन पर गहरे तक पड़ रहा है। मौसम के मिजाज में अभूतपूर्व बदलाव देखिए कि जहां हाल ही में कश्मीर, हिमाचल व उत्तराखंड के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी व कुछ राज्यों में बारिश हुई है, वहीं मौसम विभाग ने देश के पांच राज्यों में गर्म हवाएं चलने का अलर्ट जारी किया है। एक ओर जहां झारखंड व ओडिशा में रेड अलर्ट जारी किया गया है तो पश्चिम बंगाल, ओडिशा और महाराष्ट्र में विदर्भ के इलाकों में गर्म हवा चलने की चेतावनी दी गई है। बीते रविवार को ओडिशा के एक शहर का तापमान 43.6 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं झारखंड में कुछ जगह पारा चालीस पार कर गया। पश्चिम बंगाल के कई इलाकों में लू चलने की खबरें हैं। मौसम विज्ञानी हैरत में हैं कि जैसी गर्मी पिछले साल अप्रैल के महीने में महसूस की गई थी, वैसी गर्मी मार्च के मध्य में क्यों महसूस की जा रही है। मौसम विभाग इसकी वजह देश के ऊपर बना उच्च दबाव मानता है। वहीं साफ मौसम की वजह से सूरज की सीधी किरणें तेज पड़ रही हैं। चेतावनी दी जा रही है कि आगामी कुछ दिनों में देश के अधिकांश हिस्से तेज गर्मी की चपेट में आ सकते हैं। ऐसे में हमारी सरकारों को ग्लोबल वार्मिंग के घातक प्रभावों के मद्देनजर बचाव के उपायों को तेज करने की जरूरत है। गर्मी के दुष्प्रभाव पीड़ित लोगों के उपचार के लिये अस्पतालों में आपातकालीन वार्ड बनाए जाने की जरूरत है। मौसम का बदलता पैटर्न और बढ़ती गर्मी से होने वाले परिवर्तनो को पहचनाना आवश्यक है और उसकी तैयारी भी।




मेष : सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है। शुभांक-1-5-7

वृष : परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा। किसी की टीका-टिप्पणी से आपको परेशानी हो सकती हैं। शुभांक-2-5-6

मिथुन : विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। शुभांक-5-7-9

कर्क : पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से कार्य सफल होंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-1-3-6

सिंह : दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता हैं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शुभांक-5-7-9

कन्या : रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-5-7

तुला : संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंग। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। शुभांक-4-6-7

वृश्चिक : कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-6-8

धनु : मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। शुभांक-3-5-7

मकर : शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। पारिवारिक प्रेमभाव बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

कुंभ : विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते है जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-5-7-9

मीन : क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती हैं। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोगो को आश्चर्य में डाल देगें। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा। शुभांक-1-5-8


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 95708-48433
पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com


R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।


# अब भी दुर्गम है महिलाओं के लिए वित्त की राह





- डॉ सत्यभान

**महिलाओं के लिए वित्त के कितने औपचारिक स्त्रोत उपलब्ध हैं? सूक्ष्म और लघु उद्यमों को वित्तीय मदद देने के मकसद से शुरू की गई मुद्रा (माइक्रो यूनिट्स डेवलपमेंट ऐंड रीफाइनैंस एजेंसी) योजना पर गौर करते हैं। मुद्रा की शुरूआत 2015 में की गई थी और तब से 2023-24 तक 47.8 करोड़ मुद्रा खाते खोले गए हैं। इनमें 32.4 करोड़ यानी लगभग 67.92 फीसदी खाते महिलाओं के हैं।**

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर इस बार कारोबारी अखबारों में कई चौंकाने वाली रिपोर्ट दिखीं। जैसे 2024 में पुरुष उद्यमियों ने तकनीकी स्टार्टअप के लिए 10.8 अरब डॉलर जुटा लिए मगर महिलाओं द्वारा स्थापित कंपनियों को केवल 1 अरब डॉलर मिल सके। लेकिन उसी साल महिलाओं ने 14 फीसदी ज्यादा मकान खरीदे, जबकि पुरुषों द्वारा आवासीय खरीद केवल 11 फीसदी बढ़ी। वित्तीय क्षेत्र में बेशक 20 फीसदी कर्मचारी महिला हैं किंतु इक्विटी के सौदे कराने वालों में 20 पुरुष डीलरों के मुकाबले केवल 1 महिला डीलर है।

इस साल गणतंत्र दिवस की परेड में ग्रामीण विकास मंत्रालय की ‌ह्यलखपति दीदी‌ह्ण झांकी पर सबका ध्यान गया। इसमें लखपति दीदी योजना को केंद्र में रखकर दिखाया गया था कि उद्यमशीलता के जरिये महिलाओं का आर्थिक सशक्तीकरण किस तरह हो रहा है। इस योजना के तहत महिला स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों को कम से कम एक लाख रुपये की सहायता सुनिश्चित की जाती है। मंत्रालय का दावा है कि स्वयं सहायता समूहों की कम से कम 1.15 करोड़ महिला सदस्य ‌ह्यलखपति दीदी‌ह्ण बन चुकी हैं। अब तक 10 करोड़ से अधिक ग्रामीण महिलाएं 9.9 करोड़ स्वयं सहायता समूहों में शामिल हो चुकी हैं। उनमें से लगभग 300 ‌ह्यलखपति दीदी‌ह्ण बतौर विशेष अतिथि परेड में शामिल हुई थीं।

भारत में उद्यमशीलता में महिलाओं की भूमिका देखते हुए यह बड़ी बात है। नीति आयोग के आंकड़े बताते हैं कि उद्यमियों में केवल 13.76 फीसदी महिलाएं हैं, जो देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 17 फीसदी योगदान करती हैं। यह 37 फीसदी वैश्विक औसत से बहुत कम है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के आंकड़ों के मुताबिक 2022 में केवल 19.2 फीसदी भारतीय महिलाएं श्रमबल का हिस्सा थीं। इससे पता चलता है कि महिलाओं और पुरुषों के रोजगार में कितना फर्क है।

आंकड़े बताते हैं कि महिला उद्यमशीलता की प्रगति और सफलता के मामले में भारत 65 देशों में 57वें स्थान पर है। लेकिन हम इतने नीचे क्यों हैं? भारत के 6.1 करोड़ सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) में से केवल 20 फीसदी की कमान महिलाओं के हाथ में है और उनमें आधे ग्रामीण क्षेत्र में काम कर रहे हैं। 5.26 फीसदी लघु उद्यम और 2.67 मझोले उद्यमों की अगुआई महिलाएं कर रही हैं। स्थिति बदलने की कोशिश चल रही हैं। महिलाएं हमेशा से स्वयं सहायता समूहों के जरिये कर्ज लेती आई हैं मगर अब खास तौर पर उनके लिए नए विकल्प तैयार करने का प्रयास चल रहा है।

2023-24 की आर्थिक समीक्षा बताती है कि शिक्षा, कौशल विकास और महिला सशक्तीकरण के अन्य कार्यक्रमों की उपलब्धता बढ़ने के साथ ही भारत की प्रगति में महिलाओं की भागीदारी भी बढ़ रही है। ग्रामीण भारत इस नए चलन को रफ्तार दे रहा है और श्रमबल में महिलाओं की भागीदारी की दर 2022-23 में बढ़कर 37 फीसदी हो गई है, जो 2017-18 में 23.3 फीसदी ही थी। प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत 54.58 करोड़ बैंक खाते खुले हैं, जिनमें 30.37 करोड़ खाते (15 जनवरी 2025 तक) महिलाओं के हैं।

समीक्षा के मुताबिक प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत 68 फीसदी ऋण महिला उद्यमियों को दिए गए हैं और ‌ह्यस्टैंड अप इंडिया‌ह्ण के अंतर्गत 77.7 फीसदी लाभार्थी (मई 2024 तक) महिलाएं ही हैं। स्टैंड अप इंडिया महिलाओं और अनुसूचित जातियों तथा जनजातियों के उद्यमियों को नए कारोबार शुरू करने के लिए बैंक ऋण दिलाती है। ‌ह्यस्टार्ट अप इंडिया‌ह्ण नवाचार और प्रौद्योगिकी से चलने वाले नए कारोबारों को बढ़ावा तथा मदद देने के लिए शुरू की गई सरकारी योजना है।

महिलाओं के लिए वित्त के कितने औपचारिक स्त्रोत उपलब्ध हैं? सूक्ष्म और लघु उद्यमों को वित्तीय मदद देने के मकसद से शुरू की गई मुद्रा (माइक्रो यूनिट्स डेवलपमेंट ऐंड रीफाइनैंस एजेंसी) योजना पर गौर करते हैं। मुद्रा की शुरूआत 2015 में की गई थी और तब से 2023-24 तक 47.8 करोड़ मुद्रा खाते खोले गए हैं। इनमें 32.4 करोड़ यानी लगभग 67.92 फीसदी खाते महिलाओं के हैं। किंतु इसके तहत मंजूर कुल रकम में 44.46 फीसदी हिस्सेदारी ही महिलाओं की है और वितरित धनराशि में केवल 44.07 फीसदी उनके हिस्से आई है।मुद्रा ऋण महिलाओं को ज्यादा मिल रहा है मगर मंजूर किए गए प्रति व्यक्ति ऋण को देखें तो उन्हें पुरुषों से कम रकम मिल रही है। जाहिर है कि महिलाओं की अगुआई वाले उद्यमों को उतना कर्ज नहीं मिल रहा, जितना उनके विस्तार के लिए जरूरी है। अगर हम मान लें कि माइक्रोफाइनैंस संस्थान (एमएफआई) केवल महिलाओं को कर्ज देते हैं तो वित्त वर्ष 2024 में 23.96 फीसदी खाते महिलाओं के थे। मगर 2022-23 के 25.01 फीसदी और 2021-22 के 25.98 फीसदी से ये कम हैं।

अब 2020-21 को आधार मानकर साल-दर-साल खुले महिलाओं के खातों और उन्हें दिए गए कर्ज पर नजर डालते हैं। वित्त वर्ष 22 में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में महिला खाताधारकों की संख्या 19 लाख घट गई मगर अगले वित्त वर्ष में 17 लाख तथा 2023-24 में 14 लाख महिलाओं ने खाते खुलवाए। निजी बैंकों ने 2021-22 में में 45 लाख महिलाओं के नए खाते खोले मगर 2022-23 में 16 लाख और 2023-24 में 11 लाख खाते बंद हो गए।

गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) पर नजर डालें तो 2021-22 में 1 लाख खाते घटे मगर उधार लेने वाली महिलाओं की संख्या 2022-23 में 16 लाख और 2023-24 में 4 लाख बढ़ गई। मगर मुद्रा योजना के तहत नई महिला कर्जदारों की संख्या लघु वित्त बैंकों में लगातार घट रही है। 2021-22 में आंकड़ा 18 लाख था, जो अगले वित्त वर्ष में घटकर 8 लाख और 2023-24 में 7 लाख रह गया।

महिलाओं को मिला कर्ज देखें तो 2021-22 में सरकारी बैंकों ने 4,000 करोड़ रुपये कम ऋण दिया मगर अगले वित्त वर्ष में 41,000 करोड़ रुपये ज्यादा दिए गए। 2023-24 में एक बार फिर ऋण वितरण में 21,000 करोड़ रुपये कमी आ गई। उनके उलट निजी बैंकों से नया कर्ज लगातार बढ़ रहा है। 2021-22 और 2022-23 में 24,000 करोड़ रुपये के नए कर्ज दिए गए और 2023-24 में 34,000 करोड़ रुपये के नए कर्ज मिले। लघु वित्त बैंकों ने 2021-22 में 10,000 करोड़ रुपये के नए कर्ज दिए थे किंतु आंकड़ा घटते हुए 2023-34 में 7,000 करोड़ रुपये ही रह गया। एमएफआई से नए कर्ज 2021-22 में 2,000 करोड़ रुपये थे, जो बढ़कर 2022-23 में 18,000 करोड़ रुपये हो गए मगर अगले वित्त वर्ष में घटकर 10,000 करोड़ रुपये रह गए।

भारत को 2047 तक विकसित देश बनना है तो महिलाओं को काम मिलना भी उतना ही जरूरी है जितना कर्ज मिलना। उम्मीद है कि दोनों में ही तेजी आएगी।

लेटर टू एडिटर

### ग्लोबल वार्मिंग का असर

यह तथ्य सर्वविदित है कि ग्लोबल वार्मिंग का असर विश्वव्यापी है, लेकिन भारत जैसे विशाल आबादी वाले देश के लिए यह प्रभाव कालांतर में खाद्य संकट पैदा करने वाला साबित हो सकता है। तापमान बढ़ने से जो जल स्तर बढ़ रहा है, उसके चलते देश के कई द्वीपों व समुद्रतटीय इलाकों में जीवन पर संकट मंडराने लगा है। यह संकट पहाड़ी राज्यों में असर डाल रहा है। जहां बर्फबारी कम होने से फल व खाद्यान्न उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। यहां तक कि उत्तराखंड में शीतकालीन खेलों की पहचान रखने वाले औली में कम बर्फ पड़ने के कारण इस बार भी शीतकालीन खेलों को स्थगित करना पड़ा है। वातावरण में बढ़ते तापमान के कारण यहां बर्फ समय से पहले ही पिघल गई। बीते साल देश के विभिन्न राज्यों में लू चलने की संख्या पिछले डेढ़ दशक में सबसे ज्यादा थी।

**– जीवीएस शास्त्री, रांची**

ट्वीट

**झारखंड** विधानसभा का बजट सत्र चल रहा है. सदन में माननीय सदस्यों के हर एक सवाल को लेकर सरकार गंभीर है. खासकर कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री होने के नाते विभाग से संबंधित माननीय सदस्यों के सवाल का सटीक और तर्कपूर्ण जवाब से संतुष्ट करना मेरी प्राथमिकता है(

**– शिल्पी नेहा तिर्की, मंत्री**

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र 2025 के 14वें दिन की कार्यवाही में सक्रिय योगदान देने का अवसर मिला। जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा हुई, जिससे प्रदेश के विकास और जनता की अपेक्षाओं को प्रभावी रूप से सदन में रखने का मौका मिला।

**– चमरा लिंडा**

# 1 करोड़ युवाओं को नौकरी का मौका!

जॉब्स

**जानिए क्यों खाली रह गए लाखों इंटर्नशिप के ऑफर**

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत जुबिलेंट फूडवर्क्स लिमिटेड, मारुति सुजुकी, ओएनजीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज और आयशर मोटर्स उन पांच कंपनियों में शामिल हैं जिन्होंने सबसे ज्यादा इंटर्नशिप के मौके दिए हैं। यह जानकारी संसद में पेश की गई कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय (टउअ) की रिपोर्ट में सामने आई है।

रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि योजना को चलाने में कुछ दिक्कतें आ रही हैं। जैसे, जितनी इंटर्नशिप के मौके कंपनियां दे रही हैं, उतने लोग उसे जॉइन नहीं कर रहे। इसके अलावा, इंटर्नशिप करने वाले लड़के ज्यादा हैं और लड़कियां कम। लड़कों की संख्या 72% है और लड़कियों की 28%। साथ ही, सरकार ने इस योजना के लिए जितना पैसा रखा था, उसका पूरा इस्तेमाल भी नहीं हो पाया है। संसद की समिति ने मंत्रालय से कहा है कि इन दिक्कतों को जल्दी सुलझाए और ज्यादा लोगों तक योजना की जानकारी पहुंचाए।

### कितने लोगों ने लिया फायदा?

योजना के पहले चरण में 1.27 लाख इंटर्नशिप के मौके दिए गए थे और दूसरे चरण में 1.15 लाख मौके। दिसंबर 2024 से अब तक 28,000 से ज्यादा युवाओं ने इंटर्नशिप का ऑफर स्वीकार किया है, लेकिन इनमें से सिर्फ 8,700 युवाओं ने इंटर्नशिप शुरू की है।

उत्तर प्रदेश के सबसे ज्यादा 1,234 युवाओं ने योजना के तहत इंटर्नशिप शुरू की है। इसके बाद असम के 994, बिहार के 715 और मध्य प्रदेश के 693 युवाओं ने जॉइन किया है।

**लड़कियों और लड़कों का अनुपात**

पुरुष 72%
महिला 28%

उम्र के हिसाब से संख्या

| | |
|---|---|
| 21 | 32% |
| 22 | 35% |
| 23 | 33% |

क्यों कम हो रही है इंटर्नशिप में रुचि?

मंत्रालय ने बताया कि कई वजहों से युवाओं की भागीदारी कम हो रही है। सबसे बड़ी वजह यह है कि इंटर्नशिप की जगह घर से बहुत दूर होती है। युवाओं ने कहा है कि अगर इंटर्नशिप उनके घर से 5 से 10 किलोमीटर के अंदर हो तो वे आसानी से जॉइन कर सकते हैं। इसके अलावा, इंटर्नशिप की अवधि लंबी होने और उनकी पढ़ाई या रुचि के हिसाब से सही काम न मिलने की वजह से भी लोग पीछे हट रहे हैं। साथ ही, आईटीआई और पॉलिटेक्निक के छात्रों के लिए उम्र सीमा कम करने की भी मांग उठ रही है।

योजना को सुधारने के लिए कदम

मंत्रालय ने बताया है कि वे इस योजना को बेहतर बनाने के लिए लगातार छात्रों से फीडबैक ले रहे हैं। इसके लिए आईआईएम-बेंगलुरु, दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, सिम्बायोसिस और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कॉरपोरेट अफेयर्स जैसे बड़े संस्थान छात्रों से राय ले रहे हैं।

समिति ने यह सुझाव दिया है कि सभी राज्यों में एक खास एजेंसी बनाई जाए, जो इस योजना को ठीक से लागू करे और देखरेख करे। इससे देशभर में ज्यादा से ज्यादा युवाओं को नौकरी के लिए जरूरी स्किल्स मिल पाएंगे।

### बजट और कंपनियों की भागीदारी

योजना के पहले चरण में 280 कंपनियां शामिल हुई थीं। दूसरे चरण में इनकी संख्या बढ़कर 318 हो गई। वित्त वर्ष 2024-25 में इस योजना के लिए पहले 2000 करोड़ रुपये का बजट रखा गया था, जिसे घटाकर 380 करोड़ रुपये कर दिया गया। लेकिन फरवरी 2025 तक केवल 21.10 करोड़ रुपये ही खर्च हो पाए। हालांकि, अगले साल 2025-26 में सरकार ने इस योजना के लिए बजट बढ़ाकर 10,831.07 करोड़ रुपये कर दिया है।

### एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप देने का लक्ष्य

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना की घोषणा बजट 2024-25 में की गई थी। सरकार का लक्ष्य है कि अगले पांच सालों में देश की 500 बड़ी कंपनियों में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप का मौका दिया जाए। इस योजना की शुरूआत 3 अक्टूबर 2024 को पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर हुई थी। पहले साल यानी 2024-25 में 1.25 लाख युवाओं को इंटर्नशिप का मौका देने का लक्ष्य रखा गया। समिति ने मंत्रालय से कहा है कि वह तेजी से काम करे और इन दिक्कतों को दूर करके ज्यादा से ज्यादा युवाओं को इसका फायदा पहुंचाए।

# दुरुस्त हो सूर्य घर बिजली योजना

एनर्जी

मॉड्यूल के आकार और उपकरणों की गुणवत्ता में फर्क होने के कारण उपकरण को लगाने यानी इंस्टॉलेशन में समस्या आने लगी और उपभोक्ता उसे लगवाने से इनकार करने लगे।

भारत में सौर ऊर्जा के अपेक्षाकृत कम उत्पादन और ताप बिजली पर अधिक निर्भरता देखकर पिछले वर्ष फरवरी में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का ऐलान किया गया। इसे बड़ी क्रांतिकारी योजना माना गया था। मार्च 2027 तक 1 करोड़ घरों में सौर ऊर्जा आपूर्ति शुरू करने के मकसद वाली इस योजना के तहत रिहायशी घरों को 1 किलोवाट सौर ऊर्जा प्रणाली पर 30,000 रुपये, 2 किलोवाट पर 60,000 रुपये और 3 तथा उससे अधिक किलोवाट वाली प्रणाली पर 78,000 रुपये सब्सिडी दी जाती है। इससे घरों में बिजली का बिल तो घटेगा ही, वे बची हुई बिजली ग्रिड को बेच भी सकते हैं। इस योजना को सफल बनाने के लिए सब कुछ था। इसे जमकर रकम भी मिलीः 2024-25 के बजट में 6,250 करोड़ रुपये आवंटित किए गए, जो बढ़ाकर 11,100 करोड़ रुपये कर दिए गए और 2025-26 के बजट में इसके लिए 20,000 करोड़ रुपये तय किए गए। सरकार ने ऑनलाइन पोर्टल बनाकर आवेदन प्रक्रिया को सरल भी बनाया है और बैंक से कर्ज की प्रक्रिया सुगम की है। योजना के तहत मांग भी खूब रही और 47.3 लाख आवेदन आए। मगर साल भर गुजरने के बाद भी योजना का प्रदर्शन कमजोर ही रहा है।

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक इस वर्ष 10 मार्च तक 10 फीसदी लक्ष्य ही हासिल हो पाया है। कुछ रिपोर्ट के अनुसार हर महीने औसतन 70,000 घरों में सौर ऊर्जा प्रणाली लग रही हैं। इस रफ्तार से तो 2026 तक 30 फीसदी लक्ष्य ही पूरा हो पाएगा। देश के विभिन्न इलाकों में रफ्तार भी अलग है, मसलन दो-तिहाई प्रणालियां तो गुजरात और महाराष्ट्र में ही लगी हैं। हालांकि इन दोनों राज्यों में सबसे ज्यादा बिजली खपत होती है मगर योजना सभी राज्यों में समान गति से क्रियान्वित होती तो देश की बड़ी आबादी को इसके फायदे मिल पाते।

उपकरणों में गुणवत्ता और मानकीकरण की कमी इस सुस्ती की बड़ी वजह है मगर उसे आसानी से दूर किया जा सकता है। छत पर सौर ऊर्जा उपकरण (रूफटॉप सोलर सिस्टम) लगाने के बाजार में कम अनुभव वाली नई कंपनियां आ जाएं तो काम खराब होने ही लगता है। मरकॉम इंडिया के एक अनुसंधान में पता लगा कि सौर ऊर्जा का अपना कार्यक्रम छोड़कर सूर्य घर बिजली योजना अपनाने वाले राज्य केरल में नेट मीटरिंग मॉड्यूल जैसी अनिवार्य गुणवत्ता जांच को क्रियान्वयन एजेंसी ने नजरअंदाज कर दिया। मॉड्यूल के आकार और उपकरणों की गुणवत्ता में फर्क होने के कारण उपकरण को लगाने यानी इंस्टॉलेशन में समस्या आने लगी और उपभोक्ता उसे लगवाने से इनकार करने लगे।

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय रूफटॉप सोलर सिस्टम में इस्तेमाल होने वाले विभिन्न पुर्जों के लिए मानक तय कर इस समस्या को दूर कर सकता है। कुछ सरकारी बिजली वितरण कंपनियों में पुरानी दिक्कतों ने भी योजना में बाधा डाली है। गुजरात की कंपनियों जैसी कुछ वितरण कंपनियां योजना के क्रियान्वयन में बहुत आगे रही हैं मगर दूसरी कंपनियों को डर है कि सौर ऊर्जा को ग्रिड में लेने पर उनकी माली हालत पहले से भी ज्यादा खस्ता हो जाएगी। साथ ही वे सौर ऊर्जा लेने को इसलिए भी तैयार नहीं हैं क्योंकि यह केवल दिन में ही मिल सकती है।

सरकार वैसी ही सक्रियता दिखाए, जैसी उसने स्वच्छ भारत और हर घर नल से जल जैसी योजनाओं के लिए दिखाई थी तो प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का प्रदर्शन और भी चमक सकता है। गर्मियों में तापमान लगातार बढ़ रहा है, इसलिए भारत को ताप बिजली पर अपनी निर्भरता फौरन कम करनी चाहिए।



**ग्वालियर प्रवास के दौरान यहां के ऐतिहासिक गुरुद्वारा बंदी छोड़ साहिब के पुण्य दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यह पवित्र स्थल गुरु हरगोबिंद साहिब जी के द्वारा 52 राजाओं को मुक्त कराया गया। साभारः अजय सानी**

कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### करमा परियोजना का डीजीएमएस व सेफ्टी बोर्ड सदस्य ने किया निरीक्षण



**कुजू।** सीसीएल कुजू क्षेत्र के करमा परियोजना में सीसीएल कर्मी सह टैंकर चालक विश्वनाथ महतो तोयरा निवासी को छिड़काव करने को लेकर हॉल रोड से खदान में पानी लेने के लिए उतरने के दौरान हुए टैंकर पलटने की घटना के बाद गुरूवार को सीसीएल मुख्यालय के खान सुरक्षा निरीक्षक (डीजीएमएस) आरके राव ने परियोजना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौजूद अधिकारियों से घटना की जानकारी लिया। साथ ही कहा कि कोयला कामगारों की सुरक्षा में कोई चुक न हो इसके लिए सजग रहने की जरूरत है। साथ ही उन्होंने मौजूद अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। मौके पर एरिया सेफ्टी ऑफिसर राजू रविदास, खान प्रबंधक संजय कुमार सिंह, परियोजना अभियंता उत्खनन एके दास, सेफ्टी अधिकारी राजकुमार, एमके भदाई आदि शामिल थे। मौके पर क्षेत्रीय सचिव जगदीश महतो, उमेश प्रसाद साव, नंदकिशोर प्रसाद धनेश्वर महतो, राजकुमार महतो, शशि कुमार, शेख समीउल्लाह, गुलाब महतो, सुरेंद्र नायक, हेमंत कुमार आदि शामिल थे।

### 62 बच्चों की हुयी फ्लोरोसिस जांच



**रामगढ़।** राष्ट्रीय फ्लोरोसिस नियंत्रण के अंतर्गत शुक्रवार को सिविल सर्जन रामगढ़ डॉ. महालक्ष्मी प्रसाद एवं जिला नोडल पदाधिकारी राष्ट्रीय फ्लोरोसिस नियंत्रण कार्यक्रम डॉ तूलिका रानी के नेतृत्व में पब्लिक स्कूल घुटवा, पतरातू में जांच शिविर लगाया गया। शिविर में विद्यालय के पानी के सैंपल में भी फ्लोराईड की जांच की गयी। कुल मिलाकर 62 बच्चों की जांच डॉ पल्लवी कौशल, डिस्ट्रिक्ट कंसलटेंट एवं सीएचओ स्नेहा कुमारी, एएएम घुटूवा द्वारा की गई। कुल 20 बच्चों में जांच उपरान्त लक्षण पाए जाने पर उनके पेशाब का सैंपल लेकर लैब टेक्नीशियन जीतेन्द्र कुमार द्वारा जांच उपरान्त 14 बच्चों में इस बीमारी कि पुष्टि हुई। शिविर में फ्लोरोसिस बीमारी से संबंधित जानकारी भी बच्चों व स्कूल के स्टाफ को दी गई। डॉ पल्लवी कौशल, डिस्ट्रिक्ट कंसलटेंट ने बताया कि फ्लोरोसिस बीमारी पीने के पानी में अधिक मात्रा में पाये जाने वाले फ्लोराइड तत्व के कारण होती हैं । साथ ही साथ सेंधा नमक, काला नमक, लाल चाय के सेवन से भी फ्लोरोसिस की बीमारी की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने सभी को अपने आहार में हरी पत्तेदार सब्जीयां, खट्टे फल जैसें संतरा, निबू, आवला एवं दूध से बने पदार्थ खाने की सलाह दी।

### डकरा में मजदूर यूनियन का सम्मलेन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** इनके एरिया के वीआईपी रेस्ट हाउस डकरा में शुक्रवार को कोल फील्ड मजदूर यूनियन का दो दिवसीय 36वां सम्मलेन का आयोजन किया गया। यह सम्मेलन 22 मार्च को संपन्न होगा। सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि एचएमएस के महामंत्री हरभजन सिंह सिद्धू, पूर्व मंत्री सह कोल फील्ड मजदूर यूनियन के अध्यक्ष गिरिनाथ सिंह और कोलफील्ड मजदूर यूनियन के महामंत्री राघवन रघुनंदन उपस्थित थे। इस सम्मेलन में बरका-सयाल क्षेत्र से उदय कुमार सिंह, रमाकांत दुबे, अशोक कुमार गुप्ता, संजय यादव, पप्पू सिंह, विनोद साव, मनोज कुमार सिंह, मनोज कुमार, गौरी शंकर, आशीष कुमार साहू, बैजनाथ केवट, सनोज हरिजन, योगी मांझी आदि शामिल हुए।

### बाइक चोरी का ओपी में आवेदन

कुजू। बाइक चोरी होने को लेकर होन्हेमोढ़ा निवासी मनोज महतो ने कुजू ओपी में आवेदन दिया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि गुरुवार को सब्जी खरीदने को लेकर आरा कांटा बाजार गया हुआ था। इस दौरान अपनी बाइक स्प्लेंडर प्लस संख्या जेएच01ईए-7277 को खड़ा कर सब्जी लेने के लिए चला गया। वापस लौटा तो देखा कि बाइक गायब है। काफी खोजबीन करने के बावजूद भी बाइक का कुछ पता नहीं चला। उन्होंने पुलिस से छानबीन कर बाइक बरामदगी करने की गुहार लगाई है।

### ओलिंपियाड में अग्रसेन स्कूल के 16 बच्चों को नेशनल और 46 को मिला स्टेट रैंक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा के 16 विद्यार्थियों को ब्लूम ओलिंपियाड परीक्षा में नेशनल रैंक मिला है। इसके अलावा 46 विद्यार्थियों ने स्टेट रैंक प्राप्त किया है। अलग-अलग कक्षा के कई विद्यार्थियों को गोल्ड व सिल्वर मेडल भी मिला है। शुक्रवार को स्कूल में सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यार्थी अंग्रेजी, गणित, साइंस, हिंदी, रीजनिंग के ओलिंपियाड में शामिल हुए थे। नेशनल रैंक पाने वालों में नेहाल अंसारी, अंकिता कुमारी, परी कुमारी, मरियम खातून, माही कुमारी, प्रीति कुमारी, मेहर परवीन, राबिलाह फातिमा, नवीन कुमार, साक्षी मुंडा, आदित्य सिन्हा, अंशु कुमार, मनीष कुमार, अंजली कुमारी, आर्यन कुमार बेदिया, साक्षी मुंडा शामिल हैं। विद्यार्थियों की सफलता पर प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि छात्रों ने नेशनल और स्टेट रैंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा को साबित करते हुए विद्यालय का मान बढ़ाया है। हमारी कोशिश होती है कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें और आगे बढ़ने के लिए लगातार प्रोत्साहित करते रहें। इसी उद्देश्य से ओलिंपियाड को विधिवत स्कूल के सिलेबस में शामिल कर उसकी पढ़ाई कराई जाती है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं से बच्चों को भविष्य में सीख भी मिलती है। बच्चों की सफलता पर ओलिंपियाड कोऑर्डिनेटर अंकित विश्वकर्मा, सूरज सिंह, विजय शर्मा सहित शिक्षकों ने बधाई दी।

# वसंत यादव बने हजारीबाग रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- पहली बार ग्रामीण युवक को महासमिति का नेतृत्व सौंपा गया
- सांसद मनीष जायसवाल विधायक प्रदीप प्रसाद समेत कई लोगों ने दी बधाई



**हजारीबाग।** हजारीबाग की ऐतिहासिक रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष पद का चुनाव संपन्न हो गया, जिसमें पहली बार ग्रामीण क्षेत्र के एक युवा को यह बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई। सदर प्रखंड के बांका गांव के वसंत यादव ने रिकॉर्ड 116 मतों के साथ जीत हासिल कर अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया। यह पहली बार है जब शहर के बाहर से किसी ग्रामीण युवक को महासमिति का नेतृत्व सौंपा गया है। रामनवमी महासमिति के इस चुनाव में चार युवा प्रत्याशी मैदान में थे।

वसंत यादव ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी विशाल बाल्मीकि (61 मत) को बड़े अंतर से हराया। अन्य प्रत्याशियों में दिलीप गोप को 30 और मीत यादव को 15 मत प्राप्त हुए। इस ऐतिहासिक जीत के साथ ही हजारीबाग में उत्साह की लहर दौड़ गई, और जय श्रीराम व वीर हनुमान के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। चुनाव संचालन समिति के अध्यक्ष प्रशांत प्रधान और बड़ा अखाड़ा के महंत विजयानंद दास ने वसंत यादव के नाम की घोषणा की। विजयनंद दास ने इस चुनाव को सनातन धर्म और लोकशक्ति की जीत बताया।

वहीं, संरक्षण समिति ने वसंत यादव को बधाई देते हुए कहा कि रामनवमी की ऐतिहासिक परंपरा को बनाए रखने में वे पूरी निष्ठा और समर्पण से कार्य करें। नवनिर्वाचित अध्यक्ष वसंत यादव ने सभी अखाड़ों, पूर्व पदाधिकारियों और महासमिति के सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने संकल्प लिया कि इस वर्ष रामनवमी को भक्तिभाव, शांतिपूर्ण वातावरण और भाईचारे के साथ नशामुक्त आयोजन के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने की प्रतिबद्धता भी जताई। विजय के बाद वसंत यादव ने पंच मंदिर, हनुमान मंदिर और बुढ़वा महादेव मंदिर में जाकर आशीर्वाद लिया। मौके पर हजारों की संख्या में रामभक्त उपस्थित थे। साथ ही, सांसद मनीष जायसवाल, विधायक प्रदीप प्रसाद, कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह और समाजसेवी किशोरी राणा समेत कई लोगों ने उन्हें बधाई दी। हजारीबाग की विश्वविख्यात रामनवमी अब और भव्य स्वरूप में आयोजित होने की उम्मीद है, जहां ग्रामीण नेतृत्व एक नया अध्याय लिखने जा रहा है।

# रिश्वत लेकर दिया गया अबुआ आवास

## तीन लाभुकों से वापस ली जायेगी राशि : डीसी

**रामगढ़।** अबुआ आवास जैसी महत्वाकांक्षी योजना गरीबों को छत देने के लिए बनाई गई है। लेकिन मुखिया और पंचायत सचिव की ओर से रिश्वत लेकर गरीबों का हक छीनने का मामला शुक्रवार को प्रकाश में आया है। मांडू प्रखंड के बड़का चुंबा पंचायत से जब यह शिकायत सामने आई तो डीसी चंदन कुमार ने तत्काल कार्रवाई की। उन्होंने इस पूरे मामले की तहकीकात कराई और रिश्वत देकर अबुआ आवास का लाभ लेने वाले तीन लाभुकों पर कार्रवाई करने का आदेश दिया है। तीनों लाभुकों आवंटित की गई राशि की रिकवरी की जाएगी। डीडीसी रोबिन टोप्पो ने बताया कि बड़काचुंबा पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना और इंदिरा आवास योजना के तहत लाभ प्राप्त कर चुके लोगों को पुनः अबुआ आवास योजना के तहत लाभ दिया गया था। इस मामले में बीडीओ मांडू को पत्र लिखकर मामले की स्थल जांच कराई गई। इसमें पंचायत सचिव, लाभुक और मुखिया तीनों की मिलीभगत स्पष्ट हो गई। जांच में यह भी स्पष्ट हो गया की मोटी रकम लेकर योजना का लाभ दिया गया है। डीडीसी ने बताया कि पूर्व में प्रधानमंत्री आवास प्राप्त व्यक्तियों दुखन प्रजापति पिता बैजनाथ प्रजापति जिसका आईडी.-जेएच 2465077 है। दुखन प्रजापति की पत्नी फुलकी देवी को पुनः अबुआ आवास दिया गया है। जिसका आईडी 1972092 है। फुलकी देवी को तीन किस्त में 180000 का भुगतान विभाग ने किया है। उन्होंने बताया कि जगरनाथ प्रजापति आईडी जेएच 2504833 है। जगरनाथ प्रजापति की पत्नी संगीता देवी को पुनः अबुआ आवास दिया गया है जिसका आईडी 2120977 है।

### बरकट्ठा में चार ट्रक ड्राइवर गिरफ्तार

**बरकट्ठा।** पुलिस ने कोयला लदे ट्रकों जब्त किए गए चार ट्रकों को थाने के सामने सड़क पर खड़ा किया गया था। इसी बीच मौका पाकर इन ट्रकों के चालक वाहन लेकर भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस ने तुरंत हरकत में आते हुए चालकों को पकड़ लिया और उन्हें हिरासत में ले लिया।पुलिस ने इन चालकों के खिलाफ अलग से मामला दर्ज किया और कांड संख्या 33/25 के तहत उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार किए गए चालकों में अजय कुमार (पिता महादेव यादव) और श्यामसुंदर यादव (पिता लालधारी यादव), दोनों निवासी आल्हो, थाना जयनगर शामिल हैं। इसके अलावा, मनोज तुरी (पिता देबु तुरी), निवासी फरकी पत्थर, थाना कौआकोल, जिला नालंदा और सुधीर प्रसाद , निवासी जेहालडीह, थाना सिरदला, जिला नवादा को भी गिरफ्तार किया गया है।

# हजारीबाग के सिंदूर में बन रहा प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झारखंड में 60 इकाइयां स्थापित**

हजारीबाग। झारखंड के हजारीबाग जिले के सिंदूर इलाके में एक नया प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट स्थापित किया जा रहा है। यह इकाई राज्य में पर्यावरणीय समस्याओं को कम करने और प्लास्टिक कचरे के उचित निपटान में मदद करेगी। झारखंड में ऐसे कुल 60 प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट बनाए जा रहे हैं, जिससे राज्य को स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है।

इस मामले पर राज्य के स्वच्छता विभाग के स्टेट को-ऑर्डिनेटर नितिन कुमार से हजारीबाग के सर्किट हाउस में खबर मन्त्र संवाददाता ने बातचीत की। उन्होंने बताया कि ये यूनिट प्लास्टिक कचरे को रिसाइकिल करके प्रदूषण को कम करेंगी और जल, मिट्टी व वायु को स्वच्छ बनाए रखेंगी। इस पहल से स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे, जिससे उनकी आजीविका में सुधार होगा। इन यूनिट्स से स्वच्छ भारत मिशन को मजबूती मिलेगी और सार्वजनिक स्थलों पर प्लास्टिक कचरा कम होगा।साथ ही प्लास्टिक कचरे को रिसाइकिल कर इको-फ्रेंडली उत्पादों में बदला जाएगा, जिससे प्राकृतिक संसाधनों की खपत भी कम होगी। ये यूनिट नगर निगम और ग्राम पंचायतों को प्लास्टिक कचरे के प्रभावी प्रबंधन में सहयोग देंगी। प्लास्टिक वेस्ट को रिसाइकिल कर नई ऊर्जा स्रोतों के रूप में उपयोग किया जा सकता है, जिससे ऊर्जा संकट से निपटने में मदद मिलेगी। ज्ञात हो कि हजारीबाग के सिंदूर समेत झारखंड के विभिन्न हिस्सों में स्थापित होने वाली ये यूनिट्स पर्यावरण संरक्षण, रोजगार सृजन और स्वच्छता के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण साबित होंगी। यह पहल प्लास्टिक कचरे को सही तरीके से निपटाने और पुनःउपयोग की दिशा में एक बड़ा कदम है, जिससे झारखंड को एक स्वच्छ और हरित राज्य बनाने में मदद मिलेगी।

### जेएसपी में धूमधाम से मना सावित्री जिंदल का जन्मदिन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जिंदल स्टील एंड पावर पतरातू में गुरुवार को कंपनी की संरक्षिका सावित्री जिंदल का धूमधाम से जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर धार्मिक, सामाजिक और सेवा से जुड़े कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर सुबह हनुमान मंदिर में सत्यनारायण कथा और विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इसके बाद जरूरतमंदों के लिए सामुदायिक भोज का आयोजन किया गया। जिसमें बिरहोर कॉलोनी, लेप्रसी कॉलोनी के निवासियों और प्रयास विद्यालय रामगढ़ के बच्चों के बीच फूड पैकेट्स वितरित किए गए। इसके अलावा गर्ल्स फुटबॉल टीम की खिलाड़ियों को खेल किट प्रदान की गई। साथ ही हनुमान मंदिर परिसर में भंडारा आयोजित किया गया। जिसमें 800 से अधिक लोगों ने भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर जिंदल क्लब में मेगा हेल्थ कैंप उद्घाटन प्लांट प्रमुख सत्येंद्र सिंह ने किया। कैंप में ऑर्किड मेडिकल सेंटर रांची के डॉक्टरों ने मूत्र रोग, हड्डी रोग, किडनी रोग, शिशु रोग एवं सामान्य बीमारियों की जांच की। डॉ. अनुभव जैन, डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. शालिनी प्रिया और डॉ. रंजीत कुमार ने 200 से अधिक मरीजों को चिकित्सा परामर्श दिया।

# सत श्री अकाल के जयकारों से गूंजा भुरकुंडा

- श्री गुरु सिंह सभा गुरूद्वारा भुरकुंडा में चार दिवसीय समागम संपन्न
- लंगर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा मेनरोड स्थित श्री गुरु सिंह सभा भुरकुंडा गुरुद्वारा में चल रहे चार दिवसीय समागम कार्यक्रम शुक्रवार को विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के बीच संपन्न हो गया। गुरुद्वारा प्रांगण में आयोजित श्रीगुरु ग्रंथ साहेब के 48 घंटे के अखंड-पाठ के समापन के बाद श्री गुरुसिंह सभा भुरकुंडा गुरुद्वारा में बने नए भवन का विधिवत उद्घाटन किया गया। गुरुद्वारा प्रांगण में आयोजित गुरुग्रंथ साहेब के 48 घंटे के पाठ के समापन के बाद उन्हें विधिविधान से भुरकुंडा थाना मैदान स्थित समारोह स्थल ले जाया जाएगा। जहां पूरे दिन शबद कीर्तन सहित विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान वाहे गुरू की खालसा, वाहे गुरू की फतेह, जो बोले सोनी हाल सत श्री अकाल के उद्घोष से पुरा क्षेत्र गुंजायमान होता रहा। इस धार्मिक समागम में नानकसर वाले संत बाबा लक्खा सिंह, कारसेवा अमृतसर भूरी वाले संत बाबा काश्मीर सिंह और श्रीहरि मंदिर पटना साहेब के अध्यक्ष भाई जगजोत सिंह जैसे प्रमुख संत एवं धार्मिक गुरु शामिल हुए। कार्यक्रम के आकर्षण में जमशेदपुर के अखाड़े का बाबा बंदा सिंह बहादुर गतका, अकालदाढ़ी जत्था और महिपाल सिंह का रागी जत्था प्रमुख रूप से उपस्थित रहें। इनके अलावा रांची-रामगढ़ से आने वाले सेवादारों का योगदान इस कार्यक्रम को सबों के लिए यादगार बना दिया। जमशेदपुर से आए भाई धीरज सिंह, भाई रंजीत सिंह, भाई हरभजन सिंह, भाई तरसेन सिंह और भाई दिलदार सिंह ने अखंड-पाठ में शामिल थे। इस आयोजन को लेकर रांची-रामगढ़, सहित पंजाब और पटना साहेब गुरुद्वारा से 101 सेवादार भुरकुंडा गुरूद्वारा में गुरू के अटूट लंगर, पाठ सहित समस्त धार्मिक कार्यक्रमो में अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर गुरू के अटूट लंगर का आयोजन हुआ। जिसमें सिख समाज के अलावा सैंकड़ों लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारू, रिभर साईड गुरूद्वारा के प्रधान भूपेन्द्र सिंह सैनी उर्फ जीबू, प्रवीण शर्मा, भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान, जगतार सिंह, बलजीत सिंह, अशोक चौहान, डब्लू सिंह सहित दर्जनों लोगों ने गुरूद्वारा में मत्था टेक क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली की कामना की।

चार दिवसीय समागम कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्रंथि बाबा धीरज सिंह, अमर सिंह, प्रधान लाल सिंह रंधावा उर्फ रिन्कु, राजेंद्र त्रेहान, कोषाध्यक्ष इंद्रजीत छाबड़ा, परमजीत सिंह धामी, जसपाल सिंह, रिंकू सिंह धामी, निशांत सिंह, नरेंद्र सिंह रेखी, गुरजीत सिंह रेखी, राजा सिंह, करण सिंह, मोनू सिंह, प्रीत सिंह, जसवीर कौर, अनीता कौर, संगीता कौर, जया कौर, राजरानी कौर, करम कौर, जसमीत कौर, रेखा कौर, सरबजीत कौर आदि का विशेष योगदान रहा।

## एक नजर में

### पलाश के फूलों से महक उठा हजारीबाग



**बरही।** प्रकृति की अपनी भाषा होती है, और जब वह खिलखिलाती है, तो पलाश के फूलों के रूप में साकार होती है! इन दिनों हजारीबाग का हर जंगल, हर गांव और हर कोना सिंदूरी आभा से दमक रहा है। जहां तक नजर जाए, वहां बस लाल, नारंगी और सुनहरे रंगों की बिछी चादर। यह नजारा किसी चित्रकार की कूची से निकले स्वप्न जैसा प्रतीत होता है, जिसे कुदरत ने खुद अपने हाथों से रचा है।बरही प्रखंड सहित पूरे हजारीबाग के ग्रामीण इलाकों और जंगलों में इन दिनों पलाश के पेड़ फूलों से लदे हुए हैं। यह फूल न केवल पर्यावरण को संवारता है बल्कि आदिवासी संस्कृति और धार्मिक अनुष्ठानों में भी अहम स्थान रखता है। बसंत ऋतु की दस्तक के साथ ही ह्यजंगल की ज्वालाह्ल कहे जाने वाले इस वृक्ष के फूल खिल उठते हैं, और धरती का श्रृंगार कर देते हैं। केवल सुंदरता ही नहीं, पलाश ग्रामीण जीवन में रोजगार का भी अहम जरिया है। इसकी पत्तियों से बने दोने-पत्तल जहां रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करते हैं, वहीं इसके फूलों से प्राकृतिक गुलाल बनाया जाता है, जो होली में विशेष रूप से उपयोग होता है। जड़, तना और बीज—हर भाग का किसी न किसी रूप में उपयोग किया जाता है, जिससे कई ग्रामीणों की आजीविका चलती है।

### चरही : 42 स्कूलों के एचएम को मिले टैब

**चरही।** चरही बीआरसी में 42 सरकारी स्कूलों के प्रधानाचार्यों के बीच शिक्षा विभाग द्वारा टैब का वितरण किया गया। बीईओ नागेश्वर सिंह ने बताया कि 30 से अधिक छात्रों वाले स्कूलों को ऑनलाइन कार्य के लिए यह टैब दिए गए हैं। इन टैब के माध्यम से शिक्षक बायोमेट्रिक उपस्थिति बनाएंगे और स्कूल से संबंधित रिपोर्ट तैयार करेंगे। कार्यक्रम में बीपीएम गौतम कुमार शर्मा, सीआरपी संतोष रणवीर कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं शिक्षक मौजूद थे। इससे पहले मुख्यमंत्री के निदेशानुसार भी कई स्कूलों को टैब दिए जा चुके हैं।

### चरही में झामुमो का स्थापना दिवस चार को

**चरही।** चार अप्रैल को झारखंड मुक्ति मोर्चा का स्थापना दिवस ऐतिहासिक बनाने को लेकर कुज्जु में बैठक आयोजित की गई। चुरचू प्रखंड सचिव आनंद कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में पंचायत, प्रखंड, जिला और केंद्रीय कमिटी के पदाधिकारी उपस्थित रहे। आनंद कुमार ने कहा कि झामुमो जल, जंगल, जमीन की पार्टी है और इसका संघर्ष झारखंड के विकास के लिए है। उन्होंने सभी कार्यकताओं से स्थापना दिवस में शामिल होने का आग्रह किया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने इस कार्यक्रम को भव्य बनाने का संकल्प लिया।

### बिजली वितरण में एक ही कंपनी को ठेके देने का आरोप

**बड़कागांव।** विधायक रौशनलाल चौधरी ने झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड पर अनियमितता का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों से ठेकेदार मेसर्स वेस्टर्न इंफ्रा प्रोजेक्ट्स और राहुल इंटरप्राइजेज को ही करोड़ों रुपये के ठेके दिए जा रहे हैं। निविदा में हेरफेर कर ठेके हासिल किए जा रहे हैं, जिससे सरकारी राजस्व का नुकसान हो रहा है। विधायक ने सरकार से निविदा निस्तारण की निष्पक्ष जांच और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### तिलैया जलाशय विस्थापितों का मुद्दा सदन में उठा

**बरही।** बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने झारखंड विधानसभा में तिलैया जलाशय से विस्थापितों की समस्याओं को उठाया। उन्होंने सरकार से पूछा कि 1951-52 में विस्थापित किए गए परिवारों को अब तक जमाबंदी पर्चा क्यों नहीं दिया गया? राजस्व मंत्री ने स्वीकार किया कि 38 रैयतों को शुद्धि पत्र जारी किए गए हैं, लेकिन अधिकांश भूमि वन विभाग के अधीन होने से जमाबंदी में दिक्कत आ रही है। सरकार ने वन विभाग से 400 एकड़ भूमि डी-नोटिफाई करने का प्रस्ताव भेजा है।

### केवाईसी नहीं कराने पर कार्ड से नाम कटेगा

**बड़कागांव।** प्रखंड कार्यालय में जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं की कार्यशाला आयोजित की गई। एमओ भास्कर राज ने बताया कि 21 से 28 मार्च तक केवाईसी सप्ताह मनाने का निर्देश दिया गया है। जिन लाभुकों का ई-केवाईसी 31 मार्च तक नहीं होगा, उनका नाम राशन कार्ड से हटा दिया जाएगा। बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल ने सभी विक्रेताओं को निर्देश दिया कि वे लाभुकों को समय पर राशन दें और केवाईसी जल्द से जल्द पूरा कराएं।

### रामनवमी को लेकर मंगुरा में कमिटी गठित

इचाक। महावीर स्थान मंगुरा में रामनवमी को लेकर बैठक हुई। बैठक में अध्यक्ष कैलाश प्रसाद मेहता और सचिव महेश कुमार मेहता चुने गए। कमिटी के अन्य पदाधिकारी यथावत रखे गए। बैठक में सार्वजनिक दुर्गा मंडप निर्माण को लेकर भी चर्चा हुई और गांवों को दिए गए लक्ष्य के अनुसार राशि जमा करने की अपील की गई। बैठक में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### सरहुल महोत्सव में शामिल होंगे शिक्षा मंत्री

**चरही।** 6 अप्रैल को चुरचू प्रखंड के बोदरा टोला बागजोबरा में दिशोम बाहा (सरहुल) महोत्सव में शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम में झामुमो के वरिष्ठ नेता फागू बेसरा, सोनाराम मांझी और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहेंगे। आयोजन जाहेर संस्था, झरना झारखंड ट्रस्ट और दिशोम बाहा महोत्सव समिति द्वारा किया जा रहा है।

### पुनाई टांड़ में श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ शुरू

**दारु।** पुनाई टांड़ स्थित प्राचीन शिव मंदिर में श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। 21 मार्च को 551 कलशों के साथ गाजे-बाजे के साथ यात्रा निकाली गई। यज्ञ का संचालन पूज्य स्वामी हेतिराजाचार्य जी महाराज के सानिध्य में हो रहा है। इस दौरान संध्या प्रवचन, रात्रि जागरण और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया है।

### पानी के बिना बेकार पड़ा प्रखंड का शौचालय



बरही। बरही प्रखंड मुख्यालय का शौचालय में पानी की एक बूंद तक नहीं। शौचालय में गंदगी और बदबू का अंबार है।महिलाओं को भी खुले में शौच जाने को मजबूर होना पड़ता है, जिससे स्वच्छता अभियान की असलियत पर गहरा प्रश्नचिह्न खड़ा हो जाता है। इस गंभीर मुद्दे पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष एवं विधानसभा विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर ने चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा, शौचालय तो बना दिया गया, लेकिन उसमें पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण यह शोपीस बनकर रह गया है। सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं को होती है। प्रशासन को जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करना चाहिए।ʺजब इस मुद्दे पर बरही प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो से बात की गई, तो उन्होंने जवाब दिया कि ʺएक-दो दिन में समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।ʺ लेकिन सवाल उठता है—क्या यह सिर्फ एक और सरकारी वादा है या वास्तव में कोई ठोस कार्रवाई होगी?

# जल... सहज सुलभ प्राकृतिक साधन दुर्लभता की ओर



**शिवानन्द उपाध्याय**



प्राणी जगत के लिए जल प्रकृति प्रदत्त एक अनमोल उपहार है। राम चरित मानस में जब गोस्वामी तुलसीदास कहते है कि ¤क्षिति, जल, पावक, गगन, समीरा-पंच तत्व से बना शरीरा¤ तो जल की महत्ता का अंदाजा लगाया जा सकता है कि मनुष्य सहित पृथ्वी पर रहने वाले सभी जीव-जंतु एवं वनस्पति का अस्तित्व जल के बिना संभव नहीं है। यही नहीं, जल की अमूल्यता इस तथ्य से भी प्रमाणित होती है कि विश्व की सभी संस्कृतियों और सभ्यताओं का जन्म भी प्रमुख नदियों के किनारे ही हुआ था। जल की महत्ता का उल्लेख हमारे प्राचीन वांड्मय में अक्सर हुआ है जल एक प्राकृतिक एवं अमूल्य संसाधन है जो सजीव जगत की जीविका, खाद्य सुरक्षा और निरंतर विकास का आधार है। यह किसी भी राष्ट्र के आर्थिक, राजनीतिक तथा सामाजिक विकास एवं प्रगति का एक आधारभूत संकेतक भी है।

बढ़ती आबादी के दबाव, बड़े पैमाने पर शहरीकरण, बढती आर्थिक गतिविधियाँ, उपभोग की बदलती प्रवृत्तियाँ, रहन-सहन के स्तर में सुधार से स्वच्छ पेयजल की बढती माँग, जलवायु परिवर्तन के कारण बारिश की घटती मात्रा, कृषि के लिए सिंचित क्षेत्र के विस्तार एवं जल की अधिकांश माँग करने वाली फसलों की पैदावार आदि से जल की माँग का दायरा बढा है` लेकिन धरती के तीन चौथाई हिस्से पर पानी भरा होने के बावजूद भी महासागरों का पानी खारा होने के कारण हमारे किसी काम का नहीं। धरती पर उपलब्ध पानी का मात्र 2.7 प्रतिशत हिस्सा ही मीठा है। मीठे पानी का लगभग 22.6 प्रतिशत पानी भूमिगत जल के रूप में है। 52 प्रतिशत झीलों और तालाबों में और 1 प्रतिशत नदियों में निहित है। इसलिए आज का विश्व जल संकट की समस्या से त्रस्त है। गोल्डमैन सैक्स ने एक बार पानी को अगली शताब्दी का पेट्रोलियम कहा था, जिसके लिए युद्ध भी हो सकते हैं। तीसरी दुनिया के देशों में यह संकट अधिक गंभीर हैं। भारत के कई राज्य जल संकट की त्रासदी भोग रहे हैं। कावेरी से लेकर रावी, व्यास, कृष्णा और कई अन्य नदियों के पानी पर अधिकार को लेकर अनेकों बार हिंसात्मक टकराव हो चुके है। यह विडम्बना है कि सूचना प्रौद्योगिकी में अग्रणी देश होने के बावजूद भारत सभी के लिए जल की व्यवस्था करने में काफी पीछे है। प्राचीन काल से पेय जल के लिए इस्तेमाल होते आ रहे सतही और भूजल जैसे परम्परागत स्रोत सूखते और प्रदूषित होते जा रहे है जबकि आज भी देश में कई बीमारियों का एकमात्र कारण प्रदूषित जल है। संकट की गम्भीरता का सबसे अधिक असर कृषि और पेयजल की उपलब्धता पर होता है` देश में उपलब्ध पानी का 80 प्रतिशत खेती में इस्तेमाल होता है जबकि उद्योग इस पानी का 10 प्रतिशत से भी कम इस्तेमाल करते हैं किन्तु पानी को प्रदूषित करने में उद्योगों का रवैया सबसे अधिक असंवेदनशील है` एक ओर कृषि उत्पादकता में कमी की स्थिति में न केवल किसानों की आजीविका बुरी तरह प्रभावित होती है, बल्कि देश को अनाज के लिए अन्य देशों से आयात पर निर्भर होना पड़ता है, महंगाई में वृद्धि, आय की विषमता में भी वृद्धि होती है।

लेकिन जल का मौजूदा संकट सिर्फ बारिश की कमी और मांग के बढऩे की वजह से ही नहीं है, बल्कि समुचित जल प्रबंधन की कमी की सबसे बड़ी भूमिका है। दूसरे शब्दों में संकट का मुख्य कारण भारत में जल के उपयोग की क्षमता का काफी कम होना हैं । भारत में वर्षा से प्रतिवर्ष औसतन 4,000 अरब घन मीटर जल प्राप्त होता है। लेकिन भंडारण प्रक्रिया की कमी, पर्याप्त बुनियादी ढांचे की कमी, अनुचित जल प्रबंधन के कारण वास्तव में केवल 18-20प्रतिशत जल का ही समुचित उपयोग किया जाता है जबकि कुल वर्षा जल के 5 प्रतिशत से भी कम जल का संरक्षण कर पाते हैं। शेष जल बहकर बर्बाद हो जाता है। जलप्रबंधन के लिए अब तक कोई क्रांतिकारी प्रयास नहीं किए जाने की मुख्य वजह यह रही है कि खनिज संसाधनों की तरह जल के उपयोग और योगदान को सकल घरेलू उत्पाद में जोड़ा नहीं जाता है।

जल प्रबंधन का सरल सिद्धांत यह है कि पानी जहां गिरता है, उसे आगे बढ़ने से रोकना है। धरती पर गिरने वाले वर्षा जल की प्रत्येक बूंद को रोका जा सकता है। लेकिन जल निकायों को रिचार्ज करने में असफलता और अनियंत्रित शहरीकरण से जहां जल खपत में अनियंत्रित वृद्धि हुई है और उत्र्सिजत जल के परिवहन, शोधन एवं निस्तारण करने वाले ढांचें की अपर्याप्तता से संकट विकराल होता गया है, वहीं पारम्परिक जल संग्रहण संरचनाओं की उपेक्षा एवं उनकी जलग्रहण क्षमता में कमी के कारण भी हमारी जल-प्रबंधन की प्रक्रिया बाधित हुई है यही नहीं, असमान बंटवारे और पानी के अवैध इस्तेमाल ने इस समस्या को और गंभीर बना दिया है। मानसून के दौरान दिल्ली और मुंबई जैसे बड़े नगर हर साल भारी जल जमाव से थम जाते है, लेकिन अभी तक उस पानी को संगृहीत एवं शोधन करके उपयोग में लाने का आधारभूत ढांचा विकसित नहीं हो पाया है। भारत में जल की अधिक मांग वाली फसलों-धान, गेहूं, गन्ना और कपास- की खेती, नहरों से जल आपूर्ति की अनियमितता के साथ-साथ ही जलस्रोतों पर माफियाओं के कब्जे में है।

## बिन पानी सब सून

समय आ गया है जब हम वर्षा का पानी अधिक से अधिक बचाने की कोशिश करें। बारिश की एक-एक बूंद कीमती है। इन्हें सहेजना बहुत ही आवश्यक है। यदि अभी पानी नहीं सहेजा गया, तो संभव है पानी केवल हमारी आँखों में ही बच पाएगा। पहले कहा गया था कि हमारा देश वह देश है जिसकी गोदी में हजारों नदियां खेलती थी, आज वे नदियां हजारों में से केवल सैकड़ों में ही बची हैं। कहां गई वे नदियां, कोई नहीं बता सकता। नदियों की बात छोड़ दो, हमारे गांव -मोहल्लों से तालाब आज गायब हो गए हैं, इनके रख-रखाव और संरक्षण के विषय में बहुत कम कार्य किया गया है। पानी का महत्व भारत के लिए कितना है यह हम इसी बात से जान सकते हैं कि हमारी भाषा में पानी के कितने अधिक मुहावरे हैं। आज पानी की स्थिति देखकर हमारे चेहरों का पानी तो उतर ही गया है, मरने के लिए भी अब चुल्लू भर पानी भी नहीं बचा, अब तो शर्म से चेहरा भी पानी-पानी नहीं होता, हमने बहुतों को पानी पिलाया, पर अब पानी हमें रुलाएगा, यह तय है। सोचो तो वह रोना कैसा होगा, जब हमारी आंखों में ही पानी नहीं रहेगा? वह दिन दूर नहीं, जब सारा पानी हमारी आंखों के सामने से बह जाएगा और हम कुछ नहीं कर पाएंगे। लेकिन कहा है ना कि आस का दामन कभी नहीं छूटना चाहिए तो ईश्वर से यही कामना है कि वह दिन कभी न आए जब इंसान को पानी की कमी हो। लेकिन कहा है ना कि आस का दामन कभी नहीं छूटना चाहिए तो ईश्वर से यही कामना है कि वह दिन कभी न आए जब इंसान को पानी की कमी हो। तमिलनाडु ने जल संरक्षण के क्षेत्र में अच्छा काम किया है।

## जल दिवस का प्रारम्भ

'विश्व जल दिवस' मनाने की शुरुआत संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 1992 के अपने अधिवेशन में 22 मार्च को की थी। 'विश्व जल दिवस' की अंतरराष्ट्रीय पहल 'रियो डि जेनेरियो' में 1992 में आयोजित 'पर्यावरण तथा विकास का संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन' (यूएनसीईडी) में की गई थी, जिस पर सर्वप्रथम 1993 को पहली बार 22 मार्च के दिन पूरे विश्व में 'जल दिवस' के मौके पर जल के संरक्षण और रख-रखाव पर जागरुकता फैलाने का कार्य किया गया।



# क्या जल विहिन होना हमारी नियति है?

**आज** विश्व जल दिवस है। इस अवसर पर यह देखना महत्त्वपूर्ण हो जाता है कि दुनिया जल दिवस तो मना रही है, पर क्या उसके उपयोग को लेकर वह संजीदा, संयमित व सचेत है या नहीं? आज जिस तरह से अनवरत भू-जल का दोहन किया जा रहा है, उससे साल-दर-साल भू-जल स्तर गिरता जा रहा है। पिछले एक दशक के भीतर भू-जल स्तर में आई गिरावट को अगर आंकड़े के जरिये समझने का प्रयास करें तो अब से दस वर्ष पहले तक जहां तीस मीटर की खुदाई पर पानी मिल जाता था, वहां अब पानी के लिए साठ से सत्तर मीटर तक खुदाई करनी पड़ती है। साफ है कि बीते दस सालों में दुनिया का भू-जल स्तर बड़ी तेजी से घटा है और अब भी बदस्तूर घट रहा है, जो कि बड़ी चिंता का विषय है। अगर केवल भारत की बात करें तो इस संबंध में सरकार की एक जल नीति की यह रिपोर्ट उल्लेखनीय होगी जिसके अनुसार, देश में प्रतिव्यक्ति सालाना जल उपलब्धता 1947 के 6042 घन मीटर से चौहत्तर फीसद घट कर 2011 में 1545 घन मीटर रह गई है। भूजल का स्तर गिरते-गिरते नौ राज्यों में खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। ऐसे राज्यों में नब्बे फीसद भूजल का दोहन हो चुका है और उनके पुनर्भरण में काफी गिरावट आई है।

भारत में घटते भू-जल की स्थिति को एक उदाहरण के जरिये और बेहतर ढंग से समझने की कोशिश करें तो पानी से लबालब रहने वाली नर्मदा, घाघरा और बारना जैसी नदियों के बीच बसे बरेली जैसे नगर में भी भू-जल स्तर घटने की खबर कुछ समय पहले सामने आई। स्थिति यह है कि बरेली क्षेत्र के कुछ इलाकों में भू-जल स्तर गिर कर अड़तीस मीटर तक पहुंच गया है, इसलिए घरेलू बोरिंग में भी अक्सर पानी की समस्या आ रही है। प्रतिबंध के बाद भी ट्यूबेलों के लिए खुदाई हो रही है, जो भू-जल स्तर गिरने में एक बड़ी वजह है। भारतीय केंद्रीय जल आयोग द्वारा 2014 में जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार देश के अधिकांश बड़े जलाशयों का जल-स्तर वर्ष 2013 के मुकाबले घटता हुआ पाया गया था। आयोग के अनुसार देश के बारह राज्यों- हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, पश्चिम बंगाल, झारखंड, त्रिपुरा, गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु- के जलाशयों के जल-स्तर में काफी गिरावट पाई गई थी। आयोग की तरफ से यह भी बताया गया कि 2013 में इन राज्यों का जल-स्तर जितना अंकित किया गया था, वह तब ही काफी कम था। लेकिन 2014 में वह गिर कर तब से भी कम हो गया। 2015 में भी लगभग यही स्थिति रही।

गौरतलब है कि केंद्रीय जल आयोग (सीडब्लूसी) देश के पचासी प्रमुख जलाशयों की देखरेख व भंडारण क्षमता की निगरानी करता है। संभवतः इन स्थितियों के मद्देनजर ही अभी हाल में जारी जल क्षेत्र में प्रमुख परामर्शदाता कंपनी ईए की एक अध्ययन रिपोर्ट के मुताबिक भारत 2025 तक जल संकट वाला देश बन जाएगा। इस अध्ययन में कहा गया है कि परिवार की आय बढ़ने और सेवा व उद्योग क्षेत्र से योगदान बढ़ने के कारण घरेलू और औद्योगिक क्षेत्रों में पानी की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है। देश की सिंचाई का करीब सत्तर फीसद और घरेलू जल खपत का अस्सी फीसद हिस्सा भूमिगत जल से पूरा होता है, जिसका स्तर तेजी से घट रहा है। हालांकि घटते जल-स्तर को लेकर जब-तब देश में पर्यावरणविदों द्वारा चिंता जताई जाती रही है, लेकिन जल-स्तर को संतुलित रखने के लिए सरकारी स्तर पर कभी कोई ठोस प्रयास किया गया हो, ऐसा नहीं दिखता।

अब सवाल यह उठता है कि आखिर भू-जल स्तर के इस तरह निरंतर गिरते जाने का मुख्य कारण क्या है? अगर इस सवाल की तह में जाते हुए हम घटते भू-जल स्तर के कारणों को समझने का प्रयास करें तो तमाम बातें सामने आती हैं। घटते भू-जल के लिए सबसे प्रमुख कारण तो उसका अनियंत्रित और अनवरत दोहन ही है। आज दुनिया अपनी जल-जरूरतों की पूर्ति के लिए सबसे ज्यादा भू-जल पर ही निर्भर है। लिहाजा, एक तरफ भू-जल का अनवरत दोहन हो रहा है तो वहीं दूसरी तरफ औद्योगीकरण के अंधोत्साह में हो रहे प्राकृतिक विनाश।

# पृथ्वी का पेट जल से भरना ही अंतिम उपाय

सीधे शब्दों में कहें तो धरती जितना जल दे रही है, उसे उसके अनुपात में बेहद कम जल मिल रहा है। बस यही वह प्रमुख कारण है जिससे कि दुनिया का भू-जल स्तर लगातार गिरता जा रहा है। दुखद और चिंताजनक बात यह है कि कम हो रहे भू-जल की इस विकट समस्या से निपटने के लिए अब तक वैश्विक स्तर पर कोई ठोस पहल होती नहीं दिख रही है। यह एक कटु सत्य है कि अगर दुनिया का भू-जल स्तर इसी तरह से गिरता रहा तो आने वाले समय में लोगों को पीने के लिए भी पानी मिलना मुश्किल हो जाएगा।

विश्व बैंक के एक आंकड़े पर गौर करें। उसमें कहा गया है कि भारत में ताजा जल की सालाना उपलब्धता 761 अरब घन मीटर है, जो किसी भी देश से अधिक है। लेकिन बावजूद इसके अगर देश में चारों तरफ पानी की किल्लत महसूस की जा रही है तो इसका प्रमुख कारण यह है कि इस उपलब्ध जल में से आधा से अधिक उद्योग, अवजल जैसे कारणों से प्रदूषित हो चुका है और उसके फलस्वरूप डायरिया, टायफाइड तथा पीलिया जैसे रोगों का प्रसार बढ़ रहा है।

हालांकि ऐसा कतई नहीं है कि कम हो रहे पानी की इस समस्या का हमारे पास कोई समाधान नहीं है या इस दिशा में सरकार द्वारा कुछ किया नहीं जा रहा। घटते भू-जल की समस्या के मद्देनजर विगत दिनों वित्तमंत्री अरुण जेटली ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी सरकार भूजल प्रबंधन पर छह हजार करोड़ रुपए खर्च करेगी। इस समस्या से निपटने के लिए सबसे बेहतर समाधान तो यही है कि बारिश के पानी का समुचित संग्रहण किया जाए और उसी पानी के जरिये अपनी अधिकाधिक जल जरूरतों की पूर्ति की जाए। बरसात के पानी के संरक्षण के लिए उसके संरक्षण माध्यमों को विकसित करने की जरूरत है, जो कि सरकार के साथ-साथ प्रत्येक जागरूक व्यक्ति का भी दायित्व है।

अभी स्थिति यह है कि समुचित संरक्षण माध्यमों के अभाव में वर्षा का बहुत ज्यादा जल, जो लोगों की तमाम जल जरूरतों को पूरा करने में काम आ सकता है, खराब और बर्बाद हो जाता है। अगर प्रत्येक घर की छत पर वर्षा जल के संचयन के लिए एक-दो टंकियां लग जाएं व घर के आसपास कुएं आदि की व्यवस्था हो जाए, तो वर्षा जल का समुचित संरक्षण हो सकेगा, जिससे जल-जरूरतों की पूर्ति के लिए भू-जल पर लोगों की निर्भरता भी कम हो जाएगी। परिणामतः भू-जल का स्तरीय संतुलन कायम रह सकेगा।





जल संरक्षण की व्यवस्थाएं हमारे परंपरागत समाज में थीं, जिनके प्रमाण उस समय के निर्माण के ध्वंसावशेषों में मिलते हैं। पर विडंबना यह है कि इस आधुनिक समय में हम उन व्यवस्थाओं को लेकर बहुत गंभीर नहीं हैं। बहरहाल, जल संरक्षण की इन व्यवस्थाओं के अलावा अपने दैनिक कार्यों में सजगता और समझदारी से पानी का उपयोग करके भी जल संरक्षण किया जा सकता है। जैसे, घर का नल खुला न छोड़ना, साफ-सफाई आदि कार्यों के लिए खारे जल का उपयोग करना, नहाने के लिए उपकरणों के बजाय साधारण बाल्टी आदि का इस्तेमाल करना आदि तमाम ऐसे सरल उपाय हैं, जिन्हें अपनाकर प्रत्येक व्यक्ति प्रतिदिन काफी पानी की बचत कर सकता है।

कुल मिलाकर कहने का अर्थ यह है कि जल संरक्षण के लिए लोगों को सबसे पहले जल के प्रति अपनी सोच में बदलाव लाना होगा। जल को खेल-खिलवाड़ की अगंभीर दृष्टि से देखने के बजाय अपनी जरूरत की एक सीमित वस्तु के रूप में देखना होगा। हालांकि ये चीजें तभी होंगी जब जल की समस्या के प्रति लोगों में आवश्यक जागरूकता आएगी और यह दायित्व दुनिया के उन तमाम देशों- जहां भू-जल स्तर गिर रहा है- की सरकारों समेत संपूर्ण विश्व समुदाय का है। हालांकि ऐसा भी नहीं है कि जल समस्या को लेकर दुनिया में बिलकुल भी जागरूकता अभियान नहीं चलाए जा रहे। बेशक टीवी, रेडियो आदि माध्यमों से इस दिशा में कुछेक प्रयास जरूर हो रहे हैं, लेकिन गंभीरता के अभाव में वे प्रयास कोई बहुत कारगर सिद्ध होते नहीं दिख रहे।

लिहाजा, आज जरूरत इस बात की है कि पानी की समस्या को लेकर गंभीर होते हुए न सिर्फ राष्ट्र स्तर पर बल्कि विश्व-स्तर पर भी एक ठोस योजना के तहत घटते भू-जल की समस्या की भयावहता व जल संरक्षण के उपायों के बारे में बताते हुए एक जागरूकता अभियान चलाया जाए, जिससे जल समस्या की तरफ लोगों का ध्यान आर्किषत हो और वे इस समस्या को समझते हुए सजग हो सकें। यह एक ऐसी समस्या है जो किसी कायदे-कानून से नहीं, बल्कि लोगों में व्यापक जागरूकता से ही हल हो सकती है। लोग जितना जल्दी जल संरक्षण के प्रति जागरूक होंगे, घटते भू-जल की समस्या से दुनिया को उतनी ही जल्दी राहत मिल सकेगी।

## विश्व जल दिवस

रियो डि जेनेरियो में 1992 में आयोजित पर्यावरण तथा विकास का संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन विश्व जल दिवस की पहल में की गई। 22 मार्च याने विश्व जल दिवस। पानी बचाने के संकल्प का दिन। पानी के महत्व को जानने का दिन और पानी के संरक्षण के विषय में समय रहते सचेत होने का दिन। आँकड़े बताते हैं कि विश्व के 1.5 अरब लोगों को पीने का शुद्ध पानी नही मिल रहा है। प्रकृति जीवनदायी संपदा जल हमें एक चक्र के रूप में प्रदान करती है, हम भी इस चक्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। चक्र को गतिमान रखना हमारी जम्मिेदारी है, चक्र के थमने का अर्थ है, हमारे जीवन का थम जाना। प्रकृति के खज़ाने से हम जितना पानी लेते हैं, उसे वापस भी हमें ही लौटाना है। हम स्वयं पानी का निर्माण नहीं कर सकते अत प्राकृतिक संसाधनों को दूषित न होने दें और पानी को व्यर्थ न गँवाएँ यह प्रण लेना आज के दिन बहुत आवश्यक है।

पानी के बारे में एक नहीं, कई चौंकाने वाले तथ्य हैं। विश्व में और विशेष रुप से भारत में पानी किस प्रकार नष्ट होता है इस विषय में जो तथ्य सामने आए हैं उस पर जागरूकता से ध्यान देकर हम पानी के अपव्यय को रोक सकते हैं। अनेक तथ्य ऐसे हैं जो हमें आने वाले खतरे से तो सावधान करते ही हैं, दूसरों से प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित करते हैं और पानी के महत्व व इसके अनजाने स्रोतों की जानकारी भी देते हैं।

- मुंबई में रोज.वाहन धोने में ही 50 लाख लीटर पानी खर्च हो जाता है।
- दिल्ली, मुंबई और चेन्नई जैसे महानगरों में पाइप लाइनों के वॉल्व की खराबी के कारण रोज.17 से 44 प्रतिशत पानी बेकार बह जाता है।
- इजऱाइल में औसतन मात्र 10 सेंटी मीटर वर्षा होती है, इस वर्षा से वह इतना अनाज पैदा कर लेता है कि वह उसका निर्यात कर सकता है। दूसरी ओर भारत में औसतन 50 सेंटी मीटर से भी अधिक वर्षा होने के बावजूद अनाज की कमी बनी रहती है।
- पिछले 50 वर्षों में पानी के लिए 37 भीषण हत्याकांड हुए हैं।
- भारतीय नारी पीने के पानी के लिए रोज ही औसतन चार मील पैदल चलती है।
- पानीजन्य रोगों से विश्व में हर वर्ष 22 लाख लोगों की मौत हो जाती है।
- हमारी पृथ्वी पर एक अरब 40 घन किलो लीटर पानी है। इसमें से 97.5 प्रतिशत पानी समुद्र में है, जो खारा है, शेष 1.5 प्रतिशत पानी बर्फ. के रूप में ध्रुव प्रदेशों में है। इसमें से बचा एक प्रतिशत पानी नदी, सरोवर, कुओं, झरनों और झीलों में है जो पीने के लायक है। इस एक प्रतिशत पानी का 60 वाँ हिस्सा खेती और उद्योग कारखानों में खपत होता है। बाकी का 40 वाँ हिस्सा हम पीने, भोजन बनाने, नहाने, कपड़े धोने एवं साफ.-सफाई में खर्च करते हैं।
- यदि ब्रश करते समय नल खुला रह गया है, तो पाँच मिनट में करीब 25 से 30 लीटर पानी बरबाद होता है।
- बाथ टब में नहाते समय 300 से 500 लीटर पानी खर्च होता है, जबकि सामान्य रूप से नहाने में 100 से 150 पानी लीटर खर्च होता है।
- विश्व में प्रति 10 व्यक्तियों में से 2 व्यक्तियों को पीने का शुद्ध पानी नहीं मिल पाता है।
- प्रति वर्ष 3 अरब लीटर बोतल पैक पानी मनुष्य द्वारा पीने के लिए प्रयुक्त किया जाता है।
- नदियाँ पानी का सबसे बड़ा स्रोत हैं। जहाँ एक ओर नदियों में बढ़ते प्रदूषण रोकने के लिए विशेषज्ञ उपाय खोज रहे हैं वहीं कल कारखानों से बहते हुए रसायन उन्हें भारी मात्रा में दूषित कर रहे हैं। ऐसी अवस्था में जब तक कानून में सख्ती नहीं बरती जाती, अधिक से अधिक लोगों को दूषित पानी पीने का समय आ सकता है।
- पृथ्वी पर पैदा होने वाली सभी वनस्पतियाँ से हमें पानी मिलता है।
- आलू में और अनन्नास में 80 प्रतिशत और टमाटर में 15 प्रतिशत पानी है।
- पीने के लिए मानव को प्रतिदिन ३ लीटर और पशुओं को 50 लीटर पानी चाहिए।
- 1 लीटर गाय का दूध प्राप्त करने के लिए 800 लीटर पानी खर्च करना पड़ता है, एक किलो गेहूँ उगाने के लिए 1 हजार लीटर और एक किलो चावल उगाने के लिए 4 हजार लीटर पानी की आवश्यकता होती है।

## ई है टाटा नगरिया, देख बबुआ...



जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज का स्थापना दिवस हर साल 17 सितम्बर को मनाया जाता है। इस दिन समाज के संस्थापक सदस्यों द्वारा समाज की नींव रखी गई थी, और यह दिन समाज के गौरव और परंपराओं को याद करने का दिन होता है। विश्वकर्मा समाज भारतीय समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो विशेष रूप से शिल्पकला, निर्माण कार्य और हस्तकला में माहिर होते हैं। यह समाज विश्वकर्मा देवता के पूजक होते हैं, जिन्हें शिल्पकला, निर्माण और वास्तुकला के देवता माना जाता है। समाज का प्रमुख उद्देश्य अपने समाज के लोगों को एकजुट करना और उनके सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक उत्थान के लिए कार्य करना है।

# एग्रिको मैदान से कल दोपहिया और चार पहिया वाहनों पर निकलेगी भव्य शहीद सम्मान यात्रा सह अखंड तिरंगा यात्रा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में शहीदों के सम्मान में निकाली जाने वाली यह यात्रा देश की भव्यतम यात्राओं में से एक शहीद सम्मान यात्रा सह अखंड तिरंगा यात्रा इस साल पुनः 23 मार्च रविवार को दसवें वर्ष में प्रवेश करते हुए पूरे उत्साह और जोश के साथ निकाली जा रही है। यह यात्रा दिन में 9.55 बजे एग्रीको ट्रांसपोर्ट मैदान से निकलेगी जो हर वर्ष की तरह एग्रीको गोलचककर, भालूबासा, साकची, वसंत सिनेमा, कालीमाटी रोड से आर डी टाटा चौक होते हुए पुलिस लाइन में भी अमर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए वापस एग्रीको मैदान में आकर समाप्त होगी। नमन के संस्थापक अध्यक्ष अमरप्रीत सिंह काले ने आज शाम एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। श्री काले ने बताया कि नमन शहीदों के सपनों को राष्ट्रभक्ति एवं राष्ट्रध्वज के सम्मान एवं स्वतंत्रता संग्राम के अमर बलिदानियों के गौरव को जीवंत बनाए रखने के लिए समर्पित संस्था है। इस मंच के माध्यम से हम समाज में प्रेम,भाईचारा और सौहार्द कायम रखने का हर संभव प्रयास करते हैं। यह संस्था गैर राजनीतिक और गैर सांप्रदायिक भावना से प्रेरित होकर गठित की गई है जिसमें समाज के हर तबके और हर धर्म एवं समाज के गण्यमान व्यक्ति, चिकित्सक व्यवसायी, पत्रकार, पूर्व सैनिक सेवा परिषद, संपादक, मजदूर नेता तथा विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं आदि की पूर्ण सहभागिता रहती है। यात्रा के दौरान मां भारती का एक रथ



कार्यक्रम की जानकारी देते मुख्य आयोजक अमरप्रीत सिंह काले।

आगे रहेगा। इसके अलावे चार झांकियां होंगी जिसमें बलिदानियों से संबंधित लाइव झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी। यात्रा सुचारु रुप से संचालित करने के लिए नमन की पूरी टीम जोशों खरोस से जुटी है। अगल अलग जिम्मेदारियां प्रदान करने के लिए अलग -अलग टीमें बनायी गयी हैं।

श्री काले ने बताया कि सन 2016 में देश में भारत तेरे टुकड़े होंगे हजार जैसी विध्वंसक नारेबाजी की गई थी। इस घटना के प्रतिकार में इस संस्था का गठन किया गया और सर्वप्रथम उसे वर्ष 2016 में हमने जमशेदपुर से अखंड तिरंगा सह शहीद सम्मान यात्रा निकाली जो ऐतिहासिक रही। तब से हर वर्ष 23 मार्च को शहीद ए आजम भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव जी के शहादत दिवस पर इस यात्रा को निकालने की परंपरा बन गई है।

श्री काले ने बताया कि 23 मार्च को लगातार10 वें वर्ष उक्त तिथि को हमारी संस्था ने यह यात्रा निकालने की तैयारी की है जिसमें आपका सदैव की तरह पूर्ण समर्थन, सहभागिता, सहयोग व आशीर्वाद की अपेक्षा है। यह यात्रा अत्यंत ही अनुशासित ही ढंग से निकाली जाती है जिसमें जमशेदपुर और आसपास के देशभक्त युवा, मातृशक्ति, पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सदस्य सहित हजारों आम और खास लोग तथा विभिन्न सामाजिक प्रतिनिधि बड़े उत्साह से शामिल होते हैं। उल्लेखनीय है कि इस यात्रा का नेतृत्व मां भारती का रथ करता है। यह यात्रा एग्रीको ट्रांसपोर्ट मैदान से प्रातः 9:55 में प्रारंभ होती है। पूर्व में एक संक्षिप्त सभा में पूर्व सैनिक परिवारों सहित शहीद परिवारों का सम्मान किया जाता है। इस यात्रा का शहर में कई स्थानों पर स्वागत भी किया जाता है। साथ ही यात्रा में शामिल देशभक्तों का भी स्वागत किया जाता है। इस दौरान पुलिस लाइन में ठहरकर शहीद स्थल पर भी श्रद्धांजलि दी जाती है।

काले ने शहर की मातृशक्ति, नौजवानों, सामाजिक संस्थाओं, धार्मिक संस्थाओं, सभी वरिष्ठजनों व बुद्धजीवियों से जुड़ने की अपील की।

## स्पीड न्यूज



### गोविंदपुर के शंभू हत्याकांड का खुलासा, हत्यारोपी गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** गोविंदपुर थाना क्षेत्र के प्रकाश नगर, गरुड़बासा में 17 मार्च को हुए शंभू हत्याकांड का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस हत्याकांड के आरोपी तुषार कर्मकार को गिरफ्तार किया है। तुषार के पास से हत्या में प्रयुक्त खोखा बरामद हुआ, जिसे उसने मनपीटा साईं मंदिर के पास छिपा रखा था। इससे पहले पुलिस ने घटनास्थल के पास एक गली से पिस्टल, एक कारतूस और मैगजीन बरामद किया था।

### वरिष्ठ नागरिकों का विशाल धरना 30 को

**जमशेदपुर।** सिंहभूम जिला केंद्रीय वरिष्ठ नागरिक समिति के तत्वावधान में टाटानगर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-1 पर 30 मार्च को शांतिपूर्ण ढंग से विशाल धरना प्रदर्शन किया जायेगा। यह धरना रेलवे में वरिष्ठ नागरिकों को भाड़े में जो 40 प्रतिशत छूट मिलता था उसे सरकार ने कोरोना काल से बन्द कर दिया है,को फिर से बहाल कराने की मांग पर है। समिति के केंद्रीय अध्यक्ष शिवपूजन सिंह ने वरिष्ठ नागरिकों से इस कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है ताकि सरकार पर दबाव बनाया जा सके।

### आज से लगेगा रेडक्रॉस का नेत्र शिविर

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम, राम मनोहर लोहिया नेत्रालय द्वारा द्रोपदी देवी चिमनलाल भालोटिया सेवा संस्थान, राजस्थान सेवा सदन तथा जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति के सहयोग से 764वां नेत्र शिविर बर्जर पेन्ट समुह की कम्पनी एसटीपी लि. के सीएसआर कार्यक्रम के अन्तर्गत 22 से 24 मार्च तक आयोजित किया जायेगा। कंपनी द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व की कड़ी में नेत्र शिविरों के माध्यम से 200 लोगों का मोतियाबिन्द ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण होगा। 22 मार्च को दोपहर 2 बजे शिविर का उद्घाटन एसटीपी के हेड वर्क्स एस रवीन्द्र नाथ अपने सहयोगियों के साथ करेंगे। उपरोक्त जानकारी देते हुए रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह ने बताया कि 22 को नेत्र रोगियों के आंखों की जांच होगी, वहीं 23 को नेत्र रोगियों का ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण होगा तथा 24 को ऑपरेशन कराये नेत्र रोगियों के आंखों की पट्टी खोल अंतिम जांच कर दवा व चश्मा के साथ आंखों की देखभाल की जानकारी देकर उन्हें विदा किया जायेगा।

### कल रेडक्रॉस भवन में रक्तदान शिविर

**जमशेदपुर।** महान क्रांतिकारी भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु के शहादत दिवस 23 मार्च शहीद दिवस की स्मृति में भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन शहीदों के सम्मान में रेड क्रॉस भवन में किया गया है। 23 मार्च को प्रातः 9 बजे रक्तदान शिविर का शुभारंभ रक्तदाताओं के रक्तदान के साथ होगा।

# टाटा स्टील कलिंगानगर में दुर्घटना नौ लोग घायल, मेडिका में हैं भर्ती

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** आज सुबह लगभग 11:30 बजे टाटा स्टील कलिंगानगर के स्टील मेल्टिंग शॉप में एक दुर्घटना हुई। इसमें नौ लोग घायल हुए, जिन्हें तुरंत टाटा स्टील मेडिका अस्पताल ले जाया गया। इनमें से एक को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। चिकित्सा टीम घायलों का पूरा ध्यान रख रही है और पुष्टि की गई है कि सभी अब खतरे से बाहर हैं।

इस घटना की सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों और घायलों के परिवारजनों को दे दी गयी है। घटनास्थल की घेराबंदी कर दी




इसी मेल्टिंग शॉप में हुई दुर्घटना।

गयी है और आंतरिक जांच जारी है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाये जा रहे हैं।

एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट के रूप में, हमारे कर्मचारियों और सभी हितधारकों की सुरक्षा और भलाई हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

टाटा स्टील ने यहां जारी एक बयान में कहा कि हम प्रभावित व्यक्तियों को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं और उनकी सुरक्षा व भलाई सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं।

**टाटा स्टील की अपील**

**सोशल मीडिया के झूठे वीडियो पर विश्वास न करें, अफवाहों से बचें**

टाटा स्टील ने यहां जारी एक बयान में कहा कि हम प्रभावित व्यक्तियों को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं और उनकी सुरक्षा व भलाई सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। हम सभी से अनुरोध करते हैं कि सोशल मीडिया पर घटना से जुड़ी झूठे वीडियो कंटेंट पर विश्वास न करें और अफवाहों से बचें।

## गोपाल मैदान में दो दिवसीय प्रमंडल स्तरीय पीएमएफएमई महोत्सव कल से

- महोत्सव का उद्घाटन करेंगे मंत्री, उद्योग, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखंड सरकार
- डीसी द्वारा कार्यक्रम स्थल गोपाल मैदान का किया गया निरीक्षण, दिये कई निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला में 23-24 मार्च 2025 तक प्रमंडल स्तरीय 'पीएमएफएमई महोत्सव' का आयोजन किया जा रहा है। गोपाल मैदान में आयोजित दो दिवसीय महोत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि संजय प्रसाद यादव, मंत्री, उद्योग, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखंड सरकार द्वारा 23 मार्च को किया जायेगा। इसी



क्रम में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल एवं एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनिकेत सचान द्वारा कार्यक्रम स्थल पर की जा रही तैयारियों का जायजा लिया गया। मौके पर जीएम डीआईसी रवि शंकर प्रसाद, डीटीओ धनंजय व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने मंच निर्माण, पंडाल, आंगतुकों के बैठने की व्यवस्था, वाहनों की पार्किंग, सुगम यातायात व्यवस्था, स्टॉल निर्माण तथा विधि व्यवस्था संधारण की समीक्षा कर पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये।

## एनआईटी की समिख्या को राष्ट्रीय स्तर के क्विज में मिला प्रथम स्थान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने राष्ट्रीय मानकीकरण पारिस्थितिकी तंत्र और उपभोक्ता अधिकार विषय पर एक जानकारीपूर्ण ऑनलाइन क्विज का आयोजन किया। इसका उद्देश्य उपभोक्ता संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उत्पाद गुणवत्ता व सुरक्षा सुनिश्चित करने में बीआईएस की भूमिका को समझाना था। इस प्रतियोगिता में देश के लगभग सभी आईआईटी




एनआइटी जमशेदपुर के निदेशक डॉ गौतम सूत्रधार के साथ समिख्या व अन्य।

एनआईटी एवं अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों ने भाग लिया इस क्विज के माध्यम से प्रतिभागियों को बीआईएस मानक ढांचे, प्रमुख उपभोक्ता अधिकार कानूनों और गुणवत्ता नियंत्रण उपायों के महत्व की बेहतर समझ प्रदान करने का प्रयास किया गया।

## रंगों और खुशियों के माहौल में जमशेदपुर सीए सोसाइटी का होली मिलन आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (सीए) सोसाइटी द्वारा डोबो स्थित गुप्ता फॉर्म हाउस में आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में शहर के चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने अपने परिवारों के साथ इस खास मौके का आनंद लिया। आयोजन में रंगों और खुशियों के भरपूर माहौल में सबने विभिन्न खेलों और डीजे का आनंद लिया। साथ ही कार्यक्रम में सभी ने लजीज व्यंजनों का स्वाद भी लिया। इसके



आयोजन में सीए रमाकांत गुप्ता का विशेष योगदान रहा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष सीए कौशलेंद्र दास, उपाध्यक्ष सीए सुगम सरायवाला, सचिव सीए आनंद अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सीए विनीत मेहता, पूर्व अध्यक्ष सीए अनिल अग्रवाल आदि का योगदान रहा। कार्यक्रम में बिशन अग्रवाल, जगदीश खंडेलवाल, किशन चौधरी, सुशील खोवाला, सरोज कांत झा, शिशिर मिश्रा, राकेश रोशन झा, रवि गुप्ता, उमंग अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, धीरज प्रसाद आदि ने अपने परिवार के साथ शिरकत की।

## साकची बंगाल क्लब में महिलाओं को आत्म निर्भर करने के उद्देश्य से प्रदर्शनी शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** महिलाओं द्वारा संचालित कोलकाता की प्रसिद्ध संस्था एनिग्मा के तत्वावधान में महिला दिवस सह प्री बैसाखी प्रदर्शनी की शुरूआत शुक्रवार, 21 मार्च से 23 मार्च तक साकची बंगाल क्लब में हुई। प्रदर्शनी का उद्घाटन समाजसेवी पूरबी घोष ने फीता काटकर किया, उनके साथ बंगाल क्लब के महासचिव सौम्य सेन भी उपस्थित थे। पुरवी घोष ने एनिग्मा संस्था द्वारा महिलाओं को एक मंच प्रदान करने की सराहना की और जमशेदपुर की महिलाओं



प्रदर्शनी का उद्घाटन करतीं समाजसेवी पूरबी घोष।

से अधिक से अधिक संख्या में प्रदर्शनी में भाग लेने का आग्रह किया। संस्था की प्रमुख एलिट्रा सिन्हा मुखर्जी ने बताया कि जमशेदपुर में यह प्रदर्शनी 13वीं बार आयोजित की जा रही है। यह आयोजन बंगाल क्लब के पहले तल्ले में किया गया है।

# गरिमा और सनातन परंपराओं के अनुरूप धूमधाम के साथ रामनवमी महोत्सव मनाने का लिया गया निर्णय

- रामनवमी महोत्सव की तैयारी और सफलता को लेकर केंद्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति जमशेदपुर की बैठक संपन्न
- 153 लाइसेंसी एवं 13 गैर लाइसेंसी अखाड़ा समितियों ने लिया हिस्सा, भव्यता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** रामनवमी महोत्सव की तैयारी और सफलता को लेकर केंद्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति, जमशेदपुर की महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को साकची स्थित उत्कल एसोसिएशन सभागार में सम्पन्न हुई। समिति के अध्यक्ष आशुतोष सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई इस बैठक में 153 लाइसेंसी और 13 गैर-लाइसेंसी अखाड़ा समितियों के पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि रामनवमी महोत्सव को पूरी भव्यता, गरिमा और सनातन परंपराओं के अनुरूप मनाया जाएगा। पूरे शहर में विभिन्न अखाड़ों द्वारा भव्य शोभायात्राएँ निकाली जाएँगी, जो सनातन संस्कृति की झलक प्रस्तुत करेंगी। इसके लिए सभी अखाड़ा समितियाँ अपने-अपने क्षेत्र में बैठक कर शांतिपूर्ण एवं अनुशासित जुलूस निकालने की विस्तृत कार्ययोजना तैयार करेंगी। बैठक में यह भी तय किया गया कि अखाड़ों की शोभायात्रा सह विसर्जन 7 अप्रैल, 25 को सम्पन्न होगा। इस दौरान प्रशासन के सहयोग से सुरक्षा, व्यवस्था और अनुशासन सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में जय श्री राम के उद्घोष के साथ संकल्प लिया गया कि पूरे आयोजन को मयार्दा, भव्यता और ससमय के साथ सम्पन्न कराना है, जिससे रामनवमी महोत्सव हमारी सनातन संस्कृति का एक जीवंत उदाहरण बने। बैठक में विभिन्न समितियों ने महोत्सव की तैयारियों के दौरान सामने आ रही समस्याओं को रखा।



## एक नजर में

### जनता दरबार : डीसी ने सुनी लोगों की समस्याएं



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार में डीसी अनन्य मित्तल ने आमजनों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना तथा समयबद्ध कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया। इस दौरान 70 से ज्यादा फरियादियों ने सामाजिक व निजी समस्याओं को लेकर मुलाकात की तथा समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। फरियादियों ने स्थानांतरण, जमीन सम्बन्धी विवाद, ईलाज में सहयोग, सड़क संबंधी, रोजगार, मजदूरी भुगतान, सरना/ जाहेर स्थान के संबंध में समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं व समस्याओं को लेकर उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराया जिसपर यथोचित कार्रवाई को लेकर उन्हें आश्वस्त किया गया। इस दौरान कई आवेदनों का ऑन द स्पॉट समाधान भी किया गया।

### बीएसीइटी : मैकेनिकल ब्रांच की छात्रा काजल सिंह का मनुपमा टेक्रोलोजीज में हुआ प्लेसमेंट



**जमशेदपुर।** बी ए कालेज आफ इंजीनियरिंग ऐंड टेक्नोलॉजी जमशेदपुर के मैकेनिकल ब्रांच के अंतिम वर्ष की मेधावी छात्रा काजल सिंह का आईएसओ ऑडिटिंग, टेस्टिंग, कैलिब्रेशन, इंस्पेक्शन आधारित अग्रणी कंपनी मनुपमा टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड में जीईटी पद पर चयन हुआ है। छात्रा का साक्षात्कार 20 दिसंबर, 2024 को कॉलेज में कंपनी द्वारा कैम्पस रिक्रूटमेंट ड्राइव के दौरान तथा पुनः 6 फरवरी, 2025 को कंपनी कार्यालय में हुआ। छात्रा 1 अप्रैल, 2025 से कंपनी में शामिल होगी तथा बहुत अच्छे पैकेज पर 1 वर्ष तक प्रशिक्षण लेगी। चेयरमैन डॉ एसके सिंह, प्राचार्य डॉ एसके रॉय, टीपीओ राहुल सिंह एवं समस्त फैकल्टीज ने सफलता पर बधाई दी।

### न्यायालयों में लंबित वादों से संबंधित तथ्य विवरणी ससमय उपलब्ध करायें : उपायुक्त



**जमशेदपुर।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल ने क्रिमिनल केस, पोस्को, एससी-एसटी, सिविल केस एवं अवमानना वाद संबंधी उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालय व अन्य न्यायालयों में लंबित वादों की समीक्षा बैठक की। वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, जीपी, लोक अभियोजक, सहायक लोक अभियोजक, विधि शाखा के प्रभारी व अन्य संबंधित बैठक में मौजूद रहे। इस दौरान क्रमवार उच्च न्यायालय, झारखंड रांची में जिले के विभिन्न विभाग व पदाधिकारी से संबंधित लंबित वादों की जानकारी ली गई। विभागवार सभी मामलों के अद्यतन स्थिति पर समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को वादों से संबंधित तथ्य विवरणी विभाग द्वारा उपायुक्त कार्यालय को ससमय समर्पित करने का निर्देश दिया गया। समीक्षा के दौरान जिला अंतर्गत कुल 159 वादों पर विमर्श किया गया।

### कल जमशेदपुर में होगा कराटे डो एसोसिएशन की नयी कार्यकारिणी का गठन

**जमशेदपुर।** कराटे डो एशोसियेशन ऑफ झारखंड के नई कार्यकारिणी का गठन 23 मार्च को जमशेदपुर के जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में सम्पन्न होने जा रहा है जिसमें राज्य सभी मान्यता प्राप्त जिले के प्रतिनिधि भाग लेंगे। इस चुनाव में ऑल इंडिया कराटे डो फेडरेशन के प्रतिनिधि भी भाग लेंगे। कराटे डो एशोसियेशन ऑफ झारखंड का गठन झारखंड बनने के उपरांत हुआ और इसे ऑल इंडिया कराटे डो फेडरेशन के द्वारा 2001 में मान्यता दी गई तभी से यह राज्य कराटे संघ झारखंड में कराटे खिलाड़ियों को विकसित करने का कार्य कर रहा है। संघ के द्वारा प्रत्येक वर्ष नेशनल कराटे चैंपियनशिप, रीजनल कराटे चैंपियनशिप के साथ-साथ 2007 असम नेशनल गेम्स एवं 2011 झारखंड नेशनल गेम्स में अपने राज्य के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए कई पदक पाकर झारखंड का गौरव बढ़ाया है। राष्ट्रीय खेल मे पदक प्राप्त कर राज्य के खिलाड़ियों ने राज्य सरकार द्वारा 28 लाख की नगद इनामी राशि के साथ-साथ खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी भी प्राप्त करवाने में कराटे डो एसोसिएशन आफ झारखंड की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### नेशनल मास्टर एथलीट चैंपियनशिन के विजेताओं का हुआ सम्मान



**जमशेदपुर।** शहर से दूर प्रखंड के ग्रामीण अंचल में स्थित भारती ग्रुप शिक्षा संस्थान के द्वारा संचालित विद्यालय बाल भारती विधालय काशीडीह गोलकटा में आज विशेष कार्यक्रम के तहत हाल ही में आयोजित नेशनल मास्टर एथलीट चैंपियनशिप 2025 का आयोजन वंगलूरु मैं संपन्न हुआ था। इस चैंपियनशिप में झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए कोल्हान प्रमंडल के कई खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऐतिहासिक उपलब्धियां के साथ कई पदक जीत कर लौटे हैं। उन विजयी खिलाड़ियों के सम्मान में भारती ग्रुप शिक्षा संस्थान ने विद्यालय परिसर में विशेष कार्यक्रम आयोजित की और इन खिलाड़ियों को विद्यालय प्रबंधन की ओर से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय में कार्यरत शिक्षिका कुमारी गीता रानी हांसदा को भी सम्मानित किया गया। गीता रानी हांसदा ने इस नेशनल मास्टर एथलीट वंगलूरु से एक कांस्य पदक एवं एक सिल्वर मेडल जीतकर भारती ग्रुप सहित अपने माता-पिता समाज एवं राज्य का नाम रौशन किया है। मौके पर भारती ग्रुप के डायरेक्टर गनौरी प्रसाद सहित प्राचार्या पुष्पा, उर्मिला, सह डायरेक्टर विष्णु, शिक्षिका नीतू थीं।



## केकेआर और आरसीबी के बीच आइपीएल 2025 का पहला मुकाबला कोलकाता के ईडन गार्डेन्स पर खेला जाएगा

# दोनों टीमें जीत के साथ शुरुआत करना चाहेंगी

### आइपीएल 2025 का मुकाबला भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे शुरू होगा, टॉस इससे आधे घंटे पहले यानी शाम 7:00 बजे

- दोनों टीमों के पास ताकतवर खिलाड़ी हैं, मुकाबला दिलचस्प होने की उम्मीद है
- होम ग्राउंड होने के नाते ईडन गार्डन्स में केकेआर का प्रदर्शन अच्छा रहा है

एजेंसी

**कोलकाता।** गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच होने वाले मुकाबले के साथ ही आइपीएल 2025 की शुरूआत होगी। दोनों ही टीमें इस बार नए कप्तान की अगुआई में खेलने उतरेंगी। कोलकाता इस बार अपने खिताब का बचाव करने के इरादे से उतरेगी, जबकि आरसीबी की नजरें अपना पहला खिताब हासिल करने पर टिकी होंगी। कोलकाता और आरसीबी दोनों ही जीत के साथ शुरूआत करने के लिए तैयार हैं। इस मैच में सभी की निगाह स्पिनर वरुण चक्रवर्ती पर टिकी रहेंगी जिसमें उनका सामना आरसीबी के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और फिल सॉल्ट जैसे धुरंधर बल्लेबाजों से होगा। चक्रवर्ती ने हाल ही में चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। सॉल्ट पिछले सीजन तक केकेआर का हिस्सा थे, लेकिन इस बार वह बेंगलुरु फ्रेंचाइजी के लिए खेलेंगे।



**ओपनिंग सेरेमनी पर भी छाए संकट के काले बादल**
ईडन गार्डन्स में आइपीएल की ओपनिंग सेरेमनी और पहले मैच की तैयारियां पूरी हो गई हैं। ड्रेस रिहर्सल चल रहा है। ओपनिंग सेरेमनी में श्रेया घोषाल, दिशा पटानी के साथ करण औजला परफॉर्म करने वाले हैं। लेकिन, तूफान और बारिश के कारण आइपीएल का सितारों से सजा जश्न फीका पड़ सकता है।


### रहाणे के सामने खिताब बनाये रखने की चुनौती

केकेआर की कप्तानी अजिंक्य रहाणे करेंगे, जबकि आरसीबी की कमान इस बार रजत पाटीदार के हाथों में है। केकेआर ने पिछले सीजन फाइनल में सनराइजर्स हैदराबाद को हराकर खिताब अपने नाम किया था। रहाणे के सामने खिताब को बरकरार रखने की चुनौती होगी, जबकि पाटीदार के पास वो काम करने का मौका है जो अब तक उनसे पहले आरसीबी का कोई कप्तान नहीं कर सका है। बेंगलुरु की टीम ने कभी भी आइपीएल नहीं जीता है और पाटीदार के सामने फ्रेंचाइजी को पहले खिताबी जीत दिलाने का मौका रहेगा।

### ट्रॉफी पर होगी कोहली की नजरें

पिछले सीजन पहले चरण में आरसीबी का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था, लेकिन दूसरे चरण में टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्लेऑफ में जगह बनाई थी। आरसीबी पिछली गलतियों से सीख लेते हुए इस सत्र में खेलने उतरेगी। उसके पास स्टार बल्लेबाज विराट कोहली हैं जो शुरूआती सीजन से ही टीम का हिस्सा हैं। कोहली आइपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं, लेकिन अब तक ट्रॉफी नहीं सके हैं। वहीं, केकेआर इस बार अनुभवी कप्तान रहाणे की अगुआई में उतरेगी जो घरेलू टूनामेंट में कप्तान के तौर पर सफल रहे हैं।

### निरंतरता पर काम कर रहे हैं वरुण



वरुण आर्किटेक्ट से क्रिकेटर बने हैं और इस खिलाड़ी का सफर शानदार रहा है। वरुण ने चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान नौ विकेट हासिल किए थे और कुलदीप यादव, रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल के साथ स्पिन की शानदार चौकड़ी बनाई थी। वरुण का मानना है कि निरंतरता ही सफलता की कुंजी है और वह अपनी कला में नयी विविधता जोड़ने पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, सबसे अहम चीज निरंतरता पर काम करना है जो महारत हासिल करने के लिए सबसे मुश्किल चीज है और मैं इसे हासिल करने के लिए लगातार काम कर रहा हूं। वरुण ने कहा, साथ ही मैं कुछ अन्य गेंदों पर भी काम कर रहा हूं और मुझे उम्मीद है कि आने वाले मैचों में मैं इनका इस्तेमाल करके अच्छा प्रदर्शन करूंगा। मौजूदा चैंपियन केकेआर की टीम शनिवार को ओपनिंग मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से भिड़ेगी। इस सत्र के सबसे प्रतीक्षित मुकाबलों में से एक में वरुण का सामना आरसीबी के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली से होगा।



### हेड टू हेड

कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच हेड टू हेड रिकॉर्ड्स की बात करें तो इसमें केकेआर का पलड़ा भारी रहा है। आइपीएल के इतिहास में दोनों टीमों के बीच अब तक कुल 34 मुकाबले खेले गए हैं। इस दौरान 20 मैचों में केकेआर ने जीत हासिल की है। वहीं, 14 बार आरसीबी ने जीत दर्ज की है।

- **पिच रिपोर्ट :** ईडन गार्डन्स की पिच बल्लेबाजों के लिए मददगार मानी जाती है। यहां गेंद बल्ले पर अच्छे से आती है। जिससे शॉट लगाना आसान हो जाता है। लेकिन स्पिन गेंदबाजों को भी यहां मदद मिलती है। पिच में टर्न होता है जिससे स्पिनर बल्लेबाजों को परेशान कर सकते हैं।
- **दर्शकों का उत्साह:** ईडन गार्डन्स में दर्शकों का उत्साह हमेशा चरम पर रहता है। केकेआर के फैंस अपनी टीम को सपोर्ट करने के लिए बड़ी संख्या में आते हैं। आरसीबी के खिलाड़ियों को दर्शकों के शोर से निपटने के लिए तैयार रहना होगा।
- **मौसम का हाल:** कोलकाता में मौसम आमतौर पर गर्म और उमस भरा होता है। मैच के दिन भी ऐसा ही मौसम रहने की संभावना है। खिलाड़ियों को गर्मी से निपटने के लिए तैयार रहना होगा।

### दोनों टीम इस प्रकार है

**आरसीबी:** विराट कोहली, फिल सॉल्ट, देवदत्त पडिक्कल, रजत पाटीदार (कप्तान), लियाम लिविंगस्टोन, जितेश शर्मा, टिम डेविड, क्रुणाल पांड्या, भुवनेश्वर कुमार, जोश हेजलवुड, यश दयाल।
**केकेआर:** क्विंटन डिकॉक, सुनील नरेन, अजिंक्य रहाणे (कप्तान), वेंकटेश अय्यर, रिंकू सिंह, आंद्रे रसेल, रमनदीप सिंह, हर्षित राणा, स्पेंसर जॉनसन, वैभव अरोड़ा, वरुण चक्रवर्ती।



**6 बजे से ओपनिंग सेरेमनी :** आइपीएल 2025 के उद्घाटन मैच के लिए टॉस शाम 7 बजे होगा। शाम 6 बजे से भव्य ओपनिंग सेरेमनी का आयोजन किया जाना है। लेकिन, इसी शाम के समय ही बारिश और तूफान की चेतावनी जारी की गई है। जिसके कारण मैच को रद्द भी किया जा सकता है।

### रहाणे-पाटीदार होंगे आमने-सामने



कोलकाता की टीम अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में उतरेगी क्योंकि टीम को अपनी कप्तानी में खिताब दिलाने वाले श्रेयस अय्यर अब पंजाब किंग्स का प्रतिनिधित्व करेंगे। वहीं, आरसीबी की अगुआई रजत पाटीदार करेंगे। रहाणे छह साल बाद आईपीएल में किसी टीम की कप्तानी करते नजर आएंगे और उनके पास खिताब बचाव रखने की कठिन चुनौती होगी। आरसीबी में हमेशा की तरह इस बार भी स्टार खिलाड़ी भरे हुए हैं, लेकिन देखना दिलचस्प होगा कि टीम का रवैया कैसा रहता है।


**नयी टीम के साथ संयोजन भी होगा अलग :** आरसीबी और केकेआर में इस बार कई नए खिलाड़ी शामिल हैं जिससे पिछली बार की तुलना में संयोजन भी अलग होगा। दोनों ही टीमों की ओपनिंग जोड़ी नई होगी। आरसीबी में पारी की शुरूआत करने कोहली के साथ सॉल्ट आ सकते हैं जो टीम को तेज शुरूआत दिलाने का माद्दा रखते हैं। वहीं, मध्यक्रम में आरसीबी के पास देवदत्त पडिक्कल, लियाम लिविंगस्टोन, जितेश शर्मा, टिम डेविड और क्रुणाल पांड्या जैसे खिलाड़ी हैं। वहीं, केकेआर के लिए मध्यक्रम में रहाणे, वेंकटेश अय्यर, रिंकू सिंह और आंद्रे रसेल हैं।

**मैच पर मंडराया बारिश का खतरा:** शनिवार को कोलकाता में पार्टी कम हो सकती है क्योंकि एक्यूवेदर ने मैच के दिन कोलकाता में 90% बारिश और 54% गरज के साथ बारिश की संभावना जताई है। एक्यूवेदर की रिपोर्ट के अनुसार शाम को बारिश और गरज के साथ बारिश होने की संभावना जताई जा रही है। वेबसाइट ने बारिश की 90% संभावना जताई है-जो लगभग 2 घंटे तक चलेगी और गरज के साथ बारिश होने की 54% संभावना है। जिसके कारण सीएबी को मैच के धुलने का खतरा सता रहा है। मैदान को पूरी तरह से ढक दिया गया है।

## मध्य प्रदेश, हरियाणा और मिजोरम ने जीत दर्ज की

**रांची।** राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024-2025 के अंतिम चरण के तीसरे दिन शुक्रवार को मध्य प्रदेश, हरियाणा और मिजोरम ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज की। पहले मैच में मध्य प्रदेश ने हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा को पूल ए में 1-0 से हराया। मैच के दौरान दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली लेकिन अंततः स्नेहा पटेल ने (42वें) मिनट में गोलकर मध्यप्रदेश को बढ़त दिला दी। यह मैच का विजयी गोल साबित हुआ। यह मध्य प्रदेश की टूर्नामेंट में दूसरी जीत है और पूल स्टैंडिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है।

## किर्स्टी बनीं आइओसी की पहली महिला और अफ्रीकी अध्यक्ष



**नयी दिल्ली।** जिम्बाब्वे की किर्स्टी कोवेन्ट्री को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) की नई अध्यक्ष चुना गया है। वह 131 साल के इतिहास में इस पद पर पहुंचने वाली पहली महिला और पहली अफ्रीकी बनी हैं। साथ ही, वह इस पद को संभालने वाली सबसे युवा उम्मीदवार भी हैं। 41 वर्षीय कोवेन्ट्री, जो पहले जिम्बाब्वे की खेल मंत्री रह चुकी हैं, 23 जून को आधिकारिक रूप से पदभार ग्रहण करेंगी। वह थॉमस बाख का स्थान लेंगी, जिन्होंने अपने अधिकतम 12 साल के कार्यकाल को पूरा किया है। कोवेन्ट्री पहले भी आइओसी में एक अहम भूमिका निभा चुकी हैं। उन्होंने 2018 से 2021 तक बाख के नेतृत्व वाली कार्यकारी बोर्ड में एथलीट प्रतिनिधि के रूप में सेवा दी थी।

## स्विस ओपन : भारत के शंकर ने विश्व के नंबर दो खिलाड़ी को हराकर किया उलटफेर

एजेंसी

**बासेल।** भारत के शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम ने डेनमार्क के विश्व में नंबर दो खिलाड़ी एंडर्स एंटोनसेन को तीन गेम के रोमांचक मुकाबले में उलटफेर का शिकार बनाकर यहां स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2022 के रजत पदक विजेता और वर्तमान में दुनिया में 64वें नंबर के 21 वर्षीय खिलाड़ी सुब्रमण्यम ने अपने रक्षण का प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए तीन बार के विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता को 66 मिनट में 18-21 21-12 21-5 से हराया। तमिलनाडु के रहने वाले सुब्रमण्यम के करियर की यह सबसे बड़ी जीत है। उनका अगला मुकाबला फ्रांस के विश्व में 31वें नंबर के खिलाड़ी क्रिस्टो पोपोव से होगा जिन्होंने इस सत्र में अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। सुब्रमण्यम टूर्नामेंट में बचे एकमात्र भारतीय एकल खिलाड़ी हैं, जबकि त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है। सतीश करुणाकरन और आद्या वरियाथ की मिश्रित युगल जोड़ी को लियू कुआंग हेंग और झेंग यू चीह से 14-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। सुब्रमण्यम ने एंटोनसेन के खिलाफ सटीक खेल दिखाया जबकि डेनमार्क के खिलाड़ी का अपने शॉट पर नियंत्रण नहीं था।



# पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड को हराया

एजेंसी

**ऑकलैंड।** हसन नवाज (नाबाद 105) की शतकीय और कप्तान आगा सलमान (नाबाद 51) की आतिशी अर्धशतकीय पारियों की बदौलत पाकिस्तान ने शुक्रवार को तीसरे टी-20 मुकाबले में न्यूजीलैंड को नौ विकेट से हरा दिया है। 205 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान के लिए मोहम्मद हारिस और हसन नवाज की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरूआत करते हुए पहले विकेट के लिए 74 रन जोड़े। छठें ओवर में जेकब डफी ने मोहम्मद हारिस को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। मोहम्मद हारिस 20 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के लगाते हुए (41) रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान सलमान ने हसन नवाज के साथ ना केवल पारी को संभाला दोनों बल्लेबाजों ने तेजी के साथ रन भी बटोरे। पाकिस्तान ने 16 ओवर में एक विकेट पर 207 रन बनाकर मुकाबला नौ विकेट से जीत लिया।



हसन नवाज ने 45 गेंदों में 10 चौके और सात छक्के लगाते हुए (नाबाद 105) रनों की पारी खेली। कप्तान आगा सलमान 31 गेदों में छह चौके और दो छक्के लगाते हुए (51) रन पर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड की ओर से जेकब डफी एकमात्र सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने मोहम्मद हारिस को आउट किया। पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आग ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में फिन ऐलन (शून्य) का विकेट गवां दिये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये मार्क चैपमैन ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी की शुरूआत की।

# क्रोएशिया ने क्वार्टर फाइनल में फ्रांस को 2-0 से हराया

### एम्बापे और डेंबेले का नहीं चला जादू

एजेंसी

**जाग्रेब।** क्रोएशिया ने नेशंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में उलटफेर करते हुए 2022 विश्व कप की उपविजेता टीम फ्रांस को क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में 2-0 से हरा दिया। क्रोएशिया की टीम ने शानदार डिफेंस दिखाया और किलियन एम्बाप्पे और ओस्मान डेम्बेले की आक्रामक जोड़ी पर अंकुश लगाने में कामयाब रही। एंटे बुदिमिर ने खेले गए मैच में 26वें मिनट में इवान पेरीसिक के क्रॉस पर क्रोएशिया को बढ़त दिलाई। पेरिसिक ने पहले हाफ के स्टॉपेज समय में बढ़त को दोगुना कर एम्बाप्पे की अपनी राष्ट्रीय टीम में छह महीने के बाद वापसी को फीका कर दिया। एम्बाप्पे ने पहले हाफ में कई बार डोमिनिक लिवाकोविच की परीक्षा ली लेकिन क्रोएशिया के गोलकीपर ने कुछ अच्छे बचाव करके उनके प्रयासों को विफल कर दिया। यह छह सितंबर को इटली से 3-1 की हार के बाद पहला अवसर था जबकि एम्बाप्पे फ्रांस की तरफ से खेल रहे थे। पहले चरण के अन्य क्वार्टरफाइनल मैचों में जर्मनी ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए इटली को 2-1 से हराया, गत चैंपियन स्पेन ने नीदरलैंड के खिलाफ 2-2 से ड्रा खेला और डेनमार्क ने पुर्तगाल को 1-0 से पराजित किया।



### पनामा ने गत चैंपियन अमेरिका को हराया

सेसिलियो वॉटरमैन ने दूसरे हाफ के इंजुरी टाइम के चौथे मिनट में गोल किया जिससे पनामा तीन बार के गत चैंपियन अमेरिका को 1-0 से हराकर कॉनकाफ नेशंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने में सफल रहा। जब लग रहा था कि मैच अतिरिक्त समय तक खिंच जाएगा तब वाटरमैन ने अमेरिकी बॉक्स में एडलबर्टो कैरासक्विला से दाहिनी ओर से पास लिया और मैट टर्नर को पीछे छोड़ते हुए शानदार गोल दागा। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में अपना 11वां गोल करने वाले वॉटरमैन ने मैच के बाद खुशी जाहिर की। पनामा फाइनल में कनाडा या मेक्सिको का सामना करेगा।

## धीमी ओवर गति पर कप्तान नहीं होंगे निलंबित

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने आइपीएल 2025 के लिए कप्तान के तीन बार धीमी ओवर गति का दोषी पाए जाने के बाद एक मैच के निलंबन के नियम को समाप्त कर दिया है। शुक्रवार को बीसीसीआइ के मुख्यालय पर आइपीएल की सभी 10 टीमों के कप्तानों की बैठक हुई। बैठक में आगामी आइपीएल सत्र के धीमी ओवर गति के नियम में बदलाव किया गया है। इस बदलाव के तहत अब कप्तान को एक मैच से निलंबित नहीं किया जायेगा।

## जापान ने फीफा विश्व कप 2026 के लिए किया क्वालीफाई, पहला गैर-मेजबान देश बना





**टोक्यो।** जापान की फुटबॉल टीम बहरीन के खिलाफ 2-0 की जीत के बाद संयुक्त राज्य अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में आयोजित होने वाले 2026 फीफा विश्व कप में अपना स्थान सुरक्षित करने वाली पहली टीम बन गई है। क्रिस्टल पैलेस के मिडफील्डर दाइची कामदा (66) और रियल सोसिएदाद फॉरवर्ड टेकफुसा कुबो (87) ने विपक्ष पर जापान की जीत में योगदान दिया। विश्व कप में 48 टीमें भाग लेंगी और जापान प्रतियोगिता में भाग लेने वाला पहला गैर-मेजबान देश बन गया है। कुल मिलाकर, वे टूनार्मेंट के लिए क्वालीफाई करने वाली चौथी टीम हैं। जापान ने एएफसी विश्व कप क्वालीफिकेशन में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने अब तक 7 मैचों में 6 मैच जीते हैं और एक ड्रॉ खेला है। टीम ने 24 गोल किए और केवल दो गोल खाए।

## तमिलनाडु के रमेश ने एथलेटिक्स में जीता स्वर्ण

**नयी दिल्ली।** तमिलनाडु के रमेश शंगुमन ने खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 के दूसरे दिन शुक्रवार को पुरुषों की 800 मीटर टी53/टी54 स्पर्धा में पहला स्वर्ण जीता। शुक्रवार को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में अपनी जीत को लेकर साई मीडिया से बातचीत में शंगुमन ने कहा, मैंने अपने जीवन में बहुत संघर्षों का सामना किया है। मुझे कुछ हासिल करना है। हर दिन बस आता है और चला जाता है। लेकिन मुझे अपना नाम बनाने की इच्छा थी। मुझे खुद को साबित करना है। मैं हर दिन खुद को प्रेरित करता हूं। अब मेरे माता-पिता बहुत खुश हैं। 2023 में पहले खेलो इंडिया पैरा गेम्स में मैंने कांस्य पदक जीता था लेकिन इस बार मैंने स्वर्ण पदक जीता।

## मंदीप और उदिता शादी के बंधन में बंधे



**नयी दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के फॉरवर्ड खिलाड़ी मंदीप सिंह (30) और महिला टीम की डिफेंडर उदिता दुहान (27) शुक्रवार को शादी के बंधन में बंध गए हैं। मंदीप और उदिता पंजाब के जालंधर जिले में स्थित मॉडल टाउन गुरुद्वारा साहिब में विवाह किया। इस समारोह में भारतीय हॉकी टीम के सदस्य और अधिकारी शामिल हुए। हॉकी खिलाड़ी उदिता दुहान ने कहा, 'भविष्य बहुत उज्ज्वल दिखता है, क्योंकि दोनों भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। चूंकि हम एक ही पेशे से जुड़े हैं, इसलिए जीवन आसान हो जाएगा, क्योंकि एक-दूसरे के प्रति हमारी समझ बढ़ेगी...'। वहीं मंदीप ने इस खास मौके पर कहा, 'मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं, और मैं इसे शब्दों में व्यक्त नहीं कर सकता।

## स्पीड न्यूज

### मारपीट का आरोपी पुलिस गिरफ्त में

**बेरमो।** कथारा ओपी पुलिस ने आज एक मारपीट के आरोपी बांध बस्ती निवासी 48 वर्षीय मदन यादव को गिरफ्तार कर तेनुघाट न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार उपरोक्त आरोपी पर गोमिया थाना क्षेत्र के कथारा ओपी मे केश नंबर 30/25 की धारा 126(2) 115(2)/ 109/ 333/ 76/ 352/ 351(2)/ 3(5) बीएनएस के प्राथमिकी अभियुक्त था।

### बंद आवास का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**बेरमो।** चंद्रपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सेंट्रल कॉलोनी मकोली निवासी सह सीसीएल कर्मी विकास दास के क्वार्टर नंबर इ -41 में बीती रात अज्ञात चोरों द्वारा बंद आवास का ताला तोड़कर लाखो की चोरी कर ली। लगातार चोरी की घटना से कॉलोनी वासी दहशत मे है। पड़ोसी ने बताया कि वह पूरे परिवार के साथ ससुराल गये हुए है। कहा कि सुबह मे देखा कि मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ है। अंदर जा कर देखा तो सारा सामान बिखरा पड़ा था। बक्सा व आलमारी टूटी हुई थी। विकास दास के लौटने के बाद पता चलेगा कि चोरों ने क्या-क्या चुराया है।

### अकीदतमंदों ने की हजरत दाता कुरबान अली के मजार पर चादरपोशी

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड मुख्यालय के सटे सुरजुडीह गांव स्थित हजरत दाता, दाता कुरबान, अली शाह, बहारशफी चिश्ती, निजामी रहमतुल्लाह अलैह की मजार पर आयोजित उर्स के दूसरे दिन शुक्रवार को अकीदतमंदों व हाजतमंदों की भीड़ उमड़ पड़ी। झारखंड बंगाल बिहार उड़ीसा एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों अनेक आम ओ खास ने विभिन्न धर्मों व जाति के लोगों ने शहंशाह-ए-झारखंड के मजार चादरपोशी कर अमन चैन की दुआ मांगी। दो दिवसीय उर्स के पहले दिन जलसा का आयोजन हुआ।

### स्कूली बच्चों ने निकाली प्रभात फेरी

**बोकारो।** बीएसएल द्वारा मनाये जाने वाले स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल के द्वारा संचालित 08 बी-12 ई- 2 सी-3 डी-9 ई एवं 9 बी स्कूल के बच्चों के द्वारा स्वच्छता के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। बीएसएल के संचार प्रमुख मणिकांत धान एवं शिक्षा विभाग की जीएम सुश्री मीनम मिश्रा तथा उप प्रबंधक सुश्री प्रभा मोहनन नायर के नेतृत्व में सभी स्कूलों के प्राचार्य तथा शिक्षकगण स्कूल के बच्चों के साथ बोकारो सिटी में स्वच्छता के बारे में जागरूकता का सन्देश देने के लिए प्रभात फेरी में शामिल थे।

### गैस सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**बोकारो।** मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मुख्य सभागार में गैस सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन संयंत्र के विभिन्न विभागों के लगभग 77 अधिकारियों कर्मचारीगण तथा निविदा कर्मियों के लिए सुरक्षा अभियंत्रण विभाग तथा ऊर्जा प्रबंधन विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 162 ग्रामीणों की हुई जांच

**बोकारो।** बीएसएल के सीएसआर विभाग द्वारा परिक्षेत्रीय गांव बांधगोड़ा में आयोजित एक दिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में बांधगोड़ा के कुल 162 मरीजों का परीक्षण तथा इलाज किया गया। कैंप में बोकारो जनरल हॉस्पिटल के सामान्य चिकित्सक डॉ असित डॉ नितेन्द्र डॉ एपी गुप्ता तथा शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ ममता डॉ विजया एवं स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ पूजा डॉ अमृता तथा दन्त रोग विशेषज्ञ डॉ सीमा डॉ नीलम डॉ उज्जवल के साथ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ सुशील ने मरीजों का परीक्षण तथा इलाज किया। सभी मरीजों के बीच आवश्यकतानुसार दवा का वितरण भी किया गया। नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में बीएसएल के सीएसआर विभाग से जीएम बी बनर्जी के साथ एससी तिवारी संजीव गौरव संतोष उपस्थित थे।

# सामाजिक संवर्धन हेतु स्वयं-सेवा सप्ताह का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** वेदांता ईएसएल स्टील ने अपने संगठन वी फॉर सोसायटी के तत्वावधान में आयोजित कर्मचारी स्वयं सेवा सप्ताह के क्रम में 50 से अधिक ईएसएल कर्मचारियों ने कपड़ा वितरण अभियान वृक्षारोपण प्रयास भित्ति चित्र डिजिटल साक्षरता सत्र तथा कला और शिल्प कार्यशालाओं सहित कई प्रभावशाली सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया। वाडी फार्म में उन्होंने स्थानीय किसानों के लिए जीवंत चित्रों के साथ एक झोपड़ी को चित्रित किया जिससे उनके आस-पास के वातावरण में रंग और रचनात्मकता जुड़ गई। डिजिटल और वित्तीय साक्षरता सत्रों के दौरान स्किल स्कूल के युवाओं और प्रोजेक्ट जीविका की महिलाओं को उनकी रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए आवश्यक डिजिटल कौशल से लैस किया गया। प्रेरणा ड्राइंग सेंटर में छात्रों ने कला और शिल्प परियोजनाओं पर कर्मचारियों के साथ सहयोग किया जिससे रचनात्मकता और बंधन को बढ़ावा मिला। कपड़ा वितरण अभियान में वंचित समुदायों को कपड़ों की आवश्यक वस्तुएं व जरूरी सहायता प्रदान की गईं। इस अवसर पर ईएसएल के सीएसआर प्रमुख कुणाल दरिपा ने कहा कि ईएसएल में हम सार्थक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वी फॉर सोसाइटी के माध्यम से हम न केवल अपने समुदायों में लोगों के जीवन को समृद्ध करते हैं बल्कि अपने कर्मचारियों के बीच उद्देश्य और सहानुभूति की भावना भी बढ़ाते हैं।

## अनुमंडलीय अस्पताल बेरमो के आउटसोर्सिंग स्वास्थ्य कर्मी का

# तीसरे दिन भी हड़ताल जारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**फुसरो (बेरमो)।** सरकारी अस्पतालों में कार्यरत आउटसोर्सिंग कंपनी राइडर सिक्योरिटी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के अंतर्गत कार्यरत कर्मचारी लंबित मानदेय के अलावा ईपीएफ व इएसआई का भुगतान की मांग को लेकर मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। इसी के तहत जननायक कपूर्री ठाकुर अनुमंडलीय अस्पताल बेरमो मे शुक्रवार को तीसरे दिन आउटसोर्सिंग कर्मचारी हड़ताल जारी रहा। शुक्रवार को फुसरो नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि राकेश कुमार सिंह उर्फ चुन्नू सिंह, बेरमो चंबर्स ऑफ कॉमर्स के सह सचिव सूरज मित्तल तथा सुदर्शन समाज के रविन्द्र राम पहुचे। इसके अलावा आउटसोर्सिंग कंपनी मे कार्यरत कर्मचारी के जिला कमेटी के सदस्य अनुमंडलीय अस्पताल बेरमो आये और विधायक प्रतिनिधि श्री सिंह से अपनी समस्या को रखा। कहा कि सरकार काम के बदले दाम नहीं दे रही है। वहीं बहुत ही न्यूनतम मानदेय पर जब हम लोग काम कर



रहे हैं तो विगत कई माह से हमारे मानदेय को रोक कर रख लिया गया है। जिससे कई तरह की समस्याएं उत्पन्न हो रही है। श्री सिंह ने बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह के द्वारा इस समस्या पर पहल करने कि बात कही। उन्होंने हड़तालित कर्मियों के मांगों को जायज ठहराते हुए कहा कि कंपनी के द्वारा इन कर्मियों का शोषण किया गया है। बेरमो विधायक के समक्ष समस्या को रखा गया है। विधायक श्री सिंह के पहल के माध्यम से कर्मियों की सारा बकाया वेतन और सभी समस्याओं का निदान किया जाएगा। कहा कि राइडर सिक्योरिटी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी इन लोगों के साथ अत्याचार कर रहा है। 6 से 8 महीने से अपने कर्मचारियों को वेतन नहीं दिया है। ये लोग विवश होकर धरना पर बैठे हैं। यह लोग मांग किया है कि विधायक के साथ बैठक करवा दे, जिससे विधायक के समक्ष हम लोग अपनी समस्या रख सके। विधायक के द्वारा मांग पर आश्वासन मिलता है, तो हम लोग हड़ताल खत्म कर देंगे। कहा कि अस्पताल प्रबंधन के द्वारा इस हड़ताल के दौरान किसी भी तरह की प्रताड़ना, धमकी इस कर्मियों के साथ सहा नहीं जाएगा। कर्मियों के एक प्रतिनिधिमंडल को बेरमो विधायक के साथ वार्ता कराने का भी आश्वासन दिया है। कर्मियों ने पूर्व नप अध्यक्ष का आभार जताया है। हड़ताल मे एसडीएच तेनुघाट, एसडीएच बेरमो, सीएचसी गोमिया, सीएचसी पेटरवार, सीएचसी कसमार, सीएचसी नावाडीह, सीएचसी बेरमो, सीएचसी चंदनकियारी, सीएचसी जरिडीह के कर्मचारी है।

**खबर एक नजर में**

# सरिया लदा ट्रैक्टर, अनियंत्रित होकर पलटा, दो मजदूर की मौत, मातम



रोते-बिलखते परिजन एवं शव को देखने जुटा लोगों की भीड़

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** जिले के सरैयाहाट थाना क्षेत्र के चंपागढ़ में शुक्रवार को सरिया(छड़) लेकर जा रहे ट्रैक्टर के अनियंत्रित होकर पलट जाने से दो मजदूरों की मौके पर मौत हो गई। मृतक मजदूरों की पहचान जीतलाल टुडू (16) पिता पटवारी टुडू ग्राम गादीझोपा थाना सरैयाहाट और महेश हांसदा (22) पिता देवराम हांसदा ग्राम पचरुखी, थाना जयपुर जिला बांका बिहार के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। घटना के विषय में मिली जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर गादीझोपा निवासी धीरू चौधरी (हीरा चौधरी) के दुकान से सरिया(छड़) लेकर चंपागढ़ के रास्ते सरैयाहाट जा रहा था। इसी दौरान अचानक चंपागढ़ के समीप ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में जाकर पलट गया। ट्रैक्टर के अचानक पलटने की वजह से दोनों मजदूर दब गए। हो हल्ला होने पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंच कर दोनों को बाहर निकाला लेकिन तबतक दबने की वजह से दोनों ने दम तोड़ दिया था। घटना की जानकारी मिलते ही सरैयाहाट थाना प्रभारी ताराचंद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

**प्रतिबंधित कफ सिरप और अल्प्राजोलम टेबलेट बेचने वाले, दो मेडिकल संचालक गए जेल**

# नशा के खिलाफ प्रशासन ने की सख्त कार्रवाई



जांच करते अधिकारी एवं हिरासत में डाक्टर

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** नशा के खिलाफ दुमका जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित कफ सिरफ और टैबलेट बेचने वाले कई मेडिकल हॉल में छापेमारी करते हुए हुए भारी मात्रा में प्रतिबंधित दवा जप्त करते हुए दो को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा है। गिरफ्तार मेडिकल संचालक सना मेडिकल के मो रिजाउल अली एवं संध्या मेडिकल के सुप्रियानाथ मजूमदार को जेल भेजी है। पुलिस एनडीपीएस एक्ट 8 सी एवं 21 सी के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा है। गौरतलब हो कि बीते गुरूवार की देर शाम गुप्त सूचना के आधार पर एसडीओ कौशल कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने शहर के दुधानी चौक के समीप तीन मेडिकल हॉल में औचक छापेमारी की। छापेमारी ज्योति मेडिकल हॉल, संध्या मेडिकल हॉल और सना मेडिकल हॉल में हुई। तीनों मेडिकल हॉल से काफी मात्रा में प्रतिबंधित कफ सिरप और टैबलेट बरामद किया गया। टीम द्वारा प्रतिबंधित कफ सिरप और टैबलेट जप्त करने के बाद तीनों मेडिकल हॉल को सील कर दिया। इसके बाद

### 3 मेडिकल हॉल से काफी मात्रा में प्रतिबंधित दवा बरामद

निशा मेडिकल में प्रतिबंधित अवैध दवा तो नहीं मिला। लेकिन मेडिकल हॉल परिसर में अवैध तरीके से क्लीनिक का संचालन किया जा रहा था। एसडीओ कौशल कुमार ने सिविल सर्जन डॉ बच्चा प्रसाद को मौके पर बुलाकर मामले की जांच करने को कहा। मौके पर पहुंचे सिविल ने कहा कि बगैर निबंधन के क्लीनिक का संचालन अवैध है।

उन्होंने कहा कि पूर्व में भी इसकी जानकारी मिली थी लेकिन जब उस वक्त क्लीनिक के संचालक डॉक्टर एम हक से पूछा गया तो उन्होंने कहा की आरएमपी का सर्टिफिकेट है और उसके अनुरूप मलहम पट्टी लगाने का ही काम करते हैं। लेकिन आज यहां पहुंचने पर नजारा कुछ और ही देखने को मिला। यहां नहीं केवल क्लिनिक बल्कि परिसर में जांच घर का भी संचालन किया जा रहा है। उन्होंने इस मामले में क्लीनिक संचालक पर प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया। क्लीनिक संचालक डॉक्टर एम हक को हिरासत में लिया गया। हलांकि थाना से बॉड लिखवा डॉक्टर को छोड़ दिया गया है। जिला प्रशासन की इस कार्रवाई से नशा के अवैध कारोबार करने वालों में हड़कंप मच गया है।

**डीआई द्वारा सीआरएम, एचआरसीएफ एवं बीजीएच में**

# सुरक्षा पहलुओं का निरिक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने संयंत्र के पूरे सीआरएम काम्प्लेक्स तथा एचआरसीएफ विभाग में ईडी संकार्य सीआर महापात्रा कार्यकारी सीजीएम सुरक्षा आनंद रौतेला सीजीएम तकनीकी लक्ष्मी दास सीआरएम-थ्री के सीजीएम अरुण कुमार सीआरएम-वन व टू के विभागाध्यक्ष विश्वजीत मिश्रा एवं जीएम तथा एचआरसीएफ विभाग के विभागाध्यक्ष सहित सम्बंधित विभाग के वरीय अधिकारियों के साथ सेफ्टी वॉक कर सुरक्षा पहलुओं का जायजा लिया। निदेशक प्रभारी श्री तिवारी ने सेफ्टी वॉक के दौरान सम्बंधित विभाग के अधिशासियों तथा कर्मियों से सुरक्षा पहलुओं पर चर्चा की और पीपीई के इस्तेमाल और सुरक्षा नियमों के अनुपालन का निर्देश दिया। निदेशक प्रभारी ने शॉप फ्लोर में बेहतर हाउस कीपिंग पर भी बल दिया तथा सुरक्षा पहलुओं को और पुख्ता बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निदेशक प्रभारी श्री तिवारी ने सीएमओ इंचार्ज डॉ बीबी करुणामय तथा सीजीएम लक्ष्मी दास के साथ बीजीएच के औचक निरीक्षण के क्रम में अस्पताल के विभिन्न वार्ड में इलाजरत कुछ मरीजों से मुलाकात की और इलाज के सम्बन्ध में चिकित्सकों से जानकारी प्राप्त की। निदेशक प्रभारी ने अस्पताल में हाउस कीपिंग साफ-सफाई और अन्य सुविधाओं में लगातार बेहतरी से संबंधित दिशा-निर्देश भी चिकित्सकों को दिए।

## पेज एक का शेष

### बारिश, ओला तूफान...

**सर्वाधिक बारिश हजारीबाग में :** रांची के मौसम केंद्र के मुताबिक पिछले 24 घंटों में सबसे अधिक 14.5 एमएम बाारिश हजारीबाग में हुई। वहीं सर्वाधिक तापमान सिमडेगा में 34.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम केंद्र ने पहले ही इसे ले कर अलर्ट जारी किया था। शनिवार कों भी राज्य के दक्षिणी, मध्य और उत्तर पूर्वी भाग में मेघगर्जन और तेज हवा के झोंके (40-50 किलोमीटर प्रति घंटे) चलेंगे। इस दौरान वज्रपात की भी संभावना है। मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

**एक्शन में मंत्री, क्षति की रिपोर्ट मांगी :** किसानों को हुई क्षति का आकलन कर कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने अधिकारियों से तीन दिनों के अंदर रिपोर्ट मांगी है। राज्य के आपदा प्रबंधन मंत्री इरफान अंसारी ने वज्रपात और ओलावृष्टि से फसल को हुए नुकसान का बहुत जल्द मुआवजा भुगतान का आश्वासन दिया है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने फसल नुकसान का मुआवजा राशि भुगतान को लेकर राज्य के आपदा प्रबंधन मंत्री इरफान अंसारी से वार्ता की। उन्होंने कहा कि पिछले 24 घंटे से हो रही बारिश और ओलावृष्टि में खेत में लगी फसल को भारी नुकसान की शिकायत लगातार मिल रही है। रिपोर्ट के आधार पर किसानों को उनके फसल नुकसान का मुआवजा राशि भुगतान की प्रक्रिया को तेज करने का निर्देश दिया गया है। आपदा प्रबंधन मंत्री इरफान अंसारी ने आश्वस्त किया है कि बारिश और ओलावृष्टि से किसानों के फसल नुकसान का सरकार बहुत जल्द उचित मुआवजा भुगतान करेगी

**लोहरदगा में ठनका से एक की मौत :** लोहरदगा में वज्रपात की चपेट में आने से एक ग्रामीण की मौत हो गयी, जबकि तीन अन्य ग्रामीण गंभीर रूप से झुलस गये हैं। जिला के कुडू थाना क्षेत्र के जामड़ी तालाब के समीप वज्रपात की चपेट में आने से तुलू उरांव नामक व्यक्ति की मौत हो गयी। तीन अन्य झुलसे ग्रामीणों का इलाज चल रहा है। जामड़ी गांव निवासी तुलु उरांव कुडू साप्ताहिक बाजार में होटल बंद कर साइकिल से अपने घर जामड़ी जा रहेथे। इसी बीच वज्रपात हो की चपेट में आ गये।

### जीवन शैली बदलें...

इसके अलावा खानपान में हेल्दी डाइट्स लेना और शारीरिक गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करना भी जरूरी है। लापरवाही बरतने से इन बीमारियों के इलाज में भारी खर्च हो सकता है और पूर्ण स्वस्थ होने की कोई गारंटी भी नहीं है।

**पूरे राज्य का हेल्थ रिपोर्ट कार्ड :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज कई तरह की बीमारियां तेजी से फैल रही हैं। इसका सही आंकलन आवश्यक है। इसके लिए राज्य स्तर पर हेल्थ रिपोर्ट कार्ड तैयार करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है, ताकि बीमारियों का प्रॉपर ट्रीटमेंट संभव हो सके। उन्होंने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर और आधुनिक बनाने के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है। बीमारी की पहचान और इलाज की बेहतर व्यवस्था मिले सरकार इसके लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि राज्य के कई हिस्सों में विशेष प्रकार की बीमारियां ज्यादा देखने को मिलती हैं। सिमडेगा जैसे जिलों में सिकल सेल और एनीमिया जैसी बीमारियां आम हैं। साहिबगंज और संथाल के क्षेत्रों में कालाजार का प्रभाव अधिक है। ऐसे में क्षेत्र विशेष में व्याप्त बीमारियों का चिन्हीकरण करके उनके इलाज की व्यवस्था की जा रही है।

**यूनिसेफ जैसी संस्थाओं की सराहना :** सीएम ने कहा कि झारखंड के दूर-दराज इलाकों के गरीब और ग्रामीण लोगों तक स्वास्थ्य सुविधायें पहुंचाने में यूनिसेफ जैसी संस्थाओं की अहम भूमिका रही है। राज्य सरकार अन्य संस्थाओं के साथ मिलकर हर व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने के लिए संकल्पित है। इसमें स्वयंसेवी संस्थाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। उन्होंने कहा कि सरकार कई रोगों के उन्मूलन के लिए निरंतर काम कर रही है और इसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे हैं। इस अवसर पर मंत्री योगेंद्र प्रसाद, सुदिव्य सोनू, विधायक कल्पना सोरेन, आस्था अलंग, डॉ कनीनिया मित्रो आदि उपस्थित थे।

### ओडीएफ का टारगेट ...

शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में शौचालय निर्माण की धीमी गति, फंडिंग की कमी और जनजागरूकता की की कमी इसके प्रमुख कारण हैं। कई जिलों में शौचालय तो बनाये गये हैं, लेकिन वे उपयोग में नहीं आ रहे हैं या अधूरे पड़े हैं। इसके अलावा, ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की सोच में बदलाव लाना भी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। स्टेट को-ऑर्डिनेटर ने कहा कि सबसे बड़ी बात कि झारखंड के सभी जिलों में ओडीएफ निर्माण की धीमी गति चिंता का विषय है।

वहीं विपक्ष ने भी स्वच्छता अभियान की धीमी प्रगति को लेकर सरकार पर निशाना साधा है। उनका कहना है कि सरकार केवल आंकड़ों की बाजीगरी कर रही है, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और ही है। यदि जल्द ही इस दिशा में प्रभावी कदम नहीं उठाए गये, तो ओडीएफ लक्ष्य को प्राप्त करना मुश्किल हो जायेगा। सरकार को चाहिए कि वह जागरूकता अभियानों को तेज करे, फंडिंग में पारदर्शिता लाए और स्थानीय निकायों को सशक्त बनाए ताकि झारखंड को जल्द से जल्द खुले में शौच मुक्त बनाया जा सके।

# डीसी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर मांगा सुझाव



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में डीईओ सह उपायुक्त विजया जाधव ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। मौके पर डीआरडीए निदेशक मेनका निवार्ची पदाधिकारी सह एडीसी मुमताज अंसारी डीडीईओ प्रेमचंद सिन्हा डीएसओ शालिनी खलखो डीपीआरओ रवि कुमार एपीआरओ अविनाश कुमार सिंह समेत विभिन्न पार्टियों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे। डीईओ सह डीसी ने राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों को बताया कि ज्ञानेश कुमार को भारत का मुख्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया गया है। उन्होंने निर्वाचन कार्य को सशक्त बनाने से संबंधित 33 स्टेकहोल्डर को चिन्हित किये हैं जिन्हें और सक्षम बनाना चाहते हैं। साथ ही सभी स्टेकहोल्डर के सुझाव एवं शिकायत प्राप्त करके संवैधानिक फ्रेमवर्क के अन्तर्गत कार्य करते हुए उसका समाधान करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में आज राजनीतिक पार्टियों के अध्यक्ष/सचिव के साथ बैठक की जा रही है। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के सभी प्रकार के हैंडबुक व मैनुएल्स आयोग के वेबसाइट पर उपलब्ध है। उन्होंने प्रतिनिधियों को बताया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने त्रुटि को दूर करने नाम को स्थानांतरित करने आदि एक सतत प्रक्रिया है जो निरंतर जारी है। इसके अन्तर्गत 01 जनवरी, 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर को अहर्ता तिथि मानते हुए मतदाता सूची में मतदाताओं का नाम जोड़ने- हटाने एवं शुद्धिकरण का कार्य किया जा रहा है। इसका व्यापक प्रचार अपने स्तर से भी करने की बात कहीं।

# डीपीएस बोकारो के 7वीं के छात्र श्रेष्टा ने बनाई अत्याधुनिक जल मानचित्रण व निगरानी प्रणाली

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** पानी की बबार्दी को रोकने और लोगों को पानी का महत्व समझाने के ध्येय से पूरी दुनिया 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाती है। लेकिन आज भी पानी का अंधाधुंध दोहन, इसकी बबार्दी चिंता का विषय बनी है। इसके पीछे कहीं न कहीं जल संसाधनों का समुचित प्रबंधन न हो पाना बड़ा कारण है। झारखंड जैसे राज्यों में जलापूर्ति नेटवर्क के प्रबंधन में कई चुनौतियां हैं। इन्हीं चुनौतियों से निपटने के लिए डीपीएस बोकारो की 7 वीं कक्षा में पढ़ने वाले एक श्रेष्टा चतुवेर्दी ने एक ऐसी तकनीक ईजाद की है जिसे अगर सही तरीके से व्यापक स्तर पर क्रियान्वित किया जाए तो पानी की समस्या पर काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सकता है। सैटेलाइट टेक्नोलॉजी पर आधारित जियोग्राफिक इनफार्मेशन सिस्टम और रीयल-टाइम डेटा एकीकरण जैसी आधुनिक तकनीकों के जरिए न केवल जल-स्त्रोतों का समुचित प्रबंधन हो सकेगा बल्कि पानी के प्रदूषण और जल-संकट जैसी समस्याओं के समाधान में भी सहायता होगी। इससे समुचित जल वितरण प्रणाली पानी की कम बबार्दी जल गुणवत्ता की बेहतर निगरानी तथा अधिक सशक्त जल आपदा प्रबंधन को सुनिश्चित किया जा सकता है। इस प्रणाली का आविष्कार करने के लिए श्रेष्टा का चयन भारत सरकार की महत्वाकांक्षी इंस्पायर मानक अवार्ड योजना के लिए किया गया है। उसे सरकार की ओर से 10 हजार रुपए की राशि भी प्रोजेक्ट को प्राथमिक स्तर पर तैयार करने के लिए सहायतार्थ प्रदान की गई है।

**ऐसे काम करती है प्रणाली :** यह प्रणाली जियो स्पेशल डेटा रीयल-टाइम निगरानी और मोबाइल एक्सेसिबिलिटी को एकीकृत करके जल प्रबंधन की दक्षता बढ़ाती है। इसके मुख्य घटकों के अंतर्गत वेब प्लेटफॉर्म पर ब्राउजर आधारित इंटरफेस डेटा विश्लेषण, मानचित्रण और प्रबंधन की सुविधा देता है। आईओटी सेंसर लगातार जल प्रवाह की गति, दबाव में बदलाव, रिसाव और जल की गुणवत्ता की निगरानी करते हैं तथा जल निकायों में तापमान, पीएच, गंदलेपन और प्रवाह दर जैसे पैरामीटरों की जानकारी देता है जबकि जीआईएस जल संसाधनों का विस्तृत मानचित्रण और विश्लेषण करता है।

**विश्व जल दिवस पर विशेष**





**पर्यावरण-हित में महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट : प्राचार्य डॉ. गंगवार**

अपने विद्यालय के मेधावी छात्र श्रेष्टा की ओर से तैयार की गई अत्याधुनिक जल मानचित्रण व निगरानी प्रणाली को डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने पर्यावरण-संरक्षण की दिशा में काफी महत्वपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि पानी की बबार्दी रोकने, दुरुस्त जलापूर्ति और जल-निकासी व्यवस्था तथा जल संबंधी आपदाओं की पूर्व सूचना सुनिश्चित करने जैसी खासियतें इस प्रोजेक्ट को अत्यधिक प्रासंगिक और महत्वपूर्ण बनाती हैं। इंस्पायर मानक अवार्ड के लिए चुने जाने पर उसे बधाई देते हुए प्राचार्य ने आगे के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं।

# जिसने राम पर लिखा, वह महान हुआ : योगी

## यूपी के सीएम बोले, राम मंदिर के लिए छोड़ भी सकते हैं सत्ता

एजेंसी

**अयोध्या ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को राष्ट्रीय एकता के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि भारत तभी विकसित हो सकता है जब उसके लोग एकजुट हों। उन्होंने कहा कि अगर भारत एकजुट रहेगा तो दुनिया की कोई भी ताकत भारत को विकसित राष्ट्र बनने से नहीं रोक सकती। श्री अयोध्या धाम में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम-युवा) के अंतर्गत अयोध्या मण्डल के उद्यमियों को ऋण वितरण हेतु आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए योगी ने कहा कि जिसने राम पर लिखा, वह महान हुआ। योगी ने कहा कि अयोध्या में सूर्यवंश की परंपरा में एक अवतार के रूप में मानवीय मर्यादा और आदर्श के सर्वोत्तम स्वरूप प्रभु श्री राम हैं जिनकी पावन धरा पर आयोजित यह सम्मेलन अद्‌भुत हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं अद्‌भुत इसलिए कहूंगा कि इतने वर्षों तक अयोध्या मौन रही, जबकि यह सत्य है कि जिसने राम पर लिखा वह महान हुआ। उन्होंने कहा कि महर्षि नारद ने महर्षि वाल्मीकि को प्रेरणा दी कि इस धरती पर लिखने के लिए कोई महामानव है तो वह केवल राम हैं, राम पर लिखोगे तो लेखनी धन्य हो जाएगी। योगी ने साफ तौर पर कहा कि श्री राम मंदिर के लिए सत्ता भी गंवानी पड़ेगी तो कोई समस्या नहीं। उन्होंने कहा कि हम सत्ता के लिए नहीं आए हैं। 3 पीढ़ियां राम मंदिर आंदोलन के लिए समर्पित रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यावहारिक संस्कृति पर दुनिया का पहला महाकाव्य रामायण बना जो साहित्य का आधारभूमि है तथा आप वैदिक संस्कृति से व्यावहारिक संस्कृति में आ गये। उन्होंने कहा व्यावहारिक संस्कृति से कैसे अपनी लेखनी को धन्य करना है, यह सीखना है तो महर्षि वाल्मीकि के शरण में जाएं, जिन्होंने राम को आधार बनाकर महाकाव्य की रचना कर डाली, उससे पहले उस प्रकार का महाकाव्य किसी ने नहीं रचा। योगी का कहना था कि मर्यादा पुरुषोत्तम राम उसकी आत्मा बने, अयोध्या उसका आधार बनी तो साहित्य की एक नयी विधा का सृजन हो गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा उद्यमियों को आगे बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान एक बेहतरीन स्कीम है। उन्होंने कहा कि आस्था भी आजीविका का माध्यम बन सकती है, संस्कृति का पर्व भी रोजगार का पर्व बन सकता है, संस्कृति भी समृद्धि का आधार बन सकती है। उन्होंने कहा कि यह वही उत्तर प्रदेश है, जहां उपद्रव होते थे, आज उस प्रदेश में उपद्रव नहीं, उत्सव मनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विगत 8 वर्षों में वे सभी बैरियर हटाए गए हैं, जो उत्तर प्रदेश के विकास में बाधक थे।

▸▸ **देश एकजुट रहेगा तो दुनिया की कोई भी ताकत भारत को विकसित राष्ट्र बनने से नहीं रोक सकता**



अयोध्या में रामनवमी की तैयारी की समीक्षा करते सीएम योगी।

# अगले वर्ष नक्सलवाद जड़ से होगा समाप्त

## 2014 से पहले की कई समस्याएं विरासत में मिली : शाह

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को बीजेपी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए उठाए गए कदमों की रूपरेखा पेश करते हुए कहा कि 31 मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद खत्म कर दिया जाएगा। मोदी सरकार ने शांति और सुरक्षा की नींव पर जम्मू कश्मीर में विकास और लोकतंत्र का नया युग शुरू किया है। राज्यसभा में अपने मंत्रालय के कामकाज पर हुई बहस में अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद, नक्सली चुनौती, नशाखोरी और उत्तर-पूर्व की समस्याओं से निपटने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के कार्यकाल में देश नक्सल समस्या से मुक्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं इस सदन में पूरी जिम्मेदारी के साथ कहता हूं कि 31 मार्च तक इस देश से नक्सलवाद खत्म कर दिया जाएगा। शाह ने नक्सलियों से निपटने वाले सुरक्षा बलों को सटीक खुफिया जानकारी देने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों पर बात की और कहा कि उन्हें उन लोगों पर दया आती है जो नक्सलवाद को केवल एक राजनीतिक समस्या मानते हैं। उन्होंने कहा कि जब 2014 में नरेंद्र मोदी सरकार सत्ता में आई, तो हमें 2014 से पहले की कई समस्याएं विरासत में मिलीं। इस देश की सुरक्षा और विकास हमेशा तीन मुख्य मुद्दों के कारण चुनौती में रहे। इन तीन मुद्दों ने देश की शांति में बाधा डाली, देश की सुरक्षा पर सवाल उठाए और लगभग चार दशकों तक देश की विकास गति को बाधित किया। कई बार तो इनकी वजह से देश की पूरी प्रणाली भी मजाक का विषय बन गई। उन्होंने कहा कि ये तीन मुद्दे थे– जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद, वामपंथी उग्रवाद जिसने तिरुपति से पशुपतिनाथ तक का सपना देखा, और उत्तर-पूर्वी उग्रवाद। अगर आप इन तीनों मुद्दों को मिलाकर देखें, तो चार दशकों में इस देश के लगभग 92,000 नागरिकों की जान चली गई। इन तीनों समस्याओं के समाधान के लिए पहले कभी कोई सुव्यवस्थित प्रयास नहीं किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्ता में आने के बाद उन प्रयासों को शुरू किया। शाह ने कहा कि उनके मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा के दौरान 21 सदस्यों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि एक तरह से, गृह मंत्रालय के कई कार्यों के विभिन्न पहलुओं को कवर करने का प्रयास किया गया। सबसे पहले, मैं उन हजारों राज्य पुलिस और केंद्रीय अर्धसैनिक बल के जवानों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं जिन्होंने देश की आंतरिक सुरक्षा और सीमाओं को मजबूत करने के लिए सबसे बड़ा बलिदान दिया। अमित शाह ने कहा कि कई अपराधों के बहु-राज्यीय आयाम होते हैं, जैसे नशीली दवाओं की तस्करी और साइबर अपराध। उन्होंने कहा कि एक तरह से, गृह मंत्रालय बहुत कठिन परिस्थितियों में काम करता है। संविधान ने कानून और व्यवस्था की जिम्मेदारी राज्यों को दी है।

▸▸ **मोदी सरकार ने जम्मू कश्मीर में विकास और लोकतंत्र का नया युग शुरू किया**



### घोटालों से ध्यान भटकाने के लिए द्रमुक कर रही है भाषा की राजनीति

गृह मंत्री ने तमिलनाडु पर हिन्दी भाषा थोपने के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि उनकी सरकार देश की हर भाषा के प्रचार प्रसार की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार भाषा के नाम पर जहर घोलने तथा भाषा की आड़ में घोटाले और भ्रष्टाचार का पर्दाफाश करने के लिए तमिल भाषा में संवाद करेगी। उन्होंने कहा कि वह स्वयं दिसम्बर से तमिलनाडु सरकार के साथ तमिल भाषा में ही संवाद करेंगे।



राष्ट्रगान के अपमान को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ प्रदर्शन करतीं पूर्व सीएम राबड़ी देवी।

# राष्ट्रगान के अपमान पर बिहार विधानमंडल में विपक्ष का हंगामा

## सदन में माफी मांगे नीतीश : राबड़ी देवी

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना ।** बिहार में मुख्यमंत्री द्वारा राष्ट्रगान के कथित अपमान को लेकर बवाल मचा है। सड़क से लेकर सदन तक विपक्षी नेताओं ने इसे मुद्दा बनाते हुए सीएम से माफी मांगने को कहा। इसे लेकर बिहार विधान सभा के दोनों सदनों में जमकर विपक्ष द्वारा प्रदर्शन किया गया। विपक्ष के प्रदर्शन को देखते हुए दोनों सदनों को दो बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर कहा कि उन्होंने कल खेल मैदान में राष्ट्रगान के समय जो हरकत की है, उससे देश का अपमान हुआ है। इस पर सरकार को जवाब देना चाहिए। विधान परिषद में पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने भी इसे लेकर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि गुरुवार को मुख्यमंत्री का राष्ट्रगान के समय एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें मुख्यमंत्री जिस तरह से हाथों को हिला रहे हैं, यह राष्ट्रगान का अपमान है। राबड़ी देवी ने कहा कि सरकार को सदन में और देश के लोगों से माफी मांगनी चाहिए। उन्हें मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रगान का अपमान पूरे देश का अपमान है। आज पूरी दुनिया देख रही है कि नीतीश कुमार ने कैसे राष्ट्रगान का अपमान किया है। राबड़ी देवी ने प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर कई सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सदन के अंदर विपक्ष को सत्ता पक्ष के लोग बोलने नहीं देते हैं।

## टेस्ला कार में तोड़फोड़ करने वालों लोगों को मिलेगी सख्त सजा : ट्रंप



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि टेस्ला की कारों में तोड़फोड़ करने वाले लोगों को बीस साल तक की जेल हो सकती है। उन्होंने ट्रुथ सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में यह एलान किया। ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में ट्रंप ने लिखा, टेस्ला की कारों में तोड़फोड़ करने वाले लोगों को बीस साल तक की जेल हो सकती है और इसमें फंड देने वाले भी शामिल हैं। यह चेतावनी उन लोगों के लिए भी है जो इस तरह की तोड़फोड़ को बढ़ावा देते हैं। एलन मस्क का कहना है कि इस तरह की हरकतें आतंकवाद जैसी हैं और इन्हें गंभीरता से लेना चाहिए।




### नीतीश कुमार आज बिहार दिवस महोत्सव का करेंगे उद्‌घाटन

**पटना । बिहार दिवस को लेकर राजधानी का ऐतिहासिक गांधी मैदान पूरी तरह सजकर तैयार है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शनिवार को 22 से 26 मार्च तक चलने वाले कार्यक्रम का उद्‌घाटन करेंगे। इसकी थीम है- उन्नत बिहार-विकसित बिहार। बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने के लिए महाबोधि मंदिर, नालंदा विश्वविद्यालय, विश्व शांति स्तूप, तख्त श्रीहरिमंदिर पटना साहिब जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों की थ्री-डी प्रतिकृतियां बनाई जाएंगी।**

## बिहार के गांव की सड़कें जून तक गड्ढामुक्त होगा : चौधरी

**पटना।** बिहार विधानसभामें शुक्रवार को राष्ट्रगान को लेकर उत्पन्न गतिरोध, विपक्षी सदस्यों के आसन के सामने शोरशराबे के बीच ग्रामीण कार्य विभाग समेत 11 विभागों का बजट पारित हो गया। सदन को यह भी बताया गया कि 2025-26 में मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना के तहत 6 हजार करोड़ की लागत से 2500 बसावटों में तक कुल 5400 किलोमीटर रोड बनाने की तैयारी है। इससे पहले, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी ने सदन को बताया कि बिहार में 2005 के पूर्व ग्रामीण संपर्कता की स्थिति अत्यंत भयावह थी। तत्कालीन सरकार ने कोई काम नहीं किया था। इस कारण ही बिहार आर्थिक पिछड़ेपन का शिकार हुआ।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 में जहां आठ हजार किलोमीटर (किमी) ग्रामीण सड़कें थी, वर्तमान में एक लाख 17 हजार 913 किमी हो गई है।

# शेयर बाजार ने लगाया तेजी का पंच

## लगातार पांचवें दिन तेजी, सेंसेक्स 557 और निफ्टी 165 अंक चढ़ा

एजेंसी

**मुंबई।** विश्व बाजार में भारी गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर चौतरफा लिवाली की बदौलत शुक्रवार को शेयर बाजार में लगातार पांचवें दिन तेजी रही। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 557.45 अंक अर्थात 0.73 प्रतिशत की छलांग लगाकर 76,905.51 अंक पर पहुंच गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 159.75 अंक यानी 0.69 प्रतिशत की तेजी के साथ 23,350.40 अंक पर बंद हुआ। दिग्गज कंपनियों के मुकाबले बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली की रफ्तार अधिक रही। इससे मिडकैप 1.14 प्रतिशत मजबूत होकर 41,831.57 अंक और स्मॉलकैप 2.05 प्रतिशत उछलकर 47,296.81 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4162 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2823 में तेजी जबकि 1213 में गिरावट रही वहीं 126 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 38 कंपनियां हरे जबकि 12 लाल निशान पर रहीं।



बीएसई में धातु और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स की 0.79 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर अन्य 19 में तेजी का रुख रहा। इस दौरान कमोडिटीज 0.50, सीडी 0.66, ऊर्जा 1.86, एफएमसीजी 0.50, वित्तीय सेवाएं 1.26, हेल्थकेयर 1.56, इंडस्ट्रियल्स 1.30, आईटी 0.16, दूरसंचार 1.91, यूटिलिटीज 2.11, ऑटो 0.55, बैंकिंग 1.16, कैपिटल गुड्स 1.00, तेल एवं गैस 2.25, पावर 1.07, रियल्टी 0.95, टेक 0.41, सर्विसेज 1.26 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.05 प्रतिशत उछल गए।

बजाज फिनसर्व, टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा स्टील और इंफोसिस की 1.34 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर सेंसेक्स अन्य कंपनियों में तेजी रही।

### ये हैं टॉप गेनर्स

इस दौरान मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में एनटीपीसी 2.78, बजाज फाइनेंस 2.75, कोटक बैंक 2.41, एक्सिस बैंक 2.13, एलटी 2.03, नेस्ले इंडिया 2.03, सन फार्मा 1.93, टाटा मोटर्स 1.84, आईसीआईसीआई बैंक 1.52, पावरग्रिड 1.41, जोमैटो 1.36, भारती एयरटेल 1.25, अडानी पोर्ट्स 0.98 प्रतिशत शामिल रही।

इनके अलावा रिलायंस 0.62, एशियन पेंट 0.58, आईटीसी 0.52, एसबीआई 0.51, टीसीएस 0.47, एचसीएल टेक 0.44, अल्ट्रासिम्को 0.42, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.34, इंडसइंड बैंक 0.29, एचडीएफसी बैंक 0.14, टेक महिंद्रा 0.06 और मारुति के शेयर 0.03 प्रतिशत लाभ में रहे।

## पटना के हर पार्क में बनेगा गौरेया कुटीर

**पटना।** शहर के सभी पार्क में गौरेया संरक्षित क्षेत्र गौरैया कुटीर का निर्माण किया जाएगा। गौरैया कुटीर का नाम गंगा कुटीर प्रस्तावित किया गया है। इसकी शुरूआत पटना के एस के पुरी पार्क से होगी। इस कुटीर का निर्माण वन एवं पर्यावरण विभाग की तरफ से कराया जाएगा। गौरेया को संरक्षित करने के लिए यह व्यापक पहल विभाग के स्तर से शुरू की गई है। विभाग के पटना प्रमंडलीय वन संरक्षक सत्यजीत कुमार ने इस योजना की घोषणा करते हुए पूरी जानकारी दी है। पटना प्रमंडलीय वन संरक्षक सत्यजीत कुमार ने कहा कि गौरेया संरक्षण पर वन विभाग जल्द ही एक्शन प्लान जारी कर रहा है, जिसे गौरैयाविद् संजय कुमार ने तैयार किया है। इस छोटी पक्षी के संरक्षण को लेकर और भी कई प्रयास किए जा रहे हैं। सत्यजीत कुमार ने बताया कि हमारी गौरैया और पर्यावरण वॉरियर्स (संरक्षक) की टीम लगातार अपने प्रयासों से गौरैया की वापसी करने में लगी हुई है। शहर के हर पार्क में मिट्टी के छोटे- छोटे घर बनाए जाएंगे।

# स्पीड न्यूज

## ‘टॉक्सिक’ के लिए कियारा आडवाणी को मिला 15 करोड़



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी ने खुद को भारतीय फिल्म इंडस्ट्री की सबसे ज्यादा मांग वाली अभिनेत्रियों में शामिल कर लिया है। कियारा अपनी आने वाली फिल्म टॉक्सिक के साथ, भारतीय सिनेमा की सबसे अधिक फीस लेने वाली अभिनेत्री बन गई हैं। कहा जा रहा है कि उन्हें इस फिल्म के लिए 15 करोड़ की फीस मिली है। यह उनकी करियर की एक बड़ी उपलब्धि है, जो न सिर्फ उनकी बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाती है, बल्कि उन्हें देश के टॉप-एक्टर्स की एलीट लीग में भी शामिल कर देती है। अब वह 15 करोड़ की फीस के साथ सबसे अधिक भुगतान पाने वाली अभिनेत्री बन गई हैं, जिससे वह प्रियंका चोपड़ा और दीपिका पादुकोण जैसी सुपरस्टार्स की बराबरी कर रही हैं।

## पाकिस्तान में 10 आतंकी मारे गये

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पश्चिमोत्तर प्रांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के डेरा इस्माइल खान जिले में गुरुवार की रात सेना की कार्रवाई में कम से कम 10 आतंकवादी मारे गये । आईएसपीआर के अनुसार क्षेत्र में आतंकवादियों के समूह की मौजूदगी की खुफिया सूचना के आधार पर सेना ने अभियान शुरू किया था। इसी दौरान सुरक्षा बलों ने ठिकाने को घेर लिया और आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में 10 आतंकवादी मारे गये।

## मणिपुर में हथियार और विस्फोटक जब्त

**इंफाल।** मणिपुर के विभिन्न जिलों के संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बलों ने व्यापक अभियान चला कर बड़ी संख्या में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, लमसांग थाना क्षेत्रके अपुनलोक कैनाल (कांगचुप और सिंगदा कडंगबंद के बीच) में तलाशी के दौरान एक एसएलआर रायफल, एक पिस्तौल, 10 कारतूस, दो एचई ग्रेनेड , दो मिलिट्री हेलमेट और दो बुलेटप्रूफ जैकेट बरामद किए।

## प्रवेश वर्मा ने इंजीनियर को किया निलंबित

**नयी दिल्ली ।** दिल्ली के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश वर्मा ने शुक्रवार को पटपड़गंज विधानसभा क्षेत्र में दौरे के दौरान कामों में खामियां दिखने पर कार्यकारी अभियंता (एक्सईएन) को निलंबित करने का आदेश दिया। श्री वर्मा ने पटपड़गंज विधानसभा क्षेत्र में नालों और विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें कई खामियां दिखीं, जिन पर उन्होंने सख्त नाराजगी जताई और उन्होंने यहां के कार्यकारी अभियंता को निलंबित करने का आदेश दिया।

## पटना में कुख्यात अपराधी सोनु कुमार गिरफ्तार

**पटना।** कुख्यात अपराधी सोनु कुमार को पुलिस ने मनेर थानाक्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। एसपी (पश्चिम), पटना शरत आर. एस ने शुक्रवार को बताया कि गुरूवार की देर रात सूचना मिली थी कि कुख्यात अपराधी सोनु कुमार मनेर के सोनमरवा में अपने कुछ साथियों के साथ आया हुआ है। इस सूचना के आधार पर एक विशेष टीम का गठन किया गया और उक्त ठिकाने पर छापेमारी की गयी। पुलिस को देखते हीं अपराधियों ने पुलिस पर फायरिंग की। पुलिस ने आत्मरक्षार्थ फायरिंग की। गोली लगने से सोनु कुमार घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

